धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, बुधवार
05.02.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 205



12 'हेरी फेरी-3' कास्ट मेरे बिना रहेगी अधूरी : तब्बू

## न्यूज डायरी

### पीएम मोदी आज संगम में लगायेंगे डुबकी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी पांच फरवरी को प्रयागराज जायेंगे और पूर्वाह्न करीब 11 बजे वह संगम में पवित्र स्नान करेंगे। पवित्र स्नान कर मां गंगा की पूजा-अर्चना करेंगे। महाकुंभ मेला का भ्रमण पौष पूर्णिमा 13 जनवरी से चल रहा महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम हैष इसमें दुनिया भर से श्रद्धालु आते हैं।

### दो ट्रकों की टक्कर में दो की मौत, दो गंभीर

**चंदवा।** एनएच 75 (अब 39) रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बेकाबू रफ्तार का कहर फिर से देखने को मिला, जहां मंगलवार की अहले सुबह लगभग पांच बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत लाधुप-सेन्हा कांति झरना तोरणद्वार के समीप दो ट्रक के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिसमें एक ट्रक के चालक और दूसरे ट्रक के उपचालक की मौत हो गई। जबकि एक ट्रक के चालक व दूसरा ट्रक के खलासी गंभीर रूप से घायल है।

### एडवोकेट एसोसिएशन चुनाव की मतगणना आज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन चुनाव की दोबारा मतगणना बुधवार को होगी। निवार्ची पदाधिकारी मृणाल कांति राय ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने पर्यवेक्षक और निवार्ची पदाधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर कहा है कि एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हुई है। इसलिए दोबारा मतगणना होगी। सात पदाधिकारी सहित नौ कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 23 जनवरी को मतदान हुआ था।

### दिल्ली विधानसभा का चुनाव आज, सुरक्षा कड़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर 5 फरवरी को मतदान होगा। दिल्ली पुलिस मतदान से पहले ही कड़ी सतर्कता बरत रही है और पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ा दी है। दक्षिण जिला पुलिस ने देर रात गश्त की, जिसका नेतृत्व डीसीपी अंकित चौहान ने किया। यह गश्त चुनाव के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि सुरक्षाबलों की 15 कंपनियां तैनात हैं।

### पाकुड़ : सड़क हादसा में तीन लोगों की मौत

**पाकुड़।** महेशपुर प्रखंड के चंद्रपुरा-भेटाटोला मुख्य सड़क के बदमसीय गांव के निकट सड़क दुर्घटना में तीन बाइक सवार युवकों की मौत हो गयी। मृत युवकों की पहचान महेशपुर प्रखंड के सिलमपुर गांव निवासी सद्दाम शेख (24), साजिर शेख (20) और सेनपुर गांव निवासी अजीम शेख के रूप में की गई है।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 78500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 99000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




## बकाया राशि को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने दी केंद्र को चेतावनी

# हक नहीं मिला, तो बंद कर देंगे खदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड का केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों पर बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये को ले कर केंद्र सरकार को सख्त चेतावनी दी है। हमें पता है कि हक और अधिकार मांगने से नहीं छीनने से मिलता है। हक-अधिकार की रक्षा के लिए कानूनी रास्ते भी अपनाये जायेंगे। 1.36 लाख करोड़ बकाया नहीं मिला तो बंद करना पड़ेगा खदान। उन्होंने कहा, 'अपने पर उतरे तो देश अंधकार में डूब जायेगा। उन्होंने कहा, जब भी केंद्र से पैसा मांगने जाते हैं तो कहा जाता है कि कोई बकाया नहीं है। यहां के सांसद लोगों ने भी मुंह पर टेप साट लिया है। कोई कुछ नहीं बोलता। लेकिन हम चुप बैठने वाले नहीं हैं। हमलोग झारखंडी है, हमें पता है कि हक और अधिकार मांगने से नहीं छीनने से मिलता है। श्री सोरेन मंगलवार को यहां गोल्फ ग्राउंड रणधीर वर्मा स्टेडियम में बोल रहे थे।



- अधिकार मांगने से नहीं छीनने से मिलता है
- झारखंडी अपना हक-अधिकार लेना जानता है
- खदान के लिए जमीन की सही कीमत देनी पड़ेगी
- बकाया राशि पर यहां के सांसद कुछ नहीं बोलते
- जल्द शुरू होगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम
- जमीन में गड़बड़ी करने वाले जायेंगे जेल

**1.36 लाख करोड़ हो गया बकाय :** सीएम ने कहा, जब से हमारी जमीन से कोयला निकाला जा रहा है, तब से आजतक इस राज्य को रॉयल्टी नहीं मिली है। केंद्र पर हमारा बकाया करोड़ों हो गया है। कई बार मांग चुके हैं, पर नहीं मिलता। बकाया राशि की मांग को लेकर अभी चिट्ठी लिखी गयी है। कानूनी रास्ते भी अपना रहे हैं। फिर भी हमें अपना हक नहीं मिला तो, वाध्य हो कर कोयला खदान को बंद भी करना पड़ेगा। समारोह में सीएम, कल्पना सोरेन, हफीजुल हसन, योगेंद्र महतो, मथुरा महतो, बेबी देवी, मिथिलेश ठाकुर सहित पार्टी के नेता-कार्यकर्ता शामिल थे।

## जमीन में गड़बड़ी करने वाले जायेंगे जेल

सीएम ने कहा कि पूरे झारखंड में जमीन दलालों का रैकेट फैला हुआ है। ऑनलाईन प्रक्रिया में उल्टा सीधा नाम चढ़ाकर चतुर लोग जमीन बेचने में लग गए हैं, जिसमें बीडीओ, सीओ भी शामिल हैं। ऐसी सूचना उन्हें मिल रही है। धनबाद में यह काम ज्यादा हो रहा है। बहुत जल्द इसे रोकने के लिए मुहिम शुरू करूंगा। इसमें जो भी बीडीओ, सीओ शामिल रहेंगे, उनपर कानूनी शिकंजा कसा जायेगा। उन्होंने कहा कि मईयां योजना के नाम पर भी कई एजेंट गांव गांव घूम रहे हैं। अलग अलग प्रलोभन देकर पैसा ऐंठने का काम करेगा। उनके झांसे में किसी महिला को आने की जरूरत नहीं है। सरकारी पैसे का सही उपयोग करो, इसे जमा कर गाय खरीदोऔर उससे अपनी आय बढ़ायें। यह योजना आधी आबादी को स्वावलंबी बनाने के लिए चलायी जा रही है।

### अभी तो चिट्ठी-पत्री लिख रहे हैं

सीएम ने कहा अभी राज्य की कमान हमारे हाथ में है, इसलिए नियमानुसार चिट्ठी पत्री कर रहे हैं। जरूरत पड़ी तो सरकार में रहते हुए कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और राज्य में कोयले का उत्पादन भी ठप करा देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जिस स्थान से खनन का काम पूरा हो चुका है, वह जमीन भी हमें वापस नहीं की जा रही है। हमलोग इसे भी वापस लेकर रहेंगे। समारोह में पार्टी के महासचिव बिनोद पांडेय, सुप्रियों भट्टाचार्य, पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, पूर्व मंत्री बेबी देवी, जिला अध्यक्ष लख्खी सोरेन, सचिव मन्नु आलम, रतिलाल टुडू, रमेश टुडू आदि मौजूद थे।

### जमीन की सही कीमत देनी ही होगी

सीएम ने कहा कि पिछले दिनों झारखंड दौरे पर आये केंद्रीय कोयला मंत्री से उनकी बात हुई थी। उन्होंने कहा यहां जमीन की कीमत बहुत अधिक है, इसे कम करने की जरूरत है। जमीन का मुआवजा देने में परेशानी आती है। इसपर उनसे साफ कह दिया कि जमीन की कीमत कम नहीं होगी। आपको खनन का काम करना है तो करें, अन्यथा छोड़ दें। सीएम ने कहा कि अब मूर्ख नहीं बनने वाले हैं, अपने हक और अधिकार के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। सीएम ने बजट पर भी केंद्र को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, झारखंड को कुछ नहीं मिला। गरीब, किसान, मजदूर के लिए इस बजट में कुछ नहीं है। सिर्फ अमीरों को ध्यान में रखकर बजट पेश किया गया है। ये जुमले वाली सरकार हर बजट में लोगों को मूर्ख बनाने का काम करती है। मंईयां योजना से 50 लाख महिलाएं लभान्वित हो रही हैं। अब तो भाजपा भी हमारी नकल करने लगी है। पहले मुझे कहा जा रहा था कि वोट के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटी जा रही है।

# टोल प्लाजा का लाइट टावर गिरा, 2 की मौत

### पांच घायल, मृतकों में दोनों महिलाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा का लाइट टावर एक ऑटो पर गिरने से दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे में ऑटो में बैठे पांच यात्री बुरी तरह से जख्मी हुए हैं। घायलों को स्थनीय लोगो की सहायता से पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है। नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि हादसे में दो महिलाओं की मौत हुई है, जबकि पांच घायल हैं। घायलों की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

### ऑटो में आठ यात्री सवार थे

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बेड़ो टोल प्लाजा के पास से यात्रियों से भर ऑटो गुजर रहा था। इसी दौरान टोल प्लाजा के पास स्थित लाइट टावर अचानक ऑटो पर जा गिरा। आटों में सवारी सभी यात्री दब गये। हादसे को देख स्थानीय और टोल कर्मी भागे भागे मौके पर पहुचे और ऑटो में दबे यात्रियों को निकालने में जुटे। इसी बीच नगड़ी पुलिस भी मौके पर पहुची। तब तक ऑटो में सवार दो महिलाओं की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार टोल प्लाजा के पास स्थित लाइट टावर का अगला भाग जिसमें काफी सारे लाइट्स लगे रहते हैं, वही भाग ऑटो पर गिरा था। इस वजह से किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। स्थानीय लोग और पुलिस की टीम सही समय पर मौके पर पहुंचें नहीं तो हताहतों की संख्या और ज्यादा हो सकती थी। जिन दो महिलाओं की मौत हुई है उनकी पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। लाइट टावर कैसे गिरा, जिला प्रशासन इसकी जांच करा रहा है। इसकी जांच भी की जा रही है। मामले में जो भी दोषी होगा उस पर भी कार्रवाई की होगी।




## महाकुंभ का वैभव देख भूटान नरेश अभिभूत

- योगी के साथ संगम में लगायी डुबकी

**एजेंसी**

**महाकुंभनगर।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई और महाकुंभ का वैभव देख अभिभूत हो गये। भूटान के नरेश ने गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में 'पुण्य की डुबकी' लगाने मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगायी। पुरोहितों ने मुख्यमंत्री और भूटान नरेश का विधिविधान से पूजन संपन्न कराया। मुख्यमंत्री और भूटान नरेश में गंगा मां को दुग्ध और माला अर्पित किया। दोनों ने मां गंगा की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से भूटान नरेश को छोटा चांदी का कलश सौंपा। (शेष 11 पर)



# रांची के नगड़ी में चली गोली चाचा और भतीजे की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के नगड़ी इलाके में गोलीबारी की घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार नगड़ी थाना क्षेत्र के कतरपा गांव मे गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिया गया। इस गोलीबारी में बुधराम मुंडा और मनोज कच्छप की मौत हो गयी। रिम्स में मौजूद मनोज की बहन प्रीति ने बताया कि वह घर में खाना खा रही थी, इसी दौरान गोली चलने की आवाज आयी। जब वे लोग दौड़ कर पहुंचे तो वहां बुधराम मुंडा और मनोज कच्छप दोनों जमीन पर गिरे हुए थे। दोनों को जल्दबाजी में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

30 वर्षीय मनोज मुंडा और 32 वर्षीय मनोज कच्छप रिश्ते में चाचा भतीजा थे।

### मर्ति विसर्जन में चली गोली

स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गांव में शाम के समय सरस्वती मा की प्रतिमा का विसर्जन किया जा रहा था। बुधराम मुंडा और मनोज भी विसर्जन जुलूस के काफी पीछे चल रहे थे, इसी दौरान गोली चलने की आवाज आयी। गोली बुधराम और मनोज दोनों को लगी हुई थी और वह जमीन पर तड़प रहे थे गोली किसने मारी यह किसी ग्रामीण ने देख नहीं पाया। रांची के ग्रामीण एसपी ने बताया गोलीबारी की घटना की जानकारी मिली है, मामले में जांच की जा रही है। कई थानों की पुलिस मौके पर जुट गयी है।

## सदन में बोले पीएम- हम संविधान को जीते हैं, जहर की राजनीति नहीं करते

# तुष्टीकरण खत्म कर संतुष्टीकरण नीति बनायी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि संविधान को मजबूती देने के लिए उसकी भावना को जीना पड़ता है और हम वो लोग हैं जो संविधान को जीते हैं, हम जहर की राजनीति नहीं करते। मोदी ने कहा है कि वह गरीबी को जानते हैं और गरीब का दर्द समझते हैं, इसलिए उनकी सरकार ने गरीबी की समस्या के समाधान की कई योजनाएं बनायी। गरीबों को फायदा पहुंचाने का काम पारदर्शी तरीके से किया है। पहले तुष्टीकरण की नीति अपनाकर कुछ लोगों को फायदा पहुंचाया जाता था, लेकिन हमने संतुष्टीकरण की नीति अपनायी जिससे बिना भेदभाव के जिसका जो हक है उसे वह मिल रहा है। पीएम मंगलवार को संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे। पर करीब 17 घंटे की चर्चा का जवाब देते हुए कहा, राष्ट्रपति ने (अभिभाषण में) संविधान के 75 वर्ष पूरे होने की विस्तार से चर्चा की है। (शेष 11 पर)



### तुष्टीकरण की नीति खत्म की

मोदी ने कहा कि पहले की सरकार में तुष्टीकरण का बोलबाला था। सिर्फ अपनों और कुछ लोगों को फायदा पहुंचाया जाता था, लेकिन हमने संतुष्टीकरण की नीति अपनायी जिससे बिना भेदभाव के जिसका जो हक है उसे वह मिल रहा है। धन्यवाद प्रस्ताव पर दो दिन चली चर्चा का जवाब देते हुए मोदी ने कहा कि पिछले दस साल में हर सप्ताह एक नया विश्वविद्यालय बना। हर दो दिन में एक नया कॉलेज खुला है। हम हर योजना के पीछे लगे हैं ताकि शत-प्रतिशत लागू हो ताकि जिसका जो हक है उसे मिले। इसमें बिना भेदभाव के जिसका जो हक है वह मिल रहा है यही सामाजिक न्याय है और संविधान का सम्मान है।

**हमने गरीबों को मजबूत बनाया :** मोदी ने कहा कि सरकार न सिर्फ गरीबों के हित के लिए काम कर रही है बल्कि पारदर्शी तरीके से सार्वजनिक पैसे की बचत कर रही है। उस पैसे का इस्तेमाल विकास के काम में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों की समस्या के समाधान के लिए स्वास्थ्य कार्ड, शौचालय, हर में नल से जल, मृदा स्वास्थ्य कार्ड से न केवल गरीब लोगों के जीवन आसान हुआ है बल्कि उन्हें हजारों करोड़ रुपए की बचत हो रही है। डिजीटली प्रौद्योगिकी के जरिये करोड़ों की संख्या में फर्जी लाभार्थियों की छंटाई हुई है।

# झारखंड की फल और सब्जियां अब जायेंगी विदेश

## किसानों की आय बढ़ाने में जुटी सरकार

## वैश्विक मंच देने की तैयारी कर रही है निसा

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड की फल और सब्जियां अब न सिर्फ देश बल्कि विदेशों में भी भेजी जायेगी। राष्ट्रीय माध्यमिक कृषि संस्थान नामकुम रांची (निसा) ने झारखंड की फलों और सब्जियों को वैश्विक मंच देने की तैयारी में जुटी है। राज्य के किसानों की आय बढ़ाने के उदेश्य से सरकार ने न सिर्फ उन्हें मंच प्रदान कर रही है, बल्कि उनकी फलों और सब्जियों को विदेश भेजने की भी तैयारी कर रही है। झारखंड की फल और सब्जियां देश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया, कनाडा, ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देशों में निर्यात की जायेगी।



### निसा के प्रयास की मंत्री ने की सराहना

राज्य से बड़ी मात्रा में उत्पादित कटहल, मटर, गोभी, अदरक, बैगन और कई अन्य सब्जियों का स्वाद विदेशों तक पहुंचाने के लिए निसा के प्रयासों की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड से कृषि उत्पादों के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां प्राकृतिक रूप से जैविक खेती की जाती है। यहां के किसान खेतों में कीटनाशकों या रासायनिक खादों का इस्तेमाल कम ही करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के किसानों के बेहतर जीवन के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है।

### निसा ने आरकेवीवाई को भेजे दो प्रोजेक्ट

बताते चलें कि राज्य के किसान अपनी खेतों में बड़ी मात्रा में हरी सब्जियां उगाते हैं। सीजन में जब मांग से अधिक सब्जियां बाजार और मंडी में पहुंचती हैं, तो किसानों को उनका वाजिब दाम भी नहीं मिल पाता है। ऐसे में किसानों को हर साल आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में भारत सरकार की संस्था निसा ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) में दो प्रोजेक्ट को अनुमति के लिए भेजा है, ताकि झारखंड दुनिया के अग्रणी देशों के मानकों पर खरा उतर सके और अपने फलों और सब्जियों को विदेशों में निर्यात कर सके। (शेष 11 पर)

**लेबोरेटरी की होगी जरूरत :** निशा के निदेशक अभिजीत कर ने कहा कि या तो आप सब्जियों को सब्जी मंडी में भेजें या फिर आप उन्हें निर्यात करके ज्यादा पैसे कमा सकते हैं। सब्जियों और फलों के निर्यात के लिए कई मानकों को ध्यान में रखना पड़ता है, जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का पैक हाउस बनाना, उदाहरण के लिए अगर आप अपने आमों को जापान, अमेरिका में बेचना चाहते हैं, तो उसे वेपर ट्रीटमेंट करना होगा। विभिन्न देशों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप अपने उत्पादों को तैयार करने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत पैक हाउस और फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी की परियोजना को स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

## गोला के सोसो कलां गांव में मूर्ति विसर्जन में पत्थरबाजी, दो घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोला/रामगढ़।** गोला थाना क्षेत्र के सोसो कलां गांव में सरस्वती मां की प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक समुदाय के लोगों ने पथरबाजी कर दी। पत्थरबाजी में दो लोग घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार गांव के केवट टोला में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा को विसर्जन के लिए श्रद्धालु निकले हुए थे। इसी क्रम में एक वर्ग विशेष के घर के समीप लोगों ने इस रूट से प्रतिमा को पार करने का विरोध जताया। दोनों पक्षों में मारपपीट होने लगी। इसी बीच बगल के बाउंड्री वॉल से पत्थर बाजी होने लगी। यसोदा देवी पति गोपाल चौधरी को गंभीर चोट लगी है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और स्थिति को काबू में करते हुए मूर्ति का विसर्जन कराया। घायल दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया। दोनों समुदायों के लोगों से पुलिस मामले की विस्तृत जानकारी में जुटी है। बताया जाता है कि गोला थाना क्षेत्र में लो इन ऑर्डर की भारी कमी है। जिसके कारण इस तरह के मामूली सा त्यौहार में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा क्षेत्र में चोरी, बदमाशों द्वारा हवाई फायरिंग, हत्या आदि की घटना में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। इस तरह की घटना यहां पहली बार हुई है। दूसरी ओर शांति समिति की बैठक में डीजे साउंड पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

## एमआरएचएम में आयोजित विश्व कैंसर दिवस पर बोले स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी

# रेडिएशन व पान मसाले से फैल रहा है कैंसर का खतरा

- **आदेश नहीं मानने वाले निजी अस्पतालों पर होगी कार्रवाई**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि रेडिएशन और पान मसाले के सेवन से कैंसर फैल रहा है। उन्होंने बताया कि पान मसाले की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री मंगलवार को नामकुम के आइपीएच सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ निजी अस्पताल उनके आदेश की अवहेलना कर रहे हैं और चेतावनी दी कि यदि यह सब नहीं रुका तो वह खुद संबंधित अस्पतालों में ताला जड़ देंगे। मंत्री ने कहा कि वह चाहते हैं कि झारखंड के अस्पतालों में हाईटेक मशीनें लगाई जायें और इसके लिए काम चल रहा है। साथ ही, झारखंड के स्वास्थ्य के बजट में बड़ा बदलाव होने वाला है।

**सादा पान मसाले पर भी लगेगा प्रतिबंध :** मंत्री ने कहा कि उन्होंने झारखंड में सादा पान मसाले की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। राज्य में पान मसाला की खरीद-फरोख्त पर बैन रहेगा। जो लोग इसकी बिक्री करते हुए पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार कैंसर की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन के रेडिएशन से भी कैंसर का खतरा होता है, इसलिए सोते समय सिर के पास मोबाइल न रखें।

### जल्द ही सीएम रिम्स-2 की रखेंगे आधारशिला

डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जल्द ही रिम्स-2 की आधारशिला रखेंगे। विभाग इसकी तैयारी में जुटा है। इसके अलावा, राज्य में 300 नए एंबुलेंस भी देने की योजना है। गांवों में सहिया बहनों को बाइक एंबुलेंस दी जाएगी ताकि समय पर मरीजों को अस्पताल पहुंचाया जा सके। राज्य में कैंसर अस्पताल बनाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को इलाज के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े और उन्हें आर्थिक नुकसान भी न हो।



### स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरकार स्वस्थ झारखंड की दिशा में काम कर रही है। झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए सरकार प्रयासरत है, ताकि राज्य के लोग बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कैंसर की रोकथाम के लिए राज्य में विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और इसके प्रचार-प्रसार के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ होमवर्क किया गया है। इस बार का झारखंड का बजट स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा।

### स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है

जल्द ही राज्य में 5 नए सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल बनाने की दिशा में काम चल रहा है। इसके बाद हर जिले में एक सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल होगा। 5 नए ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में भी निजी अस्पतालों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन फिर भी कई चिकित्सक निजी अस्पतालों में अपनी सेवाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र को बिजनेस की तरह नहीं, बल्कि सेवा भावना से लिया जाना चाहिए, ताकि दूसरों की सेवा करने में सुकून मिले।

### 42 हजार सहिया बहनों को मिलेगा लेटेस्ट टैब

राज्य की सहिया बहनें स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का काम करती हैं। सरकार जल्द ही उन्हें टैबलेट देगी ताकि उनका काम आसान हो सके। मंत्री ने कहा कि यदि किसी को कैंसर का शंका हो, तो सहिया बहनें तुरंत सूचना दें ताकि समय रहते मरीज का इलाज शुरू हो सके और उनकी जान बचाई जा सके। राज्य सरकार मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है।

### गर्भवती महिलाओं का मुफ्त अल्ट्रासाउंड

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार जल्द ही झारखंड वासियों को मुफ्त में दवा और जांच सेवाएं प्रदान करेंगी। गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड भी मुफ्त में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भगवान के रूप होते हैं और यदि कोई डॉक्टर से दुर्व्यवहार करेगा तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि निजी अस्पताल मरीजों की मृत्यु होने पर उनके परिजनों से बिल चुकाने का दबाव नहीं बनाएंगे और इसे स्वयं माफ कर देंगे।

### पूरे राज्य में कैंसर स्क्रीनिंग करने का निर्णय

अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अबु इमरान ने कहा कि झारखंड सरकार ने राज्यभर में कैंसर स्क्रीनिंग करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत कैंसर के इलाज के लिए आर्थिक मदद दी जाती है। यह पहली बार राज्य स्तर पर कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कैंसर स्क्रीनिंग की जाएगी। 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन भी किया जाएगा।

### 2025 में वर्ल्ड कैंसर डे की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक

हर साल विश्व कैंसर दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में नए लक्ष्य और दिशा निर्धारित करती है। इस साल 2025 में वर्ल्ड कैंसर डे की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है। इसका उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं जीता जा सकता, बल्कि यह एक लड़ाई है जिसे लोगों को मिलकर लड़ना और जड़ से उखाड़ना होगा। इस कैंसर स्क्रीनिंग के माध्यम से लोगों को कैंसर के लक्षणों के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि उन्हें समय पर जांच और इलाज मिल सके।

## पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 12 को

**रांची।** राजधानी रांची में 12 फरवरी को पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 2025 का आयोजन किया गया है। इसमें वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। वहीं, लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी, जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान, इस अलंकरण समारोह के दौरान वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे। इसके अतिरिक्त 45 सैन्य इकाइयों को जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान इकाई प्रशंसा से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, 11 फरवरी को कार्यक्रम से एक दिन पहले शौर्य सनाध्य नामक एक सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें मार्शल आर्ट का प्रदर्शन होगा। इसके अलावा हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाई-पास्ट, आर्मी बैंड सिम्फनी फ्यूजन प्रस्तुति तथा भव्य आतिशबाजी प्रदर्शन की जायेगी। इस समारोह में पुरस्कार विजेताओं के परिवारों के साथ-साथ भारतीय सेना और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। **कुल 39 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा :** 20 सेना पदक (वीरता), 04 सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 01 बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 02 युद्ध सेवा पदक, 01 बार टू विशिष्ट सेवा पदक, 11 विशिष्ट सेवा पदक


### शपथ-पत्र

मैं, मो० तौसिफ आलम, पिता- स्व० मोहम्मद मारूफ आलम, निवास स्थान जैन मंदिर के पास, लाइन मोहल्ला डोरण्डा, थाना डोरण्डा, जिला रांची-834002 राज्य झारखंड शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि :-

1. यह कि मैं एक भारतीय नागरिक हूँ तथा उपरोक्त वर्णित पता का जन्मवासी हूँ तथा यही मेरा स्थायी पता है जो कि डोरण्डा थाना क्षेत्र अन्तर्गत आता है ।
2. यह कि मो० तौसीफ आलम मेरा वास्तविक एवं सही नाम है तथा इसी नाम से मेरा आधार कार्ड निर्गत किया गया है जिसका आधार कार्ड संख्या 7865 4066 9541 है।
3. यह कि पैन कार्ड में मेरा नाम तौसिफ आलम अंसारी दर्ज है
4. यह कि मेरा ड्राईविंग लाइसेंस में मोहम्मद तौसिफ आलम अंसारी, पिता मोहम्मद मारूफ आलम दर्ज है।
5. यह है कि मेरा पासपोर्ट में मोहम्मद तौसिफ आलम अंसारी दर्ज है।
6. यह है कि मेरा बैंक खाता में भी मोहम्मद तौसिफ आलम अंसारी दर्ज है।
7. यह है कि मोहम्मद तौसिफ आलम अंसारी, तौसिफ आलम अंसारी,तौसिफ आलम एवं मो. तौसीफ आलम सभी नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मेरा नाम है।


# राज्य में आपदा राहत की त्वरित व्यवस्था बनायें : मुख्य सचिव

- **प्रशिक्षित मछुआरों को गोताखोर के रूप में की जाएगी तैनाती, मिलेगा 10 हजार मानदेय**
- **आंधी-तूफान तथा ग्रीष्म लहर (लू) से मरनेवालों को भी मिलेगा मुआवजा**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में प्राकृतिक कारणों से होने वाली क्षति से निपटने के लिए आपदा राहत की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है। उन्होंने कहा है कि ससमय राहत और बचाव कार्य से हम प्राकृतिक आपदा की क्षति को न्यूनतम कर सकते हैं। वह मंगलवार को आपदा प्रबंधन से जुड़ी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक में तय हुआ कि राज्य के चिह्नित जलाशयों पर बचाव उपकरणों से लैश गोताखोर की तैनाती की जाएगी। इसके लिए पंजीकृत पेशेवर मछुआरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। चयनित गोताखोरों को 10 हजार रुपये मानदेय भी दिया जाएगा।

**विशिष्ट स्थानीय आपदा को 10 करोड़ स्वीकृत :** वहीं राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा, मसलन अतिवृष्टि से होनेवाली जान-माल की क्षति, सर्पदंश, खनन जनित आपदा, वज्रपात, रेडिएशन संबंधी आपदा, पानी में डूबने, भगदड़ एवं गैस रिसाव तथा सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्ति के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान भुगतान के लिए 10 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी गई। इससे किसी भी आपदा के बाद जिले द्वारा राशि की मांग और उसकी स्वीकृति में लगने वाले समय से बचा जा सकता है। संबंधित जिले के उपायुक्त इस राशि का परिस्थिति के अनुसार तत्काल उपयोग कर सकेंगे। वहीं बैठक में राज्य में आंधी-तूफान तथा ग्रीष्म लहर (लू) से संभावित जानमाल की क्षति को देखते हुए राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत आपदा घोषित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

**खरीदे जायेंगे 39 मिनी अग्निशमन वाहन :** दूसरी ओर राज्य के शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की संकीर्ण गलियों में निर्मित मकानों-भवनों में आगजनी की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए 39 अग्निशामालयों के लिए अग्निशमन वाहन (मिनी वाटर टेंडर विथ मिस्ट टेक्नोलॉजी) खरीद के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। आपदा प्रबंधन विभाग वज्रपात और डूबने से होने वाली मौतों के हॉटस्पॉट को झारखंड स्पेस एप्लिकेशन सेंटर के सहयोग से चिह्नित करेगा। उसके बाद चिह्नित स्थानों, इलाके में इस संकट से निपटने की रणनीति बनाई जाएगी।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न आपदा प्रबंधन से जुड़ी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, होमगार्ड एवं अग्निशमन के डीजी अनिल पालटा, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, आपदा प्रबंधन सचिव राजेश शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## राज्य के चार यूनिवर्सिटियों में जल्द पूरी की जायेगी कुलपति बहाली की प्रक्रिया : राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि राज्य के 4 विश्वविद्यालयों में कुलपति की बहाली प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव प्रक्रिया के कारण इसमें थोड़ा विलंब हुआ है। लेकिन जल्द ही इस दिशा में कार्य करते हुए सारी शिकायतें दूर की जाएंगी। वे मंगलवार को जमशेदपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। राज्यपाल जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में भी शामिल हुए।



**शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम करने की आवश्यकता :** राज्यपाल ने कहा कि झारखंड में जमशेदपुर का महिला विश्वविद्यालय काफी अच्छे ढंग से काम कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में इस राज्य में हमें काफी काम करने की आवश्यकता है। आने वाले दिनों में इसमें भी सुधार देखने को मिलेगा।

## झारखंड में 25 फरवरी से बंद हो जायेगा श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन

- **केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का झारखंड सरकार को निर्देश**

**रांची।** झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों को सामाजिक, आर्थिक और शारीरिक रूप से टिकाऊ क्षेत्र बनाने को लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन शुरू किया गया था। लेकिन राज्य में यह मिशन 25 फरवरी से बंद हो जायेगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इस बाबत में झारखंड सरकार को निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन में खर्च की गयी राशि और बची हुई राशि का ब्योरा दें। मंत्रालय ने 25 फरवरी से इस मिशन को पूर्ण रूप से बंद करने की घोषणा की है।

**ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूती प्रदान करना इसका मुख्य उद्देश्य :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को आर्थिक, सामाजिक और वास्तविक रूप से मजबूती प्रदान करना है। इसके तहत, ग्रामीण स्तर पर आ रहे बदलाव की काफी सराहना की जा रही है। योजना के तहत झारखंड से धनबाद, बोकारो, गुमला, गिरिडीह, दुमका, रांची, पाकुड़, चतरा, रामगढ़, पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम व अन्य कुछ जिलों में जनजातीय और गैर जनजातीय कलस्टर का चयन किया गया है।


**Government of Jharkhand**
**Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-Operative**
**Directorate of Soil Conservation**
**2nd Floor Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008, Jharkhand.**
E-mail- dirsoiljhr@gmail.comoredjamttc@gmail.com
Mob. No. 8102213741 or 9472969373
website- www.jamttc.orgor www.jharkhand.gov.in/agriculture

**SHORT TENDER NOTICE INVITING EOI**

| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Tender Title | Expression of Interest (EOI) are invited in two proposal systems (Technical & Financial), For Empanelment of Manufacture or Their Authorised Dealer to Supply Tractors/ Self Propelled Machines / Agricultural Machines/Implements/ Tools/Items / Pump Sets/ HDPE Pipe etc on subsidy basis to the individual farmers and different type of farmers groups etc. under different programme of Agricultural machinery under the Directorate of Soil Conservation, Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-Operative for the sanctioned scheme of the financial year 2023- 24 & 2024 -25 |
| 2 | Tender Fee | Tender Document & processing Fee – Zero |
| 3 | Earnest Money Deposit(EMD) | **Rs.1000/- (As a token amount)**The EMD specified against Each Machinery &Equipments as mentioned in Annexure-II of this document shall be submitted separatelyby the bidder in the Account detail given in Form-T3 and submit the transaction copy with technical bid documents. **(Online RTGS/NEFT Mode)** |
| 4 | Name of the advertiser | **Director, Soil Conservation, Jharkhand, Ranchi** 2nd Floor, Krishi Bhawan , Kanke Road, Ranchi-834008 |
| 5 | Floating of online EOI | Date: 01.02.2025 on 05.00 PM |
| 6 | Download of EOI document will start from | Date: 01.02.2025 from 06.00 PM to 15.02.2025 upto 02.30 PM |
| 7 | Pre- Bid Meeting/queries | Date: 06.02.2025 at 12.30 PM (Physical Mode/) Meeting Place- Directorate Soil Conservation Conference Hall 2nd Floor, Krishi Bhawan , Kanke Road, Ranchi-834008 Bidders can raise their queries (word file only) on Email: dirsoiljhr@gmail.com before 05.02.2025 at 12.00 PM |
| 8 | Online submission of tender & hard copy submission off tender document. | Date: 02.02.2025 from 10.30 AM to 15.02.2025 upto 04.00 PM |
| 9 | Mode of Proposal Submission | The tender forms along with terms and conditions & etc. can be filled with the link available on the website www.jharkhandtenders.gov.in . Online tender to beuploaded on the website & hardcopy of tender proposal and technical report should also be submitted offline within specified date and time. |
| 10 | Date of Opening of Technical bid | Date: 17.02.2025 on 11.30 AM 4th floor JAMTTC Conference hall |
| 11 | Date of Financial bid- | To be asked to technically qualified bidders to & be published. |

Sd/-
**Director, Soil Conservation, Jharkhand, Ranchi.**

PR 345679 Agriculture(24-25).D


## राज्य हित में नीड बेस्ट लेक्चरर नियुक्ति में निर्णय ले कुलपति : आजसू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नीड बेस्ट लेक्चरर नियुक्ति में हुई त्रुटियों में अविलंब सुधार करने की मांग की। कहा कि रांची विश्वविद्यालय द्वारा निकाली गई नियुक्ति सूची में भारी अनियमितता बरती गई है। इसमें झारखंडी मूल वासियों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। इसमें सुधार कर स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाने की बात कही। साथ ही आरक्षण रोस्टर के नियमों के अनुसार पालन किया जाये।



रांची विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में नीड बेस्ट लेक्चरर नियुक्ति नियम के अनुसार इस नियुक्ति प्रक्रिया को भी की जाये। राज्य के छात्र-छात्राओं के हित में झारखंडी मूलवासी की हित में यहां के लोगों को इस नियुक्ति प्रक्रिया में प्राथमिकता देने की मांग की। साथ ही राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग से भी आग्रह किया कि इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए हस्तक्षेप कर यहां के लोगों को प्राथमिकता देते हुए नियुक्ति की जाये। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, अल्हान अहमद (रॉबी) राजेश सिंह, पवन सिंह, सक्षम झा, यश साहू, प्रिंस लिंडा, जामल गद्दी इत्यादि उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया में सरकारी सेवक आचार संहिता का रखें ध्यान

### सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग किये जाने को लेकर कार्मिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग ने जारी किया सर्कुलर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार के सरकारी सेवकों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग किये जाने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया गया है। इस सर्कुलर का उल्लंघन करने पर अब विधि सम्मत कार्रवाई भी करने की चेतावनी जारी की गयी है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा के सचिव प्रवीण टोप्पो ने सर्कुलर भी जारी कर दिया है। सचिव ने कहा है कि, ऐसा देखा जा रहा है कि हाल के वर्षों में सोशल मीडिया जैसे एपसबुक, एक्स, यू-ट्यब, वाट्सअप, इंस्टाग्राम, वी-चैट, शयर चैट और लिंक्ड इन आदि संचार एवं सूचनाओं के प्रसार का एक शक्तिशाली एवं प्रभावकारी माध्यम बन गया है। इसका प्रयोग शिक्षा, व्यापार, सामाजिक संपर्कों को बढ़ावा देने के साथ मनोरंजन आदि के लिए भी किया जा रहा है। सोशल मीडिया जन सामान्य को दूसरों के साथ संपर्क स्थापित करने, अपने विचारों को व्यक्त करने, अपनी राय को दूसरों के साथ साझा करने तथा विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का भी अवसर प्रदान करता है। ऐसे में राज्य सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी सोशल मीडिया का प्रयोग किया जाता है, परंतु वे सोशल मीडिया पर उसी सीमा तक अपने विचारों को व्यक्त कर सकते हैं जिसे सरकारी आचार संहिता द्वारा अप्रासंगिक नहीं माना जाए। समय-समय पर ऐसे मामले सामने आते रहते हैं, जिनमें सरकारी सेवकों द्वारा सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे तथ्यों को साझा कर दिया जाता है जो विवादास्पद बन जाते हैं।

विभाग ने कहा है कि सरकारी सेवकों को आचार संहिता के विविध प्रावधानों के तहत झारखंड सरकारी सेवक आचार नियमावली लागू होती है, जिसके नियम 3(1) में स्पष्ट रूप से निर्देश है कि सरकारी सेवक पूरी निष्ठा, सत्यनिष्ठा, लोकहित के प्रति निष्ठा रखते हुए ऐसा कोई कार्य न करें जो सरकारी नीति के लिए प्रतिकूल हो।

## इन दिशा-निर्देशों का अनुपालन आवश्यक

आचार नियमावली के नियम-6 एवं 10 के अनुसार कोई सरकारी सेवक किसी भी राजनीतिक दल अथवा संगठन में सदस्य नहीं बनेगा, उसकी सहायता नहीं करेगा और राजनीतिक गतिविधियों में भाग नहीं लेगा। सोशल मीडिया पर गुमनाम या छद्म नाम से अथवा अपने नाम से या किसी अन्य व्यक्ति के नाम से राजनीतिक प्रचार में भाग लेना, लेख या समाचार पत्र को प्रेषित करना अथवा किसी सार्वजनिक कथन में अपने विचार व्यक्त करना अनुचित माना जाएगा।

राज्य के सरकारी सेवकों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए, उनके पेशेवर रुख को बनाए रखते हुए संवेदनशील एवं गोपनीय सरकारी सूचनाओं के प्रकाशन को प्रतिबंधित करने तथा उन्हें जिम्मेदार सरकारी सेवक बनाए रखने के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि उनके लिए एक स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित किया जाये।

झारखंड राज्य के सरकारी सेवकों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग किये जाने के निमित्त दिशा-निर्देश निर्धारित करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में राज्य के सरकारी सेवकों के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित किये गये हैं।

### पेशेवर आचरण

सरकारी सेवक सोशल मीडिया पर अपने विचारों को साझा करते समय इस बात को ध्यान में रखें कि वह सरकारी सेवक आचार नियमावली से शासित हैं एवं वे अपने विचारों को साझा करते समय अपनी शालीनता को बनाए रखें।

सोशल मीडिया पर मयार्दा को बनाए रखें एवं अपने व्यवहार प्रदर्शित करने और ऐसे पोस्ट साझा करने से बचें जो किसी आपत्तिजनक, भेदभावपूर्ण एवं राजनीतिक रूप से पक्षपात पूर्ण माना जा सकता है।

किसी राजनीतिक/धर्मनिरपेक्ष विरोधी/ सांप्रदायिक गतिविधियों का समर्थन नहीं करें और न ही उसे सब्सक्राइब करते हुए अपने पोस्ट, ट्वीट, ब्लॉग आदि के माध्यम से उसका समर्थन करें।

प्रकाशित करने एवं टिप्पणी करने की व्यक्तिगत राय सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप की श्रेणी में नहीं होनी चाहिए एवं वह सरकारी पक्ष का प्रतिनिधित्व नहीं करें।

किसी पोस्ट, ट्वीट आदि के माध्यम से सरकार द्वारा अपनाई गई किसी नीति या कार्रवाई पर चर्चा/आलोचना नहीं करें और न ही सोशल मीडिया पर ऐसी चचाओं में भाग लें।

कार्यालय अवधि में अनावश्यक रूप से व्यक्तिगत अकाउंट का प्रयोग नहीं करें।

### नैतिक मानक

यह ध्यान रहे कि सरकारी सेवक सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, अनैतिक एवं अपमानजनक सामग्री न डालें। साथ ही अपने विचारों की अभिव्यक्ति मर्यादित भाषा में करें जो असभ्य, अश्लील या अमर्यादित न हो और न ही सरकारी सेवक शालीनता का उल्लंघन करता हो।

सरकारी सेवक सोशल मीडिया पर किसी भी उन्मादी गतिविधियों में शामिल नहीं होंगे और न ही अपने आइडी से ऐसी गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति देंगे जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विधि द्वारा स्थापित सरकार के खिलाफ हो।

सोशल मीडिया अकाउंट के किसी भी पोस्ट में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग, सम्प्रदाय, लिंग, व्यवसाय, क्षेत्र, राज्य आदि के संबंध में कोई भेदभावपूर्ण टिप्पणी नहीं करेंगे।

### पद का दुरुपयोग

सोशल मीडिया पर किसी उत्पाद या उद्धरण का समर्थन नहीं करेंगे और न ही अपने संबंधों/मित्रों या स्वयं के निजी लाभ के लिए अपने सोशल मीडिया अकाउंट का उपयोग करेंगे।

सोशल मीडिया पर तथ्यों को गलत रूप में दिखाकर वस्तुओं या प्रतिस्पधाओं में घोटाले की प्रकृति के होने या भ्रामक फैलाने वाले जानकारी को अपने प्रोफाइल पर साझा करने से बचें, धोखा देने से बचें, न ही साझा करें।

अपने कार्य स्थल से संबंधित जानकारी को वीडियो/फोटो के रूप में पोस्ट, ट्वीट, ब्लॉग या किसी अन्य रूप से सोशल मीडिया पर साझा नहीं करें, विशेष मामलों को उचित प्राधिकारी के समक्ष रखें।

### गोपनीयता

प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपने कार्यालय/विभाग के कार्यों से संबंधित किसी भी संवेदनशील/गोपनीय सरकारी सूचनाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा नहीं करें।

ऐसी कोई सूचना साझा नहीं करें, जो राष्ट्रीय सुरक्षा, गोपनीयता या सरकार के हितों से समझौता कर सकती हो।

### राजनीतिक क्रियाकलाप

अपने पोस्ट, ट्वीट या ब्लॉग के माध्यम से किसी भी राजनीतिक गतिविधियों/कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे और न ही सोशल मीडिया पर किसी राजनीतिक विचारधारा या राजनीतिक दल का समर्थन करेंगे।

सोशल मीडिया पर किसी राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेते हुए ट्रॉलिंग का उपयोग या कोटिंग कर किसी को अपमानित नहीं करेंगे, संयमित भाषा का प्रयोग करेंगे, गरिमा बनाए रखेंगे एवं निष्पक्षता का पालन करेंगे।

सरकारी सेवक अपने सोशल मीडिया अकाउंट के बायोडाटा/प्रोफाइल पिक्चर एवं अन्य गतिविधियों को अपनी सरकारी सेवाओं से संबंधित प्रतीक से नहीं जोड़ेंगे।

## छविरंजन समेत नौ के खिलाफ आरोप गठित

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद फरोख्त करने के मामले में मंगलवार को पूर्व डीसी छवि रंजन समेत 9 आरोपियों के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में आरोप गठित किया गया। साथ ही, अदालत ने ईडी को मामले में साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले में छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल, प्रेम प्रकाश, विष्णु अग्रवाल, दिलीप घोष, भरत प्रसाद, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो. सद्दाम पर आरोप गठित किया गया है। पिछले दिनों मामले के आरोपियों की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका सुनवाई पश्चात अदालत ने एक-एक करके खारिज कर दी थी। वहीं, एक आरोपी राजेश राय अदालत नहीं पहुंचा। इससे पूर्व पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने उपस्थित आरोपियों से उसके ऊपर लगे आरोपों के बारे में पूछा। इस पर आरोपियों ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताया। उन्होंने कहा कि आगे ट्रायल फेस करेंगे। आरोप गठन के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका मौजूद थे। मामले को लेकर ईडी ने 4 जुलाई 2023 को ईसीआईआर 5/2023 के तहत भरत प्रसाद एवं राजेश राय के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के दरम्यान छवि रंजन समेत आठ आरोपियों का नाम सामने आया। फिलहाल पांच आरोपी जेल में हैं।

### पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ने वरीय अभियंताओं के साथ किया निरीक्षण

# सिरमटोली-मेकन फ्लाईओवर 15 मार्च तक पूरा करें: सुनील कुमार

- रेलवे ब्लाक जल्द देने के लिए डीआरएम से बातचीत की, एक दो दिनों में ब्लाक मिलने की उम्मीद
- सिरमटोली-कांटाटोली कनेंक्टिंग फ्लाईओवर का काम फरवरी के अंत तक शुरू करने का आदेश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने मंगलवार को निर्माणाधीन सिरमटोली- मेकन फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। इस दौरान विभाग के वरीय अभियंता भी उनके साथ थे। प्रधान सचिव ने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और निर्माणकर्ता एजेंसी एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिया कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य 15 मार्च तक हर हाल में पूरा किया जाये। इसके अलावा उन्होंने सिरमटोली से कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर के निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया और निर्माणकर्ता एजेंसी डीआरए को फरवरी के अंत तक कार्य शुरू करने का निर्देश दिया।

**डीआरएम से बातचीत कर शीघ्र ब्लॉक देने का आग्रह :** पथ निर्माण विभाग के वरीय अभियंता प्रधान सचिव को पुराने हाईकोर्ट की ओर बने रैंप से लेकर रेलवे लाइन के ऊपर हाल में बने स्टे केबल ब्रिज तक लेकर गए। वहां से प्रधान सचिव ने स्टे केबल ब्रिज का निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि फ्लाईओवर के सुदृढ़ता की वैज्ञानिक जांच के लिए जल्द से जल्द स्टे केबल ब्रिज पर बने सेगमेंट गडर पर एक परत बिटुमिन से कालीकरण किया जाए।

इसके लिए रेलवे से ब्लॉक की आवश्यकता होगी। श्री कुमार ने इसके लिए रेलवे के डीआरएम से बातचीत कर शीघ्र ब्लॉक देने का आग्रह किया और उम्मीद जताई कि एक या दो दिनों में रेलवे से ब्लॉक मिल जाएगा।

**राजेंद्र चौक के गोलंबर में आकर्षक पौधे लगाने का निर्देश :** रेलवे स्टे केबल ब्रिज का मुआयना करने के बाद प्रधान सचिव पटेल चौक पहुंचे। जहां उन्होंने स्टे केबल ब्रिज के नीचे रेलवे लाइन पर जाकर निर्माण कार्य की बारीकियों का निरीक्षण किया। इसके बाद वे राजेंद्र चौक गए, जहां निमार्णाधीन फ्लाईओवर के नीचे पौधरोपण की प्रक्रिया देखी। उन्होंने राजेंद्र चौक के गोलंबर में आकर्षक पौधे लगाने का निर्देश दिया। एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर टीबी सिंह को प्रधान सचिव ने निर्देश दिया कि युद्धस्तर पर काम करते हुए 15 मार्च तक सभी कार्यों को पूरा किया जाये।

**सिरमटोली से कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर का निरीक्षण :** प्रधान सचिव ने सिरमटोली से कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर के निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्हें बताया गया कि फ्लाईओवर के जियोटेक के माध्यम से मिट्टी की जांच के लिए बोरिंग का काम पूरा कर लिया गया है। साथ ही सरना स्थल को बचाते हुए नए क्रॉस आर्म डिजाइन पर फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए प्रधान सचिव ने निर्देश दिया कि नया डिजाइन जल्द से जल्द स्वीकृत कराकर फरवरी के अंत तक काम शुरू किया जाए। इस दौरान ओएसडी विजय कुमार, पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख संजय कुजूर, मुख्य अभियंता मनोहर कुमार और कार्यपालक अभियंता विनोद कुमार कच्छप भी मौजूद थे।

## मां शारदे की प्रतिमाएं विसर्जित कर बच्चों ने मांगा शिक्षा का वरदान



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मां सरस्वती की प्रतिमाओं को पूजा करने के बाद मंगलवार को शहर के तालाबों में विसर्जित कर दिया गया। शैक्षिक संस्थानों से सामूहिक हवन किया गया और मां सरस्वती की पूजा कर आरती उतारी गई। इस दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया। पूजा स्थल से लेकर तालाबों तक जाने वाले रास्तों पर डीजे साउंड, ढोल, नगाड़ा और तासा पार्टी बजाई गई, और लोग नाचते-गाते हुए एक-दूसरे के हाथ पकड़कर झूमते नजर आए। 'मां सरस्वती विद्या दायिनी की जय' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। छात्र-छात्राओं और आम लोगों ने एक-दूसरे पर अबीर लगाया।

शैक्षिक संस्थान श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, हॉस्टल और कोचिंग संस्थानों की छोटी-बड़ी प्रतिमाओं को चडरी तालाब, पुलिस लाइन तालाब, बड़ा तालाब, करम टोली तालाब समेत अन्य तालाबों में सुबह से लेकर शाम तक विसर्जित किया गया।

विसर्जन के दौरान अर्पित किए गए फूल, फल और अन्य प्रसादों को जल में डुबोया गया। तालाबों में प्रतिमाएं विसर्जित करने के दौरान वहां पहले से मौजूद स्थानीय युवा मूर्तियों को तालाब की गहराई में ले जाने के लिए प्रतीक्षारत थे। इसके बदले में वे 200-400 रुपये तक लेते हुए दिखाई दिए।

## राज्यपाल से मिले डीजीपी, दिया पुलिस ड्यूटी मीट का निमंत्रण



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को राज भवन में राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, आईजी प्रशांत सिंह और प्रभात कुमार मिले। इस मौके पर राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्यपाल को राज्य में आयोजित हो रहे 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया।

## हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन चुनाव की दोबारा मतगणना आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन चुनाव की दोबारा मतगणना बुधवार को होगी। मतगणना सुबह 11:30 बजे से प्रारंभ होगी। इसकी जानकारी हाईकोर्ट प्रशासन को भी दे दी गई है। निवार्ची पदाधिकारी मृणाल कांति राय ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने पर्यवेक्षक और निवार्ची पदाधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर कहा है कि एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हुई है। इसलिए दोबारा मतगणना होगी। 23 जनवरी को मतगणना को दौरान हंगामा होने के बाद निवार्ची पदाधिकारियों ने मतदान रद्द करने का निर्णय लिया था और बैलेट सहित कमरे को सील कर दिया गया। इसके बाद इसकी रिपोर्ट बार काउंसिल को भेजी गई थी। सात पदाधिकारी सहित नौ कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 23 जनवरी को मतदान हुआ था।

**बार काउंसिल के आदेश को हाईकोर्ट में दी चुनौती :** झारखंड एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव की दोबारा मतगणना कराने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। चुनाव में उम्मीदवार अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर बार काउंसिल के आदेश को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि 2015 में बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआइ) ने एक पत्र जारी कर कहा था कि झारखंड एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव में स्टेट बार काउंसिल हस्तक्षेप नहीं करेगी। लेकिन बार काउंसिल ने इस मामले दोबारा मतदान करने का आदेश जारी किया है। उनकी ओर से कोर्ट में विशेष सुनवाई के लिए मेंशन किया गया। अदालत ने उन्हें संबंधित सभी दस्तावेज कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। बुधवार को फिर से मामले को कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन किया जाएगा।

## राहुल पुरवार सशरीर हाजिर हों, उपस्थिति से छूट का कारण मान्य : हाइकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोट ने आदेश का अनुपालन नहीं किये जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। साथ ही राज्य सरकार के वरीय आइएएस अधिकारी राहुल पुरवार को कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने अरुण कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि किसी भी स्थिति में राहुल पुरवार को सशरीर अदालत के समक्ष उपस्थित होना ही होगा। क्योंकि कोर्ट ने उन्हें उपस्थित होने के लिए एक सप्ताह पूर्व ही नोटिस दिया है। अदालत ने 17 फरवरी को उच्च शिक्षा एवं तकनिकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार को उपस्थित होकर यह बताने का निर्देश दिया है कि उनके विरुद्ध क्यों न अवमानना की कार्रवाई शुरू कर आरोप गठन की प्रक्रिया शुरू की जाये। दरअसल हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष अरुण कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया था कि अरुण कुमार के बकाए राशि का भुगतान किया जाये। लेकिन आदेश पारित होने के एक वर्ष बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। जिसे अदालत ने अवमानना की श्रेणी में माना है।

### हाई कोर्ट ने सीबीआई से पूछा

## एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले के ट्रायल पूरा करने में क्यों हो रही है देरी

- सीबीआई ने बताया, एमपी-एमएलए के 15 केस हैं लंबित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले के त्वरित निष्पादन में देरी पर झारखंड हाई कोर्ट ने सीबीआई के जवाब पर असंतुष्टि जताई। कोर्ट ने सीबीआई से पूछा है कि झारखंड में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले के ट्रायल को पूरा करने में क्यों देरी हो रही है? लंबित सभी 15 केस में गवाही पूरी होने में देरी का कारण स्पष्ट करें। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। कोर्ट ने मौखिक कहा कि एमपी - एमएलए के कई केसों में आरोप गठित हो जाने के बाद 5 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी गवाही की प्रक्रिया पूरी नहीं होने से ट्रायल पूरा नहीं हो सका है।

सीबीआई जैसी संस्था गवाहों को जल्द लाने में असफल साबित हो रही है, ट्रायल में देरी होने से गवाहों में डर का भी माहौल बना रहता है। एक मामले में सीबीआई ने भी स्वीकार किया है कि ट्रायल में गवाहों को धमकाये जाने की आशंका के मद्देनजर उस गवाह की गवाही करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का भी सहारा लेना पड़ा है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि प्रतीत होता है कि सीबीआई एमपी -एमएलए के लंबित केस के जल्द निष्पादन को लेकर गंभीर नहीं है। एमपी- एमएलए के अपराधिक मामले को जल्द क्यों नहीं निपटाया जा रहा है। एमपी एमएलए के अधिकांश लंबित मामलों में गवाही की प्रक्रिया काफी धीमी है, गवाहों को जल्द लाकर ट्रायल प्रक्रिया पूरी की जानी चाहिए ताकि जल्द से जल्द जजमेंट हो सके। ट्रायल में देरी से गवाहों पर भी असर पड़ता है, उनकी गवाही प्रभावित होती है।

**सीबीआई के खिलाफ पूर्व में भी हुई थी कड़ी टिप्पणी :** पूर्व की सुनवाई में भी हाईकोर्ट ने राज्य के सांसदों- विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के निष्पादन में देरी होने पर सीबीआई पर असंतोष जताते हुए कड़ी टिप्पणी की थी। सीबीआई ने अपने शपथ पत्र में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की लंबित रहने का सटीक कारण कोर्ट को नहीं बताया था।

## एसएसपी ने दो इंस्पेक्टर और 3 एसआई का किया तबादला, बदले गये कांके थाना प्रभारी

**रांची।** एसएसपी चंदन सिन्हा ने तीन थाना प्रभारी समेत पांच पुलिस पदाधिकारी का तबादला किया है, इससे संबंधित आदेश मंगलवार की दोपहर जारी कर दी गई। कांके थाना प्रभारी केके साहू को बदलते हुए सुशील कुमार को नया जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं केके साहू को पुलिस केंद्र भेजा गया है। इसके अलावा बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साहू को बदलते हुए देव प्रताप धान और कोतवाली थाना में जेएसआई नागेश्वर साव को नरकोपी थाना का प्रभार सौंपा गया है।

## मुख्यमंत्री से मिले डीजीपी अनुराग गुप्ता



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से मंगलवार को आवासीय कार्यालय में पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा प्रभात कुमार और पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी असीम विक्रांत मिंज ने शिष्टाचार भेंट की। जानकारी के अनुसार सीएम ने पुलिस अधिकारियों से राज्य की विधि व्यवस्था की भी जानकारी ली।

## एडीजी ने ई-साक्ष्य ऐप को लेकर की समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एडीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण सुमन गुप्ता ने मंगलवार को ई-साक्ष्य ऐप को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिलों के एसएसपी, एसपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

इस बैठक में एडीजी ने ई-साक्ष्य ऐप के उपयोग से संबंधित विषय और स्थिति की समीक्षा की। इसके अलावा आपराधिक कानून में प्रावधानित अपराध दृश्य, घटनास्थल, तलाशी और जब्ती प्रक्रिया और वादी एवं साक्षियों के बयान को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिकॉर्ड किये जाने और ई-साक्ष्य ऐप पर अपलोड करने पर समीक्षा हुई।

समीक्षा में एडीजी ने अनुसंधान के मद्देनजर सभी जिलों के एसपी को इस तथ्य से अवगत कराया कि जिस कांड में सात साल से अधिक का सजा का प्रावधान है, उस कांड की विशेष रूप से वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के लिए शत प्रतिशत अनुसंधानकर्ताओं को ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग अनिवार्य रुप से कराया जाए। साथ ही हिदायत दी गयी कि अनुसंधान में वांछित वीडियोग्राफी या फोटोग्राफी नहीं होने से भविष्य में कोर्ट द्वारा कोई प्रतिकूल टिप्पणी की जाती है या अनुसंधान को खारिज किया जाता है, या फिर झूठा होने का निर्णय दिया जाता है तो ऐसे में इसकी पूरी जिम्मेदारी कांड के अनुसंधानकर्ता पर होगी।

## इडी के नाम पर वसूली केस : सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की याचिका ठुकरायी

**झारखंड हाईकोर्ट को जल्द सुनवाई का निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें उसने रांची पुलिस को पंडरा ओपी, सुखदेव नगर थाना, जगन्नाथपुर थाना, अनगडा थाना, मोरहाबादी टीओपी, नामकुम थाना और देवघर थाना के 4 अक्टूबर 2024 से लेकर 17 अक्टूबर 2024 तक की सीसीटीवी को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट के इस आदेश और इडी के अधिकारियों एवं अन्य के विरुद्ध पंडरा थाना में दर्ज प्राथमिकी में हाईकोर्ट की पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को राज्य सरकार ने चुनौती दी थी। राज्य सरकार की याचिका पर शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश जस्टिस एम एम सुनदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने हाईकोर्ट को मूल याचिका जल्द सुनवाई और मामला निष्पादित करने का निर्देश देते हुए राज्य सरकार की अपील ठुकरा दी है। शीर्ष अदालत में वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अरुणाभ चौधरी और अधिवक्ता जयंत मोहन ने राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखा। दरअसल रांची के पंडरा ओपी में पिछले वर्ष कांड संख्या 507/2024 और 508/2024 दर्ज की गयी थी। पहली प्राथमिकी में अधिवक्ता सुजीत कुमार ने रंगदारी की मांग कर अपहरण करने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने संजीव कुमार पांडेय, रवि कुमार, प्रशांत, दीवाकर व अन्य पर आरोप लगाया था। उनके मुताबिक, दो अक्टूबर को आरोपित उनके कार्यालय आये और हथियार का भय दिखाकर एक सादे कागजात पर लिखवाया कि उन्होंने छह करोड़ 40 लाख रुपये संजीव कुमार पांडेय से लिया है। वे उन्हें अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गये और उनकी एक अन्य कार भी ले ली। संजीव कुमार पांडेय ने अपने खाते में 11 लाख 50 हजार रुपये ट्रांसफर कराया और 54 चेकबुक ले ली। दूसरी प्राथमिकी संजीव कुमार पांडेय नामक व्यक्ति ने धोखाधड़ी व भ्रष्टाचार से संबंधित धाराओं में दर्ज कराई थी। उन्होंने अधिवक्ता सुजीत कुमार पर आरोप लगाया था कि जमीन घोटाला केस की जांच कर रही ईडी को मैनेज करने के नाम पर नामकुम के सीओ प्रभात भूषण सिंह, धनबाद के डीटीओ दीवाकर द्विवेदी और कांके के अंचलाधिकारी जयकुमार राम से अधिवक्ता सुजीत कुमार ने करीब छह करोड़ रुपये की ठगी की है। दोनों ही प्राथमिकियों में जांच पर फिलहाल हाईकोर्ट ने रोक लगा रखी है।

## ग्रामीण कार्य विभाग में इंजीनियरों का तबादला

- अवधेश कुमार मुख्य अभियंता विशेष प्रमंडल बने

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग में बड़े पैमाने पर अभियंताओं का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। अधीक्षण अभियंता विशेष अंचल रांची अवधेश कुमार को अगले आदेश तक मुख्य अभियंता चालू प्रभार ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है।

सुनील चंद्रनाथ, सचिव प्राविधिक मुख्य अभियंता कार्यालय को अधीक्षण अभियंता ग्रामीण विकास विशेष अंचल पलामू का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जितेंद्र पासवान कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल चाईबासा को अगले आदेश तक अधीक्षण अभियंता ग्रामीण विकास विशेष अंचल रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सहायक अभियंता नरेश प्रसाद सिंह को प्राक्कलन पदाधिकारी कार्य प्रमंडल चाईबासा के पद पर पदस्थापित किया गया है। जयप्रकाश सिंह को कार्य प्रमंडल हजारीबाग और राजन कुमार सिंह को कार्य प्रमंडल पलामू दो के पद पर पद स्थापित किया गया है।

**विशेष प्रमंडल के लिए इन कार्यपालक अभियंताओं का तबादला :** शेखर कुमार को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल रामगढ़ के पद पर पदस्थापित किया गया है। मृत्युंजय कुमार देहरी विशेष प्रमंडल गोड्डा, हमीरा सोरेन विशेष अंचल रांची, दिनेश प्रसाद विशेष प्रमंडल कोडरमा, पुनई उरांव, लातेहार, महेश कुमार चतरा, शशि सौरभ भगत खूंटी, हेमंत उरांव, गढ़वा, रवि कुजूर को पलामू विशेष प्रमंडल में कार्यपालक अभियंता बनाया गया है।

# अधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर करना होगा जनता का काम : शिल्पी नेहा तिर्की

- कृषि मंत्री ने कांग्रेस भवन में लगाया जनता दरबार, सुनी जनता की समस्याएं



**जनता दरबार में आयीं 60 समस्याएं**

कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के समक्ष लगभग 60 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। जनता दरबार में पलामू, रांची, चतरा, गिरिडीह, पाकुड़, लातेहार, देवघर, गुमला, हजारीबाग जिले से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए मंत्री ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए तथा शिकायतों का निष्पादन कर इसे अविलंब सूचित करने को कहा। कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ चेतावनी भी दी गई। जनता दरबार में कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग से जुड़े 28, भू अर्जन भूमि संरक्षण से आठ, स्वास्थ्य से सात, अबुआ आवास सहित अन्य मामले सामने आए, इसका समाधान किया गया। कांग्रेस इस अभियान को जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक ले जाने की योजना तैयार कर रही है और जल्द ही इसे अमली जामा पहनाया जाएगा।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कांग्रेस भवन में मंगलवार को जनता दरबार लगाया। इस दौरान उन्होंने जनता की समस्याएं सुनी और उसके समाधान का अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता के लिए अधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर काम करना होगा। इसके लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया गया है। हमारी सरकार में अधिकारियों की लचर कार्यशैली पर लगाम लगायी गई है। इससे पहले अधिकारियों ने इतना खौफ बना रखा था कि जनता अपनी समस्याओं को लेकर उनके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थी। हमारी सरकार में जनता पूरे अधिकार के साथ खुलकर अपनी बातें रखती है।

कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने जनता के बीच रहने का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करना है। बहुत सी समस्याएं ऐसी हैं, जिसमें जागरुकता की कमी है। जनता को अपने अधिकारों और प्रक्रियाओं की जानकारी नहीं है। जनता इस दरबार के माध्यम से बहुत आशा के साथ सरकार के सामने आ रही है। हेमंत कैबिनेट 2.0 काफी संवेदनशील और मजबूत है। जनता के बीच जाकर काम कर रही है और अधिकारियों के साथ समन्वय बनाने का काम कर रही है। अगर समस्याएं बड़ी हो तो समय लग सकता है, लेकिन छोटी समस्याओं के लिए समय सीमा तय की जा सकती है। हमारा प्रयास व्यवस्था को सुधारने के लिए जारी है। जनता दरबार में मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, नरेंद्र लाल गोपी उपस्थित थे।

## प्रदेश कांग्रेस का शिष्टमंडल राज्य के शिक्षा मंत्री से मिला



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री व प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के नेतृत्व में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस का शिष्टमंडल उच्च शिक्षा मंत्री सुदीवय सोनू से उनके आवासीय कार्यालय में जाकर विश्वविद्यालय में हो रहे नीट बेस असिस्टेंट प्रोफेसर की गलत तरीके से नियुक्ति के संबंध में अपनी बातों को रखा। बंधु तिर्की ने कहा कि जो विश्वविद्यालयों में नियुक्ति हो रही है उसकी प्रक्रिया सही नहीं है जेपीएससी ने जो मापदंड तैयार किया था उस आधार पर नियुक्ति नहीं हो रही हैं जिस की वजह से झारखंड के बाहर के लोगों का विश्वविद्यालय के नीट बेस असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए बड़े पैमाने पर नियुक्ति होना तय है। विश्वविद्यालय द्वारा जो शॉट लिस्ट क्या गया है उसमें राज्य के बाहर के लोगों का बड़े पैमाने पर नाम आया है, जिसको लेकर राज के लोगों में रोश है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा मंत्री से मिलकर हर एक बिंदु पर बात किया राज्य के लोगों की भावनाओं से अवगत कराया। मंत्री ने तत्काल प्रभाव से नियुक्ति को रोकने का आदेश उच्च शिक्षा सचिव को दिया। शिर्शमंडल में मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह, अशोक चौधरी, सतीश पॉल मूंजीनी, डॉक्टर एम तौसीफ, गजेंद्र सिंह, शांतनु मिश्रा मुख्य रूप से शामिल थे।

# साहिबगंज चोर गिरोह के 7 अपराधी गिरफ्तार
# यूट्यूब से सीखकर करते थे चोरी : एसएसपी

- राजधानी पुलिस ने गिरफ्तार चोर गिरोह के सदस्यों के पास से डेढ़ किलो चांदी का जेवरात किये बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** राजधानी पुलिस ने साहिबगंज जिले से जुड़े एक बड़े चोर गिरोह का खुलासा किया है। यह गिरोह सोने चांदी के दुकानों को अपना निशाना बनाता था। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरोह के 7 सदस्यों को पुलिस की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में पांच चोरी करने वाले हैं और बाकी दो रिसीवर हैं। सभी शातिर चोर हैं और झारखंड के साहिबगंज जिला के रहने वाले हैं।

गिरफ्तार अपराधियों में तफज्जुल शेख, कमरुज जमाल, सलमान शेख, दाऊद शेख ,गुलाब मोहम्मद, मदन स्वर्णकार और अजय कुमार शामिल हैं। गिरफ्तार अपराधियों ने ही 1 जनवरी को रांची के डोरंडा स्थित एक जेवर की दुकान में लाखों के जेवर की चोरी कर डाली थी। डोरंडा में हुई चोरी के अधिकांश गहने भी पुलिस ने बरामद कर लिये हैं।

**क्या क्या हुआ बरामद :** गिरफ्तार चोरों के पास से 27 पीस चांदी के ताबीज, 4 जोड़ी पायल, 6 जोड़ी चांदी की बिछिया, 11 पीस चांदी के लॉकेट, 7 पीस चांदी के ब्रेसलेट, 18 पीस चांदी की चेन, 20 जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी चांदी का झुमका, 20 चांदी के सिक्के, 45 पीस चांदी की अंगूठी, दो पीस चांदी की धातु, चांदी का ग्लास, प्लेट और सोने की एक जोड़ी कान की बाली बरामद की गयी है।

**यूट्यूब देखकर करते थे चोरी :** रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पूछताछ में सभी चोरों ने बताया है कि वह सब यूट्यूब देखकर दुकान का शटर तोड़ने की विधि सीखते थे और फिर उसी विधि से दुकान का शटर तोड़कर उसमें चोरी को अंजाम देते थे।

**रांची में कबाड़ी का करते थे काम :** गिरफ्तार सभी चोर राजधानी में किराए का मकान लेकर रहते थे और कबाड़ी का काम किया करते थे। इसी दौरान वे लोग दुकानों की रेकी भी किया करते थे और फिर रात में वहां जाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

# कांग्रेस कोटे के सभी मंत्री और विधायक आज जायेंगे दिल्ली

- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस कोटे के सभी मंत्री और विधायक बुधवार पांच फरवरी को दिल्ली जाएंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में विधायकों की दिल्ली रवानगी होगी। मंत्री और विधायक छह फरवरी को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे।

झारखंड में नई सरकार गठन के बाद मंत्री-विधायकों की कांग्रेस के आलाकमान के साथ यह पहली बैठक होगी। इसमें सरकार बनने के बाद से करीब दो महीने में किये गए कामों पर मंत्रियों से रिपोर्ट ली जाएगी। कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के पास वित्त, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य आपूर्ति व आपदा प्रबंधन विभाग मुख्य रूप से हैं। कांग्रेस और महागठबंधन की ओर से दी गई गारंटी पर की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा होगी। साथ ही, गारंटियों को आगामी बजट में शामिल किया जा रहा है या नहीं, इस पर भी मंथन होगा। मंत्रियों को काम करने की तीन-तीन महीने की समय सीमा भी निर्धारित की जा सकती है और उसी आधार पर उनके काम की समीक्षा की जाएगी। कांग्रेस कोटे के विधायकों को भी सरकार के काम को जनता तक पहुंचाने और संगठन के कामों को बढ़ाने का भी निर्देश दिया जा सकेगा।

इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद सभी मंत्रियों और विधायकों की कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व से औपचारिक मुलाकात अभी तक नहीं हो पाई है। इसी क्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करने के लिए सभी दिल्ली जा रहे हैं। इस दौरान झारखंड के प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श भी होगा। विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने झारखंड का लगातार दौरा किया था। इसका परिणाम है कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार दोबारा सत्ता में आई। सभी मंत्री-विधायकगण राष्ट्रीय नेतृत्व से मिलकर उनका आभार जताएंगे। साथ ही कांग्रेस के अन्य वरीय नेताओं से मिलकर संगठन के संदर्भ में भी चर्चा करेंगे। विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादे और गारंटियों से राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराते हुए इस दिशा में हुए कार्यों से भी अवगत कराया जाएगा।

## जेबीवीएनएल में होने वाली नियुक्तियों में पूर्व से कार्यरत मानव दिवसकर्मी को मिले अवसर : संघ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के कार्मिक सह सामान्य प्रशासन महाप्रबंधक सुनील दत्त खाखा से मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष अजय राय ने किया। इस दौरान आने वाली नियुक्तियों में पूर्व से कार्यरत मानव दिवस कर्मियों को प्राथमिकता देने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि पूर्व से कार्यरत कर्मियों को नहीं लिया गया तो ब्लैक आउट करने सहित अन्य आंदोलन करने के लिए संघ बाध्य होगा।

सौंपे ज्ञापन में एजेंसी व्यवस्था समाप्त करने, पारा शिक्षकों के समान अनुबंध और बहाली में 50 फीसदी आरक्षण, मानदेय में बढ़ोतरी, दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को सीधी नियुक्ति, महंगाई भत्ता की बढ़ोतरी और समान काम का समान वेतन नियम लागू करने की मांग की गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक सुनील दत्त खाखा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि पिछले 3 अक्टूबर को हुई वार्ता में जितने मुद्दों पर सहमति बनी है, उस पर जल्द ही वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर संघ को अवगत कराएंगे।

संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि पिछले 3 अक्तूबर को निगम के वरीय अधिकारियों के साथ श्रमिक संघ की वार्ता हुई थी और उसमें कुछ मुद्दों पर सहमति बनी थी कि उनको ऊर्जा निगम के निर्णायक मंडल की बैठक में ले जाकर चर्चा की जाएगी, परंतु अभी तक उसे पर कुछ हो नहीं पाया है। मौके पर विद्यासागर कुमार, सुधीर कुमार, महावीर कुमार, सुरेंद्र सिंह, अनिकेत कुमार, मुकेश यादव, गौतम कुमार, रूपेश कुमार के अलावा मुकेश साहू, विजय सिंह, आनंद प्रमाणिक, सुरेन्द्र सिंह, परवीन कुजूर, दिलीप कुमार महतो, राकेश कुमार, सोनू ठाकुर, मोहित सिंह सहित कई मानव दिवस कर्मी मौजूद थे।

## झामुमो ने रांची जिला उप प्रशासक नगर निगम को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के एक प्रतिनिधि मंडल, रांची जिला झामुमो संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम के नेतृत्व में रांची नगर निगम के उप प्रशासक से मिलकर खादगढ़ा सब्जी मंडी के समीप बनाई गई बीएसयूपी योजना के अंतर्गत गरीबों के लिए आवास में रह रहे लोगों के आवास खाली करने के लिए निगम द्वारा नोटिस दिए जाने के संदर्भ में ज्ञापन देते हुए वार्ता किया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व अध्यक्ष लालजी रमन एवं पूर्व सचिव अरुण वर्मा ने विस्तार से गरीबों के हित में अपनी बातों को रखा। उप प्रशासक ने गंभीरता से प्रतिनिधियों की बातों को सुनकर कहां की जो जरूरतमंद गरीब लोग हैं उन्हें आवास निगम के प्रक्रिया के तहत आवंटित किया जाएगा। एक सप्ताह का समय दिया गया। जिसमें वहां रह रहे लोग व्यक्तिगत रूप से निगम को आवेदन दे और उसके जांच करने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रांची जिला झामुमो संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा की हजारों गरीब लोगों को बेघर नहीं किया जाएगा और उन्हें आवास आवंटित करने का झामुमो के नेतागण पूरी तरीके से प्रयास करेंगे। इस अवसर पर झामुमो के वरिष्ठ नेता शिवनंदन मिश्रा, निजामुद्दीन अंसारी, अजय वर्मा, विक्रांत विश्वकर्मा , बाबूराम संदीप ठाकुर अजय सोनी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### आजाद उवि के बच्चों के बिरसा जू में शैक्षणिक भ्रमण




रांची। झारखंड जैव विविधता पर्षद रांची के सौजन्य से पीएमश्री आजाद उच्च विद्यालय कर्बला चौक रांची के वर्ग 8वीं से 10वीं के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के तहत बिरसा मुंडा जैविक उद्यान ओरमांझी ले जाया गया। बच्चों को जानवरों और विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक कुर्बान अली, सीतामणी टोप्पो, श्वेता साहू ,तलत निगार, अहफराज अहसन सहित अन्य शिक्षक भी शामिल रहें।

### सरोवर नगर में मनाया गया सूर्य सप्तमी समारोह



**रांची।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राशण महासभा ने सरोवर नगर में मंगलवार को सूर्य सप्तमी समारोह मनाया। यह आयोजन देवी मंडप रोड स्थित सूर्य मंदिर सह भास्कर भवन में हुआ। यजमान की भूमिका में अरविंद कुमार मिश्र सपत्नीक एवं पुरोहित की भूमिका में पंडित कृष्णकांत पाठक एवं शिव शंकर पाठक थे। भव्य रूप से सूर्य भगवान की पूजन एवं आदित्य हृदय स्तोत्र का सामूहिक पाठ व हवन प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अमिताभ कुमार पांडेय, अवधमणि पाठक, कृष्ण बिहारी मिश्र, रविन्द्र कुमार मिश्र, विभाकर मिश्र ने भाषण दिया। इस अवसर पर डॉ धर्मेन्द्र कुमार मिश्र को भास्कर रत्न, पंडित रामशंकर मिश्र तथा वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन लाल पाठक को भी भास्कर शिरोमणि की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर उमाकांत मिश्र, इन्दु मिश्र, अरविन्द कुमार मिश्र, संजय कुमार पाठक, मनोज कुमार पुटू, अशोक पाठक, गौरी शंकर पाठक, उदय शंकर मिश्र, ब्रजेश मिश्र,दिनेश्वर पाठक, शशिकांत मिश्र आदि उपस्थित थे।

### सीएम हेमंत से मिले पीसीसीएफ अशोक कुमार



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को आवासीय कार्यालय में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) अशोक कुमार एवं मुख्य वन संरक्षक ;वन्य प्राणी, एसआर नटेश ने मुलाकात की। इस दौरान पीसीसीएफ ने वन विभाग की गतिविधियों से सीएम को अवगत कराया। सीएमओ ने इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है।

### कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी मिले सीएम से



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को आवासीय कार्यालय में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, राष्ट्रीय सचिव बेला प्रसाद, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर राज्य एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों- मुद्दों पर विचार- विमर्श हुआ। इसके साथ राज्य में संचालित विकास एवं जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं को लेकर भी चर्चा हुई। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रियाज अहमद भी मौजूद थे।

### पीड़ित मानव सेवा के तहत भोजन का वितरण किया



**रांची।** संत शिरोमणी सदानंद महाराज के सानिध्य मे श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वाधान में पीडित मानव सेवा के पावन तीर्थ स्थल मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग के प्रांगण में मंगलवार को भोजन वितरण किया गया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 26 जनवरी से 4 फरवरी तक लगभग 2240 निराश्रित लोगों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें रशमी अग्रवाल, अजय जैन, निर्मल छावनिका, निलेश ट्विंकल छावनिका, विधा देवी अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, शशि केडिया, दीपक खेतान, नरेश डालमिया, मनोज कविता चौधरी एवं शिला मुरारका ने सक्रिय सहयोग किया। अन्नपूर्णा सेवा में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, पुर्णमल सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, सज्जन पाडिया, नन्द किशोर चौधरी, संजय सर्राफ, विशाल जालान, पवन कुमार पोद्दार, ओमप्रकाश सरावगी सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### आरोपी कमलेश कुमार समेत तीन की हुई पेशी

**रांची।** जमीन कारोबारी कमलेश कुमार सिंह उर्फ कमलेश कुमार समेत तीन आरोपियों की पीएमएलए कोर्ट में पेशी हुई। कमलेश को जेल से वीसी के माध्यम से एवं चार्जशीटेड मनी लाउंड्रिंग के आरोपी कांके के अंचलाधिकारी जय कुमार राम एवं पूर्व सीओ दिवाकर द्विवेदी व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिरी दी। दोनों आरोपी पर्सनल बॉड पर सशर्त जमानत पर है। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 18 फरवरी निर्धारित की है। मामले में ईडी ने कमलेश सिंह समेत छह के खिलाफ पिछले दिन चार्जशीट दाखिल की है। इसमें कांके के वर्तमान सीओ जय कुमार राम, पूर्व सीओ दिवाकर द्विवेदी, रेखा देवी, अरविंद कुमार साहू एवं अमरेंद्र कुमार दुबे का नाम शामिल है।

## संत माईकल्स स्कूल में आशीर्वाद समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** संत माईकल्स स्कूल जाजपुर में मंगलवार को आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्रों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना नृत्य से किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के आशीष वचनों के साथ ही रंगारंग कार्यक्रम भी हुआ। छात्रों ने प्रेरणादायक गीत व नृत्य के द्वारा सबका मन मोह लिया। बच्चों ने स्कूल जीवन की स्मृति तरोताजा की तथा सबके संग साझा भी किया। मुख्य अतिथि संत माईकल्स प्ले स्कूल की प्रधानाचार्या वंदना बहल ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी धैर्य एवं समझदारी के साथ परीक्षा की तैयारी करेंगे तो परिणाम उनकी इच्छा के अनुरूप ही होगा।

वहीं,प्रधानाचार्य डॉ सुभाष कुमार बच्चों को संबोधित करते हुए भावुक हो गए थे। उन्होंने बच्चों को आगामी परीक्षा की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि संत माईकल्स प्ले स्कूल की प्रधानाचार्या वंदना बहल, विद्यालय के अध्यक्ष कमल बहल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुभाष कुमार द्वारा जाते-जाते बच्चों को स्मृति चिन्ह भी दिया गया। इसके बाद इच्छा कुमारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन अर्पित पाठक एवं कावेरी पराशर ने किया।

# केयर एंड केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन

- अनुभवी डॉक्टर्स और आधुनिक तकनीक से होगा बेहतर इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बरियातू रोड मैं केयर एंड केयर हॉस्पिटल, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन मंगलवार को हुआ। हॉस्पिटल अपने मरीजों को बेहतरीन हेल्थ सेवा देने के लिए समर्पित है। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुरेश बैठा ने दीप जलाकर अस्पताल का उद्घाटन किया। अस्पताल के निर्देशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि इस अस्पताल की खासियत है कि एक ही छत के नीचे कई विभाग की सुविधाएं हैं। ईलाज के लिए एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल दौड़ने की जरूरत नहीं है। यह हॉस्पिटल एक ही छत के नीचे इमरजेंसी केयर से लेकर विशेष उपचार की भी सुविधा मौजूद है।

मरीज का इलाज अनुभवी डॉक्टर्स और आधुनिक तकनीक से होगा। हॉस्पिटल के डॉक्टर बेहतर इलाज के लिए अपनी एक अलग पहचान रखती हैं। डॉक्टरों की टीम जिनमें डॉ. अशोक कुमार प्रसाद, डॉ. एसके तुलस्यान, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ. सबा हुसैन, डॉ. प्रेमचंद, डॉ अमरजीत सिंह, डॉक्टर जयशंकर आदि अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हॉस्पिटल में मैटरनिटी एंड चाइल्ड केयर, स्पाइन, आर्थो कार्डियो उपचार की अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। उद्घाटन के अवसर पर शहर के कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड और आरयू में पहली बार ऐतिहासिक खेल और सांस्कृतिक दीक्षांत समारोह का आयोजन, कुलपति ने कहा

# डेढ़ साल के अथक प्रयास का फल है पहली बार आयोजित रहा स्पेर्ट्स कॉन्वोकेशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय झारखंड में पहली बार खेल तथा सांस्कृतिक दीक्षांत समारोह का आयोजन कर रहा है। इसमें अपने विजेता खिलाड़ियों तथा युवा महोत्सवों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जायेगा। इस दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि महामहीम झारखंड सह कुलाधिपति संतोष गंगवार और वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोहर टोप्पो रहेंगे। आरयू के वीसी प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने पहली बार आयोजित हो रहे इस खेल तथा सांस्कृतिक दीक्षांत समारोह के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 1980 में आरयू में खेल विभाग की स्थापना के बाद यह पहला अवसर है कि रांची विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स कॉन्वोकेशन (खेल दीक्षांत समारोह) आयोजित कर रहे हैं। इसके लिये हम पिछले डेढ़ साल से प्रयासरत थे। यह एक ऐतिहासिक आयोजन होगा, जिसमें हम खेल और संस्कृति के उभरते सितारों को कुलाधिपति के हाथों सम्मानित करेंगे। आरयू के इस प्रथम आयोजित स्पोर्ट्स कान्वोकेशन ड्रेस कोड में महिला खिलाड़ियों के लिये सफेद लाल पाढ़ साड़ी तथा पुरूषों के लिये सफेद शर्ट और ब्लू पैंट है। बुधवार को सभी को ब्लेजर तथा आइकार्ड एमएमटीसी में प्रदान किया जायेगा। इसके लिये शमीम अहमद, विकास वर्मा, अनिल कुमार को नियुक्त किया गया है। पहली बार हो रहे इस दीक्षांत समारोह कुल सत्र 2022-23 तथा 23-24 के लिये 156 पदक दिये जायेंगे। इसमें 11 स्वर्ण, 82 रजत तथा 63 कांस्य पदक खिलाड़ियों को दिये जायेंगे।

**रांची विवि में खेल की आधारभूत संरचनाओं और सुविधाओं का विकास हुआ :** कुलपति ने बताया कि रांची विवि में हाल के वर्षों में हमने बेहतरीन खेल सुविधायें विकसित की हैं। बीएस कॉलेज लोहरदगा में अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट एवं शूटिंग रेज, बिरसा कॉलेज खूंटी में सिंथेटिक ट्रैक, हॉकी के लिये एस्ट्रोटर्फ मैदान तथा शूटिंग रेज का निर्माण हुआ साथ ही पत्रकारिता विभाग परिसर में फुटबॉल, खोखो, क्रिकेट, एथलेटिक्स ट्रैक का तेजी से निर्माण हो रहा है। इसके अलावा हमने रांची विवि तथा कॉलेजों में समर्पित खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति की है।

विश्वविद्यालय ने 12 खेलों में इंटर कॉलेज टूर्नामेंट की मेजबानी की है तथा 18 राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया है। झारखंड और आरयू में पहले खेल तथा संस्कृति दीक्षांत समारोह के संबंध में कुलपति ने कहा कि हम खेल तथा संस्कृति के क्षेत्र में रांची विश्वविद्यालय को सर्वोपरि ले जाने के लिये प्रतिबद्ध हैं। हम प्रयासरत हैं कि शिक्षकों और छात्रों का भी स्पोर्ट्स इवेंट करायें।

### आरयू के खिलाड़ी तथा छात्र राष्ट्रपति भवन समेत बड़े जगहों पर हैं कार्यरत

कुलपति ने बताया कि रांची विश्वविद्यालय योग विभाग की छात्रा राष्ट्रपति भवन में योग प्रशिक्षक है। वहीं रांची विवि ने 12600 एथलीट तैयार किये, जिसमें से 9500 एथलीट रेलवे यहित विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी में हैं वहीं 700 खिलाड़ी विदेशों में नौकरी कर रहे हैं। बुधवा उरांव, रीना कुमारी, सलीमा टेटे जैसी ओलंपियन रांची विश्वविद्यालय से हैं यह हमारे लिये गर्व की बात है।

# पीएनबी होम लोन एक्सपो 2025 का आयोजन 7-8 फरवरी को

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** पंजाब नैशनल बैंक के द्वारा 07-08 फरवरी को टी.ओ.पी ग्राउंड कडरु में होम लोन एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रांची शहर के सभी नामी बिल्डर उपस्थित रहेंगे। पीएनबी के अंचल प्रमुख आशीष कुमार चतुर्वेदी ने समाचार पत्र को अवगत कराया कि यह सभी रांचीवासियों तथा झारखण्ड के निवासियों को देश के किसी भी हिस्से में घर को सुगम बनाने हेतु तथा अपने घर का सपना साकार करने का एक सुनहरा अवसर है। इस एक्सपो में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में जानकारी देने के लिए सोलर डीलर/ बैंक अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

पीएनबी समस्त गृह स्वामियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत, सुगमतापूर्वक आसान किश्तों में ऋण उपलब्ध करवा रही है।

अंचल प्रमुख चतुर्वेदी द्वारा किसी भी बैंक/वित्तीय संस्था से होम-लोन सुविधा प्राप्त ग्राहकों से भी अपील की है कि अपनी वर्त्तमान गृह ऋण की ब्याज दर की जानकारी व स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट यदि बैंक को उपलब्ध करवाते हैं तो उन्हें बेहतर ब्याज-दर उपलब्ध प्रदान कर ऋण खाता पंजाब नैशनल बैंक में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिससे ग्राहक दिए जाने वाले ब्याज पर हजारों रु. की बचत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त बैंक द्वारा होम डेकोर के इंटीरियर डिजाइनर इत्यादि से भी संपर्क किया जा रहा है। जिससे होम-लोन ग्राहकों को एक स्थान पर सम्पूर्ण जानकारी दी जा सके।

# केंद्र ने नहीं भेजी राशि, राज्य सरकार देगी अपने हिस्से की 800 रुपये पेंशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** राज्य के वृद्ध व विधवाओं का पेंशन राशि 20 प्रतिशत केंद्र सरकार व राज्य सरकार 80 प्रतिशत देती है। केंद्र सरकार द्वारा पेंशन की राशि नही भेजने से अब राज्य सरकार लाभुकों का मात्र आठ सौ रूपया पेंशन देगी। उक्त बाते मंगलवार को अंचल कार्यालय में आयोजित राजस्व निराकरण शिविर के मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप ने कही, उन्होने कहा केंद्र सरकार द्वारा पैसे नही भेजने से राज्य पिछले आठ में से लाभुकों को पेंशन नही मिला है। इसके अलावे उन्होने अपनी जमीन का ऑन लाइन इंट्री कराने को वर्षो अंचल का चक्कर लगाने वाले किसानों को भुमि सुधार प्रमाण पत्र सौंपा और कहा ऑन लाइन में गड़बड़ी का सबसे ज्यादा लाभ भुमाफिया व जमीन दलालो द्वारा उठाया जाता है। वैसे लोग अपने नाम से जमीन इंट्री कर कितने किसानों की जमीन बिक्री कर चूके हैं। उन्होने सीओ से कहा प्रखंड के दो-दो पंचायत का एक साथ शिविर लगाकर आवेदन ले और सभी आवेदन का निष्पादन जल्द करें। गर्मी को मौसम आने वाला है। प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पानी बिजली की समस्या दूर करने का प्रयास किया जाएगा। किसी भी पंचायत में पानी की समस्या नही होनी चाहिए। उन्होने बीडीओ कामेश्वर बेदिया से पीएचइडी व विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ जल्द बैठक कराने को कहा, छात्रों के कार्य मुख्यालय में नही होने से सरकार के प्रति विश्वास की जगह निराशा होती है। जाति व अवासीय प्रमाण पत्र 10 दिनों में बन जाना चाहिए। वहीं सीओ उज्जवल सोरेन ने बताया डीसी के निर्देष पर दिसंबर माह में ओरमांझी अंचल द्वारा प्रखंड क्षेत्र के चंदरा व सदमा दो पंचायतों का शिविर लगा था। सुधार का 70 आवेदन मिला था। जिसमें 30 का निस्पादन कर लिया गया है। प्रखंड क्षेत्र के 90 गांव के आठ हल्का कर्मी के स्थान पर मात्र एक हल्का कर्मी है। जिसके कारण अंचल के कार्य में परेशानी हो रही है। कार्यक्रम में सीओ, बीडीओ, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, जिप सदस्य सरिता देवी, कमिश्नर मुंडा, मुखिया सुनील उरांव, रमेषचंद्र उरांव, सुरेष साहू, बाबुलाल महली, तुलसी खरवार, प्रेमनाथ मुंडा, नरेश यादव, शिवप्रसाद साहू, मुबारक अंसारी, तौहिद आलम, बलराम पाहन, प्रखंड व अंचल कर्मी आदि उपस्थित थें।

## भुमि का सुधार पत्र वितरण किया गया


लाभुक को सुधार पत्र देते विधायक।

# रातू : कार चोरी के आरोप में युवक की पिटाई

खबर मन्त्र संवाददाता

- हिरासत में आरोपित
- कांके का है जुलफान

**रातू।** मखमंदरो चौक में एक स्विफ्ट कार चोरी के आरोप में लोगों ने एक युवक की जमकर धुनाई कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। जुलफान अंसारी, कांके जयपुर निवासी इजहार अंसारी का पुत्र है। जानकारी मुताबिक, मंगलवार को दिन के करीब 3 बजे बीजुपाड़ा का एक व्यक्ति मखमंद्रो चौक में अपनी स्विफ्ट कार खड़ी कर समीप में ही दूसरे सख्श से बातचीत कर रहा था। इस बीच आरोपी ने मास्टर चाभी के जरिये कार का दरवाजा खोल ड्राइविंग सीट में बैठ गया और उसे स्टार्ट कर जैसे ही पीछे किया, मालिक ने उसे देख लिया। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी और उसकी पिटाई शुरू कर दी। थानेदार रामनरायण सिंह ने बताया कि उससे पूछताछ की जा रही है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

M/S Ramadhar Singh & Sons, M.I.G, B/49, Housing Colony, Dhanbad-826001 Mobile No- 9431158755/9431726949, Email id- rdss1974@gmail.com द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अंतर्गत बड़कागांव ग्रामीण जलापूर्ति योजना का कार्य कराया जा रहा था, परन्तु समय पर कार्य पूर्ण नही होने के कारण मुख्य अभियंता, सी0डी0ओ0, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची का ज्ञापांक 9/CDO-224/2020-846 (CDO), रांची दिनांक 31.07.2024 द्वारा योजना के एकरानामा को विखण्डित (Recind) करने हेतु निदेशित किया गया था। उक्त निदेश के आलोक में अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग के कार्यालय आदेश सं0–37 सहपठित ज्ञानांक 919 दिनांक 15.10.2024 द्वारा बड़कागांव ग्रामीण जलापूर्ति योजना का अंतिम मापी हेतु पांच सदसीय समिति का गठन किया गया। तत्पश्चात सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल सं0–01, हजारीबाग के पत्रांक 166 दिनांक 17.10.2024, पत्रांक 176 दिनांक 25.11.2024 एवं पत्रांक 186 दिनांक 17.12.2024 द्वारा अंतिम मापी हेतु तिथि निर्धारित करते हुए M/S Ramadhar Singh & Sons, M.I.G, B/49, Housing Colony, Dhanbad-826001 Mobile No- 9431158755/9431726949, Email id- rdss1974@gmail.com . को निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर विभागीय निदेश का अनुपालन हेतु अंतिम मापी में सहयोग हेतु अनुरोध किया गया था, परन्तु आपके या आपके किसी प्रतिनिधि के उपस्थिति नही होने के कारण समिति द्वारा एक पक्षीय निर्णय लेते हुए योजना का अमित मापी का कार्य कर दिया गया है। उपरोक्त संदर्भ में आपको पुनः अंतिम अवसर प्रदान करते हुए कहना है कि यदि समिति द्वारा किये गये अंतिम मापी के संदर्भ में आपको किसी प्रकार का आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग के कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित अवधि तक आपके द्वारा आपत्ति दर्ज नही कराया जाता है, तो अवधि समाप्ति के पश्चात् आपके द्वारा प्रस्तुत दावा मान्य नही होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 345754 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D


# स्पीड न्यूज

## मां सरस्वती को दी गई नम आंखों से विदाई



बेड़ो। बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमाएं मंगलवार को विभिन्न तालाबों में विसर्जित किया गया। जहां सरकारी व गैर सरकारी स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों के छात्र–छात्राओं व शिक्षण संस्थान सहित कई जगहों पर स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन भावपूर्ण अश्रु के साथ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा,हवन आरती के बाद महिलाओं द्वारा मां का पूजा अर्चना कर खोयन्छ भरा गया। वहीं जय मां शारदे के जयकारे के साथ विद्या दायनी मां सरस्वती की प्रतिमाओं को विदाई दी गई। विसर्जन में शामिल छात्र–छात्राएं मां सरस्वती माता की प्रतिमा के साथ रांची गुमला व लोहरदगा की मुख्य सड़कों से गुजरते हुए बाजार टांड़ स्थित बड़ा तालाब में जाकर पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ माता के प्रतिमा का विसर्जन किया।

## फरार आरोपी को भेजा गया जेल

मंडर। पुलिस ने एक फरार वारंटी कानीजाड़ी निवासी 55 वर्षीय सहदेव महतो को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में 1985 में हुई हत्या का आरोपी सहदेव जमानत पर न्यायिक हिरासत से बाहर आया हुआ था। काफी दिनों से अदालत पर उपस्थित नहीं होने के बुनियाद पर कोर्ट ने वारंट निर्गत किया और उसे मांडर पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## पुरोहित के माता की निधन, शोक



सिल्ली। सिल्ली लालबाग कालोनी निवासी व इलाके के जाने–माने पुजारी तथा दवा दुकान महादेव मेडिकल के संचालक विनय चक्रवर्ती के 88 वर्षीय माता उमा चक्रवर्ती की मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर सुनकर उनके रिश्तेदार आसपास के लोग उनके घर पहुंच कर दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त किया एवं परिजनों को ढांढस बंधाया। उनका अंतिम संस्कार मुरी के स्वर्ण रेखा नदी मुक्ति धाम घाट पर किया गया।

## जिला परिषद अध्यक्ष की प्रखंड कार्यालय में समिक्षा बैठक आज

सिल्ली। जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत बुधवार को प्रखंड कार्यालय सिल्ली में अंचल व प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान प्रखंड व अंचल के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को उपस्थिती रहेंगे। बीडीओ अनिल कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए सभी जन प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी पूर्व मंत्री से मिले



मांडर। प्रखंड अंजुमन इस्लामिया की पूरी टीम सदर नुरुल्लाह हबीब नदवी के नेतृत्व मे मंगलवार को पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार सह समन्वय समिती के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की से मिले। इस मुलाकात को शिस्टाचार भेट बताया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने सदर नुरुल्लाह हबीब नदवी को शाल ओढ़ा कर सम्मानित कियाल इस भेट वार्ता मे मांडर प्रखंड मे अंजुमन के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्य से अवगत कराया, श्री तिर्की ने प्रखंड अंजुमन को सामाजिक कार्यो मे हर संभव मदद का विश्वास दिलाया। इस मुलाकात के दौरान प्रखंड अंजुमन के नायब सदसर माशूक अली, सेक्रेटरी अफरोज हुसैन, नायब सेक्रेटरी अमानत अंसारी, खजाँची इनामुल्लाह नदवी, एवं कांग्रेस नेता सह समाजसेवी अमानुल्लाह अंसारी एवं साद अंसारी उपस्थित थे।

## काठीटांड़ के मोबाइल दुकान में मारपीट

रातू। थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड स्थित मां कमला मोबाइल दुकान, काठीटांड़ चौक में मंगलवार को मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर झखराटांड़ निवासी प्रो पवन केशरी ने थाने में इसकी लिखित शिकायत की है। जानकारी के मुताबिक, आमटांड़ के दो नाबालिक बच्चे दुकान में आये और मोबाइल की चोरी कर ली। पवन केशरी ने मारपीट कर उन्हें भगा दिया। बच्चों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इससे आक्रोशित दर्जनभर लोग दुकान आये और पवन के साथ मारपीट और दुकान में तोड़फोड़ भी की। दोपहर बाद चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जगदीश साहू, सचिव संजय कुमार व कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पांडेय थाना पहुंचे और थानेदार रामनारायण सिंह से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की।

# चान्हो अंचल कार्यालय में भूमि विवाद समाधान कक्ष का उद्घाटन



**चान्हो।** अंचल कार्यालय में मंगलवार को भूमि विवाद समाधान कक्ष का उद्धघाटन अंचलाधिकारी संजीव कुमार, प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक, प्रतिनिधि मानलेश्वर उरांव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर चान्हो प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक ने कहा कि माननीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने देखा की चांहो प्रखंड में जमीन को लेकर यहां के जनता रोज अंचल कार्यालय का चक्कर लगाते रहते है कभी कभी तो आपस में लड़ाई झगडे तक कर लेते हैं और थाना में बैठे रहते हैं इसी को लेकर प्रत्येक शनिवार को भुमि सुधार एवं उसका निपटारा किया जाय, जिसमें अंचल और थाना के अलावा जन प्रतिनिधि जमीन निपटारा करने में सहयोग करेंगे जिससे आम जनता को परेशानी से निजात मिलेगी। उद्घाटन कार्यकम में युवा अध्यक्ष इरसाद खान, मुखिया शिव उरांव वरिष्ठ कोंग्रेस नेता मो मोजीबुल्लाह, महादेव भगत, जीवनमिंज, जुलफिकार अली, हफीजुल अंसारी, आलोक मिंज, तजमूल अंसारी, मोजीब अंसारी आदि उपस्थित थे।

# रातू: बीओआई में 6 को मनेगा एसयूडी का 16वां स्थापना दिवस

- योगदान का होगा रेखांकन
- जागरूक किये जायेंगे ग्राहक

**रातू।** बैंक ऑफ इंडिया की चट्टी शाखा में 6 फरवरी को स्टार यूनियन डाई-इची ( एसयूडी ) का 16 वां स्थापना दिवस मनाया जायेगा। इसमें बैंकिंग व बीमा के क्षेत्र में एसयूडी की भूमिका को रेखांकित कर सेवा के लिये ग्राहक जागरूक बनाये जायेंगे और इसे अधिक प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की जायेगी। समारोह में शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार, अंचल प्रमुख संजीव कुमार सिंह, स्टार यूनियन डाई-इची के क्षेत्रीय प्रमुख ( जीएम ) देवेंद्र पाठक तथा एसयूडी कर्मचारी अमित कुमार व रविना कुमारी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी प्रदीप कुमार ने मंगलवार की शाम पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि इसमें स्थानीय ग्राहक, बैंक अधिकारी व बीमा क्षेत्र के विशेषज्ञों की भी राय ली जायेगी। बताते चलें, कि 27 नवंबर 1979 को स्थापित बैंक ने 46 साल का लंबा और शानदार सफर तय कर लिया है। ग्राहकों की सेवा के लिये तत्पर संस्थान ने कई कृतिमान भी स्थापित किये हैं।

## सिल्ली कॉलेज के छात्र हुए सम्मानित

**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में बॉटनी के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो एवं बॉटनी के विभागाध्यक्ष सह माइक्रोबायोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया के कॉडीनेटर डॉ सुचित्रा महतो ने छात्रों को माइक्रोबायोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा दिए गए प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले छात्रों में शरद कुमार भगत, सुनैना कुमारी, सुरज सेन एवं देवज्योति कुमार शामिल। डॉ सुचित्रा महतो ने बताया कि उपरोक्त छात्र छात्राओं ने माइक्रोबायोलॉजी के विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया है।

# सोलर फ्लोटिंग पॉवर प्लांट कम्पनी के साथ विस्थापित मछुवारों की वार्ता हुई विफल



**अनगड़ा।** सेकी , एलएनटी कंपनी और प्रशासनिक अधिकारी के साथ गेतलसूद डैम से विस्थापित मछुवारों के बीच मंगलवार को गेतलसूद जलाशय में फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट लगाने को लेकर एक बैठक रखी गयी थी। इस बैठक में सेकी, एलएनटी कम्पनी प्रशासनिक अधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी और विस्थापित मछुवारों को रहना था। लेकिन कुछ दूसरे लोगों के भी बैठक में आ जाने से मछुवारे भड़क गए और बैठक विफल हो गया। विस्थापित मछुवारों का आरोप है कि सेकी और एलएनटी कम्पनी के लोगों ने अपने साथ असमाजिक तत्व के लोगों को भी लेकर आए थे जो गेतलसूद जलाशय से विस्थापित मछुवारों को डरा धमका रहे थे। जिससे मछुवारा परिवार के लोग उग्र हो गए। स्थिति को बिगड़ता देख बीडीओ जयपाल सोय सहित सेकी और एलएनटी कम्पनी के लोग बैठक से चले गए। और मछुवारों और एलएनटी और सेकी के बीच कोई समझौता वार्ता नही हो पाया। बताया गया गया कि बीते शनिवार के दिन सेकी, एलएनटी प्रशासनिक अधिकारी और मछुवारों के बीच वार्ता हुई थी कि मंगलवार को होने वाले बैठक में कंपनी के प्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी और मछुआरा परिवार के सदस्य हीं उपस्थित रहेंगे। लेकिन आरोप है कि बैठक में बाहर से कुछ लोग के आ जाने से बैठक सफल नही हो सका । मत्स्यजीवी संघर्ष समिति के सचिव भोला महतो ने कहा कि मछुवारे वार्ता के लिए तैयार हैं।

## खलारी से चोरी हुई पानी सप्लाई पाइप मेसरा पुलिस ने किया बरामद

# सप्लाई पाइप लदा ट्रक जब्त, चार आरोपी को जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** खरारी थाना क्षेत्र से चोरी हुई एक ट्रक सप्लाई पाइप को बीआईटी मेसरा पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया है। चोरी की 32 सप्लाई पाइप के साथ पुलिस द्वारा चोरी में शामिल चार आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया कि पकड़ा का पाइप जलापूर्ति योजना की थी। वहीं पकड़े गए आरोपियों में रामगढ़ जिला के थाना रजरप्पा ठठुआ गांव निवासी मो सफदर 41 वर्ष, थाना नयानगर बड़काकाना निवासी जयदेव तिवारी 47 वर्ष, लोहरदगा जिला के थाना सेन्हा, अरू गांव निवासी तहमीद अंसारी 24 वर्ष व घाटा गांव निवासी प्रीतम कुमार 20 वर्ष शामिल है। चारों ने तीन फरवरी को खलारी थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड़ गांव के पास रखी पानी सप्लाई को ट्रक में लोड कर बीआईटी मेसरा थाना क्षेत्र स्थित काजू बागान लेकर पहुंचे थें। सभी पाइप को किसी अन्यत्र भेजने के लिए दूसरे ट्रक में लोड किया जा रहा था। जिसकी जानाकरी मिलने पर पुलिस द्वारा सभी को चोरी की पाइप के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। वर्तमान (कार्य प्रभारी) थाना प्रभारी अभय कुमार बताया बीआईटी मेसरा ओपी अंतर्गत पंचैली गांव जाने वाली रास्ते में काजू बगान स्थित बगान के अंदर एक ट्रक में लदा पानी सप्लाई करने वाला पाइप को कुछ अपराधी दूसरे ट्रक में लोड कर बाहर भेजने की फिराक थें। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। मौके से पाइप लदे बारह चक्का ट्रक सीजी14एमई 9918 को जब्तकर पकड़े गए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी अभय कुमार के अलावा सदर डीएसपी संजीव कुमार वेसरा, पुलिस निरीक्षक कुलदीप कुमार, एएसआई अजय चंद्रवंशी, सुखदेव प्रसाद, शत्रुघन कुमार, जोकोब मुर्मू, निमाई ओझा के साथ पुलिस बल के जवान शामिल थें।


पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए सभी चोरी के आरोपी।

# राहे में लोगों को अफीम की खेती नहीं करने की दिलाई शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** प्रखंड सभागार में बुंडू एसडीएम किष्टो कुमार बेसरा के अध्यक्षता में सिल्ली, राहे ओर अनगड़ा प्रखंड के पंचायत के मुखिया, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्यों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के इस अभियान में बुंडू एसडीएम किष्टो कुमार बेसरा, बुंडू डीएसपी ओम प्रकाश, सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव सीओ राहे जया मुरमू, बीडीओ अशोक कुमार, थाना प्रभारी सिल्ली दिनेश ठाकुर, थाना प्रभारी अनगड़ा हीरालाल साह, राहे थाना प्रभारी शैलेन्द्र टुडू, द्वारा अफीम से होने वाले नुकसान के बारे में बारी बारी से जानकारी दीये। एसडीएम बुंडू किष्टो कुमार बेसरा ने कहा कि अफीम जैसी नशीली फसलें समाज और परिवार दोनों के लिए घातक हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की वे नशीले पदार्थों की खेती छोड़ कर वैकल्पिक रोजगार और खेती के तरीकों को अपनायें। उन्होंने ग्रामीणों को सब्जी उत्पादन, मधुमक्खी पालन और बागवानी आदि खेती करने की बात कही। इन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान का उद्देश्य न केवल अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना है, बल्कि ग्रामीणों को स्वावलंबन की ओर प्रेरित भी करना भी है। डीएसपी बुंडू ओम प्रकाश ने अफीम का दुष्प्रभाव व कानूनी कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। डीएसपी सिल्ली इन्होंने कहा कि अफीम की खेती कानूनन व सामाजिक अपराध है। इससे समाज को नुकसान हो रहा है। अफीम की खेती करने पर गिरफ्तारी की कार्रवाई होगी। इसलिए जो खेती है उसे स्वेच्छा से नष्ट कर दे। इस दौरान मौजूद सभी लोगों ने अफीम खेती नहीं करने और खेती पर रोक लगाने के लिए शपथ लिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रोहिताश चौधरी, राहे जिप सदस्य बादल महतो, प्रमुख लीलमनी देवी, प्रमुख सिल्ली जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख उमेश महतो, प्रखंड के सभी मुखिया, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य मौजूद थे।


बैठक करते अधिकारी।


**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
**(अभियंत्रण कोषांग)**
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई-निविदा**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 05/2024–25 दिनांक 04.02.2025

| क्र0 / ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | भण्डरा | बिटपी | ग्राम बिटपी पतरा टोली में मीरा उरॉव के घर से अखडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 853400.00 | 1250.00 | 17100.00 | 03(तीन) माह |
| 2 | सेन्हा | सेन्हा | ग्राम नौदी में नव निर्मित सामुदायिक भवन के पास पक्की नाली निर्माण | 1112300.00 | 2500.00 | 22300.00 | 03(तीन) माह |
| 3 | पेशरार | हेसाग | नीचे तुरियाडीह में अखडा से लेकर प्रा0 विद्यालय आरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2196100.00 | 5000.00 | 44000.00 | 03(तीन) माह |

2 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.02.2025/10:00 बजे पर्वाह्न से
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 13.02.2025/10:00 बजे पर्वाह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 14.02.2025/10:00 बजे पर्वाह्न
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
2. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 345719 Lohardaga (24-25)_D



पत्रांक :– न0प0/............................/2025
**कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा**
ई–मेल :–simdeganagar@yahoo.in

**आम–सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (BLC) हेतु नगर परिषद सिमडेगा कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। वैसे सुयोग लाभुक जो विभिन्न कारणों से योजना के लाभ से वंचित रह गए है, ऐसे सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि अगर वह इस योजना का लाभ लेने में इच्छुक है तो नीचे दिये गये लिंक पर अपना आवेदन ऑनलाईन कर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ नगर परिषद सिमडेगा के PMAY(U) कोषांग से सम्पर्क स्थापित कर आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है।

**कौन कर सकते है आवेदन :–**
- आवेदक अथवा उसके परिवार के नाम पर भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए।
- योजना संबंधित लाभुक परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होंगे, जिसकी वार्षिक आय अधिकतम रू0 3 (तीन) लाख हो।
- लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से केवल एक घटक का ही लाभ ले सकते है।

**आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक है :–**
- परिवारिक फोटो (पूरे परिवार का एक साथ फोटो/संयुक्त फोटो)
- आवेदक/आवेदिका एवं उनके पति/पत्नी के आधार कार्ड की छायाप्रति
- आवेदक/आवेदिका के मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति
- आवेदक/आवेदिका के बैंक आकाउंट हेतु पास बुक की छायाप्रति
- आवेदक/आवेदिका के आय/निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- आवेदक/आवेदिका के जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- भारतवर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ पत्र
- जमीन का दस्तावेज खतियान, डीड, वंशावली, बंटवारानामा आदि।
- जमीन का अद्यतन (Updated) लगान रसीद। (जमीन का रसीद नहीं होने की स्थिति में भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
- आवेदन हेतु आवेदक/आवेदिका का Active मोबाईल नम्बर जो आधार कार्ड एवं बैंक खाता से एक की मोबाईल नम्बर लिंक हो।

Online आवेदन हेतु निर्धारित लिंक–https://pmaymis.gov.in/pmaymis2_2024/ PMAY_SURVEY/ EligiblityCheck.aspx अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें PMAY(U) कोषांग, नगर परिषद कार्यालय सिमडेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद सिमडेगा

PR 345724 Simdega(24-25).D



**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**OFFICE OF THE GENERAL MANAGER**
**TRANSMISSION ZONE-I, KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI.**
**Mob. / Tel No. :- 9431707300/0651-2490513Email:- gm.jusnl@gmail.com**

**TENDER NOTICE**

Sealed tender in two parts Techno commercial Part-I and price part-II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Price of BOQ. (Rs.) Non refundable | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 335/PR/JUS NL/2024-25 | Procurement of Grid maintenance materials for 132/33KV Grid Sub-Station, **Kamdara .** | (Rs.)1476/- Including GST@18% | 19900/- |
| 2. | 336/PR/JUS NL/2024-25 | Procurement of Consumable Materials for maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station, **Hatia-I** | (Rs.)1476/- Including GST@18% | 19900/- |
| 3. | 337/PR/JUS NL/2024-25 | Procurement of Spare materials for 132/33KV Grid Sub-Station, **Gumla .** | (Rs.)1476/- Including GST@18% | 20000/- |
| 4. | 338/PR/JUS NL/2024-25 | Procurement of Safety & Electrical materials alongwith Tools etc. for day to day Maintenance work of 220/132KV Grid Sub-Station, **Hatia-II .** | (Rs.)1476/- Including GST@18% | 19500/- |
| 5. | 339/PR/JUS NL/2024-25 | Procurement of Electrical equipment and Spare Materials for Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station, **TAMAR .** | (Rs.)1476/- Including GST@18% | 20000/- |

(1) Start date for sale of tender paper from **06.02.2025 at 12:30PM onwards.**
(2) Last date & time for sale of tender paper up to 03.00 P.M. on **28.02.2025**
(3) Last date & time for submission of tender paper up to 05.00 PM on **28.02.2025**
(4) Due date & time of opening part –I at 12.30 P.M. on **01.03.2025**
(5) BID OPENING DATE FOR PRICE PART: - Will be communicated later on.
(6) Tender documents with detail terms and conditions can be obtained from office of the "General Manager, Transmission Zone-I, Ranchi" after deposit of cost of BOQ in the favour of Manager (F&A), Transmission Zone-I, Ranchi in the form of D.D. issued by any nationalized / scheduled Bank drawn in favour of "Manager (F&A), Transmission Zone-I, Ranchi" payable at Ranchi on any working day after the date of publication of tender in Newspapers.
(7) For any clarification please contact Telephone No. 0651-2490513 / 9431707300.
(8) The undersigned reserves the right to extend the date of sale/ submission / opening of part-I or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
**(9) Address for Communication:**
GENERAL MANAGER, TRANSMISSION ZONE-I,
KUSAI COLONY, P.O.-DORANDA, RANCHI, PIN -834002
JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
Telephone no. 0651-2490513 (O)/ 9431707300/8987700007/7903702681) during office hour.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-I, Ranchi

PR 345734 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D


खबर मन्त्र
रांची. बुधवार . 05 फरवरी 2025



# अमेरिका से भारतीय बाहर

ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले भारतीय प्रवासियों को डिपोर्ट यानी भारत वापस भेजना शुरू कर दिया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक अमेरिकी सैन्य विमान सोमवार (3 फरवरी) को अवैध प्रवासियों को लेकर भारत के लिए रवाना हुआ। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर रॉयटर्स को बताया कि सी-17 विमान भारत के लिए उड़ान भर चुका है। हालांकि, इसे भारत पहुंचने में कम से कम 24 घंटे लगेंगे।ट्रंप प्रशासन ने अवैध प्रवासियों पर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। ट्रंप ने अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़े निर्वासन अभियान का वादा किया था, और यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम इन्फोर्समेंट ने 15 लाख लोगों की एक प्रारंभिक सूची तैयार की है, जिसमें लगभग 18,000 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं जो बिना दस्तावेजों के अमेरिका में रहते हैं। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हो पाया कि फ्लाइट में कितने भारतीय प्रवासी सवार थे। भारत अमेरिका में अवैध ढंग से रह रहे भारतीय प्रवासियों की पहचान करने और उन्हें वापस लेने के लिए डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ काम करने को तैयार है। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि भारत यह सत्यापित कर रहा है कि अमेरिका से किन लोगों को भारत भेजा जा सकता है, और ऐसे व्यक्तियों की संख्या अभी तय नहीं की जा सकती। यह समस्या हर देश के साथ है, और अमेरिका भी इसका अपवाद नहीं है, हमने हमेशा यह रुख अपनाया है कि अगर हमारे कोई नागरिक वहां अवैध रूप से हैं और हमें यह पूरी तरह से यकीन हो कि वे हमारे ही नागरिक हैं, तो उनकी वैध वापसी के लिए हम हमेशा तैयार हैं। ट्रंप के आते ही यह भारत के लिए बहुत सकून का नहीं है लेकिन इस समस्या को लेकर सरकार की नीतियां साफ है।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल



**मेष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यो की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

**मिथुन :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

**कर्क :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

**कन्या :** पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

**तुला :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

**धनु :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

**मकर :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

**कुंभ :** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

**मीन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

# बजट 2025: लोक लुभावन भी और राजनीतिक भी


सोशल मीडिया पर आए उस समाचार में कहा गया था कि केंद्र सरकार के प्रति मध्य वर्ग पहले की तरह उत्साही नहीं है। किंचित वह केंद्र सरकार के कामकाज और सरकार की ओर से हो रही बेरूखी से वह परेशान और निराश है। सोशल मीडिया पर मध्य वर्ग की ऐसी प्रतिक्रियाओं पर मोदी की नजर रहती है। इसे देखते हुए उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि वे लोगों से सीधा संवाद करें। सोशल मीडिया यही खबर थी। लेकिन इस खबर के संकेत साफ थे। आम बजट में मध्य वर्ग को राहत मिलने के आसार तभी दिखने लगे थे। निर्मला सीतारमण की ओर से बारह लाख 75 हजार रूपए तक की आय पर मिली आयकर छूट को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के बजट से खुश नहीं हैं और कह रहे हैं कि इस बजट से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिली है। इस बजट में बिहार को बहुत कुछ मिला है। निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का एलान किया है। इससे बिहार के मखाना किसानों को राहत मिलने के आसार है। इसके उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर बढ़ेंगे। जाहिर है कि इसका सीधा फायदा बिहार के ही लोगों को मिलेगा। बजट प्रस्तावों में मखाना निकालने के काम में लगे लोगों के लिए भी सरकारी राहत की बात की गई है। यानी मखाना उत्पादक, उसके वितरक और उसके कामगार, सबको राहत और मौका देने की बात की गई है। प्रस्तावित मखाना बोर्ड की एक और जिम्मेदारी होगी। वह किसानों को प्रशिक्षण और सहयोग भी देगा। साथ ही उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाले फायदों को भी सुनिश्चित करेगा।

वैसे देखें तो मध्य वर्ग को केंद्र सरकार ने इन बजट प्रस्तावों के जरिए एक लाख करोड़ रुपए का उपहार दिया है। इसमें 12 लाख 75 हजार रुपए की आमदनी वाले लोगों को जहां टैक्स में 80 हजार रुपए का फायदा हुआ है। आयकर में छूट की मांग अरसे होती रही है। पिछले कई बजट में ऐसी




छूट नहीं मिलती थी तो लोग इसे लेकर निराश होते रहते थे। बहरहाल 16 लाख रुपए की आमदनी वाले लोगों को टैक्स में 50 हजार रुपए का फायदा हुआ है तो 18 लाख रुपए की आमदनी वाले को टैक्स में 70 हजार



\- उमेश चतुर्वेदी

> यूं तो हर बजट सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक भी होता है। लेकिन आयकर छूट और बिहार को मिलने वाली विशेष सहायता योजनाओं के संदर्भ में यह राजनीतिक बजट भी है। हालांकि इन पंक्तियों को लिखे जाने तक किसी ने इस नजरिए से बजट पर सवाल नहीं उठाया है, लेकिन यह तय है।

रुपए का लाभ दिख रहा है। इसी तरह 20 लाख रुपए की आमदनी वाले को 90 हजार रुपए का फायदा होगा तो 25 लाख रुपए की आमदनी वाले को एक लाख दस हजार रुपए का नए टैक्स नियमों से फायदा होगा। इसी तरह 50 लाख रुपए की आमदनी वाले को भी एक लाख दस हजार रुपए का फायदा हो रहा है। जाहिर है कि मध्य वर्ग को इससे फायदा होता नजर आ रहा है। वायस ऑफ बैंकिंग के प्रमुख अश्विनी राणा के अनुसार, टैक्स बचने से लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा आयेगा। इससे लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी। इससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है।

केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया गया। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा। भारतीय पोस्ट यानी इंडियन पोस्ट के दफ्तरों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसका लाभ भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के छोटे उद्योगों को लाभ मिलेगा। एमएसएमई को राष्ट्रीय मिशन के रूप में लिया जाएगा और नए वर्गीकरण तथा ऋण में भी बढ़ोतरी से लाभ होगा। एमएसएमई को भी क्रेडिट कार्ड देने की तैयारी है। इसके साथ ही बजट प्रस्तावों में राज्यों को शहरों में पूंजीगत योजनाओं में निवेश के लिए ऋण से जहां विकास होगा वहीं रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही, सक्षम आंगनवाड़ी 2.0 के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा। ऊर्जा और जल मिशन पर भी फोकस किया गया है। रोजगार पैदा करने के लिए पर्यटन केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों का विकास अच्छा प्रयास है। सरकार ने इसी तरह बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश को 75 से 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। इससे बीमा क्षेत्र में विकास की उम्मीद है। अश्विनी राणा का कहना है कि इसके बावजूद सरकार को सचेत रहना होगा और बीमा कंपनियों को जनता को लूटने से बचाना होगा। सरकार को इसके लिए कड़ी निगरानी रखनी होगी। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए नए कोड की घोषणा शीघ्र होगी। जीवन रक्षक दवाइयों पर आयात शुल्क समाप्त करने से रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। हर जिले में कैंसर के इलाज की सुविधा देना भी बड़ा फैसला है। इसके साथ ही मेडिकल पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी है। आम आदमी का सपना है अपने सिर पर अपना छत होना। इस बजट के जरिए लोगों को घर खरीदने में राहत का भी ऐलान किया गया है। इससे लोगों के साथ ही रियल एस्टेट को भी फायदा होगा। जिससे निर्माण क्षेत्र में रोजगार बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

बिहार का पटना हवाई अड्डा इन दिनों बेहद व्यस्त है। लेकिन वह छोटा पड़ रहा है। इसके विकास और उसकी क्षमता बढ़ाने के लिए भी बजट प्रस्ताव किया गया है। इससे देश-विदेश में काम कर रहे बिहार के लोगों को सीधे फायदा होगा और उनकी अपनी माटी से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इसके साथ ही, बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, और उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव है। इस संस्थान के जरिए समूचे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को मजबूती देने की तैयारी है। इसके द्वारा किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने की तैयारी तो है ही, उनकी आय में बढ़ोत्तरी का भी प्रस्ताव है। निर्मला सीतारमण के अनुसार, इस संस्थान के जरिए युवाओं को हुनरमंद बनाने की तैयारी है। इसके साथ ही उन्हें उद्यमिता और रोजगार प्राप्त करने के अवसर पैदा करेगा। बिहार में नए ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाएंगे। इसके जरिए पश्चिमी कोसी नहर परियोजना को भी आर्थिक सहायता मदद दी जा रही है। इसके जरिए उत्तरी बिहार के 50 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सहूलियत बढ़ेगी। इससे मिथिलांचल की कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

यूं तो हर बजट सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक भी होता है। लेकिन आयकर छूट और बिहार को मिलने वाली विशेष सहायता योजनाओं के संदर्भ में यह राजनीतिक बजट भी है। हालांकि इन पंक्तियों को लिखे जाने तक किसी ने इस नजरिए से बजट पर सवाल नहीं उठाया है, लेकिन यह तय है कि इन प्रस्तावों से दिल्ली और बिहार के वोटरों को लुभाने की कोशिश की गई है।

## लेटर टू एडिटर

### अनियंत्रित गति

**सड़कों** पर होने वाले हादसों का एक मुख्य कारण ओवर स्पीडिंग है। जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाए जाते हैं ताकि वाहनों की स्पीड कम रहे पर वाहन चालक इन्हें भी अनदेखा करते हैं। ओवर स्पीडिंग न केवल दूसरे वाहनों के लिए खतरा है बल्कि पैदल चलने वाले और सड़क किनारे सामान बेचने वालों के लिए भी। क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही है? इसके साथ, ट्रैफिक व सामान्य पुलिस को सतर्क करने तथा यात्रियों को जागरूक करने की भी जरूरत है।

**-अभिलाषा गुप्ता, रांची**

### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा मिले।

**-दिनेश, जमशेदपुर**

## X ट्वीट

**अयोध्या** में दलित बेटी के साथ हुई अमानवता और उसकी नृशंस हत्या हृदयविदारक और बहुत शर्मनाक है।

तीन दिनों से गूंजती बच्ची के परिवार के मदद की पुकार पर अगर प्रशासन ने ध्यान दिया होता तो शायद उसके जीवन की रक्षा हो सकती थी। एक और बेटी के जीवन का इस घिनौने अपराध से अंत हो गया। आखिर कब तक और कितने परिवारों को इस तरह रोना-तड़पना पड़ेगा? बहुजन विरोधी भाजपा राज खास कर उत्तर प्रदेश में दलितों पर घृणित अत्याचार, अन्याय और हत्या बेलगाम बढ़ता जा रहा है।यूपी सरकार इस अपराध की तुरंत जांच कर, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के साथ ज़िम्मेदार पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई करे। **- राहुल गांधी, सांसद**

# बजट 2025 में परमाणु ऊर्जा पर विशेष ध्यान

**रानी राज**

**बजट**

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट में वर्ष 2047 तक कम से कम 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता हासिल करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि देश में ह्रास्वच्छ ऊर्जा की तरफ कदम बढ़ाने के लिए यह आवश्यकह्व है। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन के नाम से एक खास पहल की जाएगी जिसके लिए सरकार 20,000 करोड़ रुपये का प्रावधान करेगी। देर से ही सही मगर सरकार ने यह महसूस किया है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए देश के ऊर्जा स्त्रोतों में तत्काल विविधता लाने की जरूरत है। शहरीकरण की प्रक्रिया तेज होने, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण के गति पकड़ने और गर्मी में तापमान अत्यधिक बढ़ने से पिछले एक दशक के दौरान देश में बिजली की मांग खासी बढ़ गई है। फिलहाल देश में बिजली की कुल मांग का 89 प्रतिशत हिस्सा जीवाश्म ईंधन से आ रहा है। ऊर्जा के दूसरे वैकल्पिक स्त्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा की राह में तकनीकी एवं मूल्य नीतियों से जुड़ी बाधाएं सामने आ रही हैं। बजट में घोषित इस मिशन के अंतर्गत 2033 तक पांच छोटे आकार के मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) का परिचालन शुरू करने का लक्ष्य तय किया गया है। ये सभी उच्च क्षमता वाले रिएक्टर होंगे जिनकी बिजली उत्पादन क्षमता 300 मेगावॉट (ई) प्रति यूनिट या परंपरागत परमाणु बिजली संयंत्रों की उत्पादन क्षमता की एक तिहाई होगी। पिछले महीने अमेरिका ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र और इंडियन रेअर अर्थ्स लिमिटेड पर लगी पाबंदियां हटा दी थीं। भारत अमेरिका के इस कदम का तेजी से लाभ उठाना चाहता है।

भारत में वर्ष 2024 में 8.18 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा का उत्पादन हुआ था जो वर्ष 2014 में दर्ज 4.78 गीगावॉट उत्पादन के दोगुने से थोड़ा ही अधिक था। अगले 22 वर्षों में 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा का उत्पादन एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। सरकार एसएमआर में निजी क्षेत्र से निवेश पर निर्भर दिखाई दे रही है। निजी क्षेत्र पर निर्भरता इस बात से भी झलकती है कि सरकार नियंत्रित भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के लिए रकम का आवंटन वित्त वर्ष 2025-26 में 472 करोड़ रुपये घटा दिया गया है। सरकार ने परमाणु ऊर्जा विभाग का बजट भी 402 करोड़ रुपये कम कर दिया है। निजी क्षेत्र से निवेश स्वीकार करने की तत्परता दिखाने के लिए वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि सरकार परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम (सीएलएनडीए) में संशोधन करेगी। पहले कानून में संशोधन के बाद भारत में परमाणु ऊर्जा उत्पादन में एनपीसीआईएल का बोलबाला खत्म हो जाएगा। संभव है कि सरकार उस शर्त का समाधान निकालने की कोशिश करेगी जिससे भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते के बाद दुनिया में निजी क्षेत्र की परमाणु ऊर्जा कंपनियां निवेश के लिए आगे नहीं आ रही हैं। इस समझौते के अंतर्गत किसी परमाणु दुर्घटना से हुए नुकसान की सूरत में आपूर्तिकताओं और परिचालनकताओं की जवाबदेही तय की गई थी।

भारत छोटे रिएक्टर तैयार करने और इनका परिचालन करने में अपनी क्षमता की बखूबी नुमाइश कर चुका है। देश में स्थानीय स्तर पर तैयार एवं परिचालन करने वाले 22 परमाणु रिएक्टरों में से ज्यादातर की क्षमता रेटिंग 220 मेगावॉट (ई) है। भारत को परमाणु ऊर्जा से संचालित अपनी पनडुब्बी के लिए 85 एमडब्ल्यूई संयंत्र तैयार करने का भी अनुभव है। परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत डिजाइन टीम एक मॉड्यूलर संयंत्र प्रक्रिया में देश के इस अनुभव का लाभ उठाने में जुटा हुई है। इससे निजी क्षेत्र की इकाइयों के साथ तकनीक साझा करने की संभावनाएं मजबूत हो रही हैं। रिएक्टर तेजी से स्थापित करने, लागत में कमी, सुरक्षा चाक-चौबंद रखने की ताकत और रिएक्टरों की स्थापना में लचीलापन जैसी खूबियां होने के बावजूद कई दूसरी तरह की बाधाएं एसएमआर से जुड़ी भारत की महत्त्वाकांक्षाओं की राह में अवरोध पैदा कर सकती हैं। इन बाधाओं में लाइसेंस देने की मौजूदा व्यवस्था और ग्रिड-पावर प्राइसिंग का पुराना झमेला भी शामिल हैं। ग्रिड-पावर प्राइसिंग की दिक्कत तीन दशकों से अधिक समय से बिजली उत्पादन इकाइयों को चोट पहुंचा रही है। अधिकांश विश्लेषकों को लगता है कि अगले 22 वर्षों में 100 गीगावॉट परमाणु बिजली क्षमता के विकास उत्पादन का लक्ष्य हासिल करना कठिन होगा।

# महाकुंभ 2025: सांस्कृतिक और भाषाई धाराओं का भी अदभुत संगम

**धीरज बसाक**

**कुंभ**

महाकुंभ केवल एक धार्मिक स्नान पर्व नहीं, बल्कि यह भारत की विविध संस्कृतियों का अद्वितीय संगम है। इसमें विभिन्न धार्मिक परंपराओं, भाषाओं, पहनावों और खानपान की विविधताएँ एक साथ मिलती हैं। कुंभ मेला भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विविधताओं का जीवंत प्रदर्शन है, जिसमें देशभर से लोग अपनी आस्थाओं और परंपराओं के साथ शामिल होते हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक है, बल्कि एक सांस्कृतिक सम्मेलन भी है, जो भारत की बहुरंगी धरोहर को प्रदर्शित करता है।

महाकुंभ महज एक धार्मिक स्नान पर्वभर नहीं है बल्कि यह भारत की विविध संस्कृतियों का महाकुंभ भी है। कुंभ में भारत के कोने-कोने की विविध संस्कृतियों और परंपराओं का विराट संगम होता है।

वास्तव में महाकुंभ भारत की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विविधताओं का बेमिसाल मंच है। कुंभ में भारत के कोने-कोने के लोग आते हैं और अगर ब्योरे और आंकड़ों के आधार पर देखें तो करीब करीब पूरी दुनिया में बसे वे लोग जिनका सनातन परंपरा से रिश्ता है तथा जो भारत की इस बहुसांस्कृतिक विविधता के प्रशंसक हैं, वह भी कुंभ में हिस्सेदारी करने आते हैं। इस तरह देखें तो महाकुंभ भारत की धार्मिक विविधता का अनूठा मंच है। महाकुंभ में भारत के विभिन्न सम्प्रदायों और परंपराओं के साधु, संत, अखाड़े और भक्त शामिल होते हैं।

कुंभ के दौरान शैव, वैष्णवों, नागा साधु, उदासीपंथ और कई अन्य धार्मिक समुदायों के बीच चाहे जिस भी तरह के विभेद हों, वे सारे विभेद महाकुंभ में सम्मिलित होने के मुद्दे पर खत्म हो जाते हैं। सभी पंथों, समुदायों के साधु, संन्यासी और भक्त इसमें पूरी श्रद्धा और आस्था से हिस्सा लेते हैं। हर पंथ और परंपरा के साधुओं का यहां कुंभ के दौरान अखाड़ा सजता है।

इस तरह कुंभ में सिर्फ साधारणजनों की विविधता ही नहीं बल्कि साधु-संतों की इंद्रधनुषी विविधता भी देखने को मिलती है, साधु-संतों का भी संगम होता है। भाषाई विविधता भी एक वह सांस्कृतिक धरोहर है, जो कुंभ में विस्तृत ढंग से देखने को मिलती है। भारत के हर कोने के लोग कुंभ में स्नान के लिए आते हैं। उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूर्व से लेकर पश्चिम तक विविध पहनावों, विविध भाषा और विविध तरह की आस्थाओं को लेकर लोग महाकुंभ में एकत्र होते हैं और अपनी-अपनी भाषाओं, बोलियों, के साथ संगम में डुबकी लगाते हैं। इस दौरान पूरे महाकुंभ क्षेत्र में सैकड़ों तरह के धार्मिक अनुष्ठान, लोकनृत्य, संगीत और कलाओं का प्रदर्शन निरंतर चलता रहता है, जिससे भारत के अलग अलग क्षेत्रों की भरपूर सांस्कृतिक विविधता देखने को मिलती है।

खानपान की भी विविधताएं

यह विविधता महाकुंभ परिसर में भोजन और खानपान के तौर-तरीकों में भी खूब देखने को मिलती है। कहीं लोग पूरी कचौड़ी खा रहे होते हैं, कहीं लिट्टी चोखा सज रहा होता है, तो कहीं डोसा, कहीं गुजराती पकवान,कहीं दक्षिण भारतीय पकवान, कहीं पंजाबी पकवान तो कहीं बंगाली पकवान बन और बिक रहे होते हैं। पूरे कुंभ परिसर में खानपान की अनगिनत तरह की खुशबुएं आपस में मिलकर खुशबुओं का भी एक महासंगम बनाती हैं।

भाषाई-सांस्कृतिक कुंभ

दरअसल, महाकुंभ का समूचा बंदोबस्त विभिन्न संस्कृतियों को ध्यान में रखकर ही तैयार किया जाता है। कुंभ में देश के सभी 13 धार्मिक अखाड़ों के डेरे शामिल होते हैं, इसके लिए इन सभी धार्मिक अखाड़ों के लिए मेले में अलग-अलग स्थान आवंटित किये जाते हैं। जहां ये अखाड़े अपने तंबू और शिविर लगाते हैं, वहां उन अखाड़ों की अपनी विशिष्ट पहचान और परंपरा दिखती है। पुराने जमाने में राजा-महाराजा और स्थानीय प्रशासन अलग-अलग क्षेत्र के संतों और भक्तों के लिए विशेष तरह के स्थानों को चिन्हित करते थे ताकि यहां उन्हें असुविधा न हो। अब यही सब सरकार के जिम्मे है और सरकार अलग-अलग क्षेत्र के भक्तों, संतों और तीर्थयात्रियों को ध्यान में रखकर उनकी सुविधा और अनुष्ठानों के लिए जगह मुहैया कराती है। समूचे कुंभ क्षेत्र में डेढ़ महीनों तक पूरे भारत को भाषायी और सांस्कृतिक रूप में जीवंत ढंग से धड़कते हुए महसूस किया जाता है। सदियों की यह परंपरा आज भी कायम है।

आधुनिक प्रशासन और प्रबंधन ने इसे पहले से कहीं ज्यादा व्यवस्थित और सुविधाजनक बना दिया है। विभिन्न राज्यों के लिए अलग अलग जोन और शिविरों का प्रबंधन किया जाता है। विभिन्न तरह की धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए खास मंच तैयार किए जाते हैं। सरकारी सहायता और योजनाओं से सुनिश्चित किया जाता है कि कुंभ मेला में भाग लेने के लिए आने वाले प्रतिभागियों को सभी तरह की सहूलियतें बिना किसी सांस्कृतिक गतिरोध के मिल सकें। इस तरह देखें तो कुंभ का यह आयोजन भारत की बहुरंगी विविधताओं और संस्कृतियों का भी महाकुंभ है।

इस बार प्रयागराज महाकुंभ में दो दर्जन से ज्यादा भाषाओं के सूचना केंद्र निर्मित किये गये हैं। करीब 30 तरह के खानपान और भोजन प्रबंध किये गये हैं। कुंभ क्षेत्र में किसी भी तरह की परेशानी के लिए जगह-जगह पूछताछ केंद्र बनाये गये हैं और वहां एक एक केंद्र में कम से कम 10 भाषाओं के जानकारों को बैठाया गया है कि किसी भी क्षेत्र के व्यक्ति की समस्याओं को उसी की भाषा में कैसे आसानी से समझा जा सके। इस तरह देखा जाए तो कुंभ का आयोजन महज एक धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि यह भारत की विविध संस्कृतियों का बहुत बड़ा सांस्कृतिक सम्मेलन भी है।

महाकुंभ मेला सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक, भाषाई और धार्मिक विविधताओं का बेमिसाल संगम है। कुंभ मेला न केवल धार्मिक आस्थाओं का प्रतीक है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति के विविध पहलुओं का भी बेहतरीन आदान-प्रदान करने का एक मंच है, जो हर बार अपनी विशालता और भव्यता के कारण वैश्विक स्तर पर चर्चित होता है।

## स्पीड न्यूज

### ए ला एंगलाइज स्कूल भुरकुंडा में धूमधाम से सरस्वती पूजा संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को पूरे धूमधाम से सरस्वती की पूजा मनाई गई। सर्वप्रथम पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान मां सरस्वती सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं को जयकारो से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति ने सबों का मन मोह लिया। मंगलवार को हवन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान के साथ पूजा संपन्न हो गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर हवन कर मां सरस्वती की कृपा से अपने ज्ञान और कला को बढ़ाने की प्रार्थना की। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान और कला की देवी हैं। यह अनुष्ठान विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी को ज्ञान एवं विद्या की देवी मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त करने का संदेश दिया। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आध्यात्मिकता और संस्कारों का संचार करते हैं। पूजा-अर्चना में केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, धर्मेश सोनी, जय किशोर किशोर प्रसाद महतो, वैभव कुमार, राजन कुमार, अजीत शर्मा, सूरज देव सिंह, कृष्ण अम्बष्टा, कंचन दास, कुमार विश्वकसेन, सिद्धार्थ, अजीत सिन्हा, कंचन सोनी, गौरव साहू, अनुराग मद्धेशिया, मिथलेश बेदिया, सुजय, सीमा, रूचि सिंह, प्रिया, काजल बनर्जी, सोनी, चंचला, सुमन खालखो, नीतू सिंह, बबीता सिंह, शबाना खातून, ललिता कुमारी, गीता प्रसाद, सरिता कुमारी, प्रियंका पटेल, वर्षा टेटे, ट्विंकल पॉल, शबनम खातून, सपना मिंज, शीला देवी, पूजा कुमारी छात्र-छात्राएं सहित दर्जनों अभिभावक शामिल थें।

### रजरप्पा में सरस्वती की प्रतिमा विसर्जित



**रजरप्पा।** मंगलवार को डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ में विद्या कि देवी मां सरस्वती की पूजा का विर्सजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मातृसंस्था जन आकांक्षा के सचिव मनीकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर एवं प्रभारी प्राचार्य मो. परवेज अखतर मुख्य रूप से पूजा में उपस्थित रहे। मां सरस्वती की पूजा अचार्ना, हवन, आरती एवं विधि-विधान के साथ बीएड सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा के द्वारा सम्पन्न कराया गया। क्रमशः पूजा पाठ के बाद प्रसाद का वितरण किया गया, साथ ही सभी प्रशिक्षुओं एवं शिक्षको को भोजन भी कि गई तथा एक दुसरे के साथ रंग-गुलाल खेलकर एवं नृत्य संगीत करके माँ सरस्वती को विदाई दी गई। शिक्षकों में बीएड सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम, डीएलएड प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, बाबुचन्द प्रसाद, डॉ. राजेश महतो, सुलेखा कुमारी, वरूण कुमार, कर्मचारियों में नन्दलाल कुमार, सुश्री श्रेया गुप्ता, दिनेश कुमार, पुजा कुमारी, मुनिता देवी, सुनीता वर्मा, उमेश कुमार, पंकज कुमार, पवन कुमार, निर्मल महतो इत्यादि मौजूद रहे।

### कैंसर दिवस पर अग्रसेन स्कूल में परिचर्चा




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मंगलवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में अलग-अलग कक्षा के विद्यार्थियों के बीच कैंसर के संबंध में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के कारणों एवं इससे बचने के उपायों पर अपनी-अपनी बात रखी। विद्यार्थियों ने वर्तमान समय में गुटखा और पान मसाला सेवन को कैंसर का प्रमुख कारण बताया। गलत लाइफ स्टाइल, जंक फूड का अत्यधिक सेवन, पॉलीथिन का अत्यधिक प्रयोग, स्वच्छता को दरकिनार करने को भी कैंसर का कारक बताया। कहा कि कैंसर जैसी बीमारी की गिरफ्त में आने से पहले हमारा शरीर कई तरह के संकेत देता है। लेकिन हम उन लक्षणों की अनदेखी करने लगते हैं। जिसके कारण बाद में बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। विद्यार्थियों ने परिचर्चा में कहा कि कैंसर स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य परीक्षण से बीमारी का पता समय पर लग सकता है, जिससे उसके इलाज में मदद मिलती है। महिलाओं को स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर आदि के बारे में तो और भी सजग रहना चाहिए। व्यक्तिगत स्वच्छता भी जरूरी होती है। लोगों को उत्तम स्वास्थ्य के लिए व्यायाम और योग करने की आदत डालनी चाहिए। कैंसर दिवस के बाबत कहा कि यह विश्व कैंसर दिवस पूरी दुनिया को इस विषय पर एकजुट होने का मौका प्रदान करता है। ऐसे अवसरों पर लोगों को इस जटिल समस्या का सामना करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। विद्यार्थियों ने अभिभावकों से पान, बीड़ी गुटखा व तंबाकू आदि पदार्थों का त्याग करने की अपील की।

### प्रयागराज में मिला सीसीएल कर्मी

**कुजू।** महाकुंभ स्नान कर लौटने के दौरान बनारस में भटक गए करमा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत पुरनाडीह पुलिया टोला के कोलेश्वर महतो प्रयागराज में मिले। परिजन करीब 50 घंटे में कौलेश्रर महतो को ढुंढने में सफल है। परिजन बताते हैं कि बनारस के पास वे उतरे जरूर थे। रात होने की वजह से वह समझ नहीं पाए। कोलेश्वर दोबारा प्रयागराज जाने वाले बस में बैठ गए। खोजबीन करते करते 11 बजे रात्रि प्रयागराज रेलवे स्टेशन पहुंचे तो ठंड से ठिठुर रहे थे।

# हेठ टोला और देवांगना में पथराव, आधा दर्जन घायल

**सरस्वती पूजा में डांस को लेकर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट**

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। सोमवार रात हजारीबाग के हेठ टोला कोर्रा और देवांगना इलाके के बीच जमकर पथराव हुआ, जिसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इनमें से एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने के कारण उसे रिम्स रेफर किया गया है। घटना देर रात करीब 9:30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, देवांगना दुर्गा पूजा समिति के प्रांगण में मां शारदे की पूजा के बाद स्थानीय युवक नाच-गाने में मशगूल थे। इसी दौरान हेठ टोला कोर्रा के कुछ युवक भी वहां पहुंचे और नृत्य में शामिल हो गए। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस छिड़ गई, जो जल्द ही धक्का-मुक्की में बदल गई। हेठ टोला कोर्रा के युवक वहां से लौट गए, लेकिन करीब आधे घंटे बाद अचानक उनकी ओर से पथराव शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों गुटों के बीच जमकर पत्थरबाजी और मारपीट होने लगी, जिसमें कई लोग घायल हो गए। इस दौरान राजेश ठाकुर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात संभालने की कोशिश की, लेकिन उपद्रवियों ने पुलिस की गाड़ियों पर भी पथराव कर दिया, जिसमे कई गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी साथ ही एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। फिलहाल पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। इस घटना से इलाके में तनाव बना हुआ है। इस मामले में देवांगना सरस्वती पूजा समिति की ओर से कोर्रा थाने में आवेदन भी दिया गया है जिसमे शिव कुमार पिता फागु हरी, राजू हरी पिता सरजू हरी, रमेश मुंडा पिता राजकिशोर मुंडा, अनीश मुंडा पिता मुंसी मुंडा, बड़कू हरी, छोटू हरी पिता चंद्र राम, हिटलर पिता मुंसी हांडी, गुड्डू कुजूर, लीलू कुजूर, धर्मवीर कुजूर, लक्ष्मण उरांव, अभिषेक कच्छप, दिलु राम, मेघनाद राम, भोला राम सहित अन्य लोगो पर शराब पीकर आराजकता व उपद्रव फैलाने का आरोप लगाया गया है।

# लंबित केवाइसी को जल्द करें पूरा : डीसी

- रामगढ़ के उपायुक्त ने की कृषि विभाग की समीक्षा, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** कृषि एवं सम्बद्ध विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त के द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की गयी जिसके उपरांत उन्होंने विभागवार संचालित योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की।

उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को आगामी 17 फरवरी को जिला स्तरीय कृषि मेला का आयोजन करने का निर्देश दिया वहीं कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त में लंबित ई केवाईसी कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।जिला सहकारिता कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कंप्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए चिन्हित सभी 92 पैक्सों में 15 फरवरी तक कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में नवनिर्मित मिनी कोल्ड स्टोरेज का संचालन जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा के क्रम में राइस मिल संचालकों के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द पैक्सों से धान उठाओ करने एवं नियमित रूप से धान अधिप्राप्ति सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को बैकयार्ड फिशिंग के तहत क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों को लेकर प्रस्ताव तैयार करते हुए शुक्रवार तक डीपीआर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयोग ने किसानों को कृषि की नई-नई तकनीक के प्रति जागरूक करने एवं किसानो की आय बढ़ाने हेतु किए जाने वाले कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने फसल बीमा, ऋण माफी, केसीसी आदि के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों का बेहतर संचालन करने एवं प्रभावी तरीके से योजनाओं का लाभ आम जनों तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

### 600 अबुआ आवासों में गृह प्रवेश आज

**रामगढ़।** अबुआ आवास योजना के तहत 5 फरवरी को जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित होने वाले गृह प्रवेश कार्यक्रमों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से उनके द्वारा 5 फरवरी के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विधायक, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, जिला परिषद सदस्य, मुखिया सहित अन्य को कार्यक्रम में आमंत्रित करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना के तहत जिले के सभी प्रखंडों में निर्मित कुल 600 आवासों का गृह प्रवेश किया जाएगा। इसके लिए प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे वहीं जिला स्तर से प्रतिनियुक्त वरीय अधिकारियों, अधिकारियों के द्वारा स्थल निरीक्षण कर कार्यक्रम का जायजा लिया जाएगा वही लाभुकों से भी कई आवश्यक जानकारियां ली जाएगी। अबुआ आवास योजना के लाभुकों को जिला प्रशासन रामगढ़ की तरफ से बर्तन सेट भी भेंट किया जाएगा।

## तीरंदाजी में तमन्ना वर्मा का शानदार प्रदर्शन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के फाइनल में झारखंड की टीम पहुंची है। टीम का फाइनल मुकाबला आगामी 6 फरवरी को महाराष्ट्र के साथ होगा। झारखंड की टीम में भुरकुंडा लपंगा कॉफलोनी निवासी शेखर वर्मा और रूबी वर्मा की पुत्री तमन्ना वर्मा भी शामिल है। सोमवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में झारखण्ड की टीम ने हरियाणा को हराकर फाइनल में जगह बनायी। शेखर वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए दिसंबर माह में टाटा में ट्रायल हुआ था। जिसमें शानदार प्रदर्शन के दम पर तमन्ना ने राष्ट्रीय टीम में जगह बनायी थी। मालूम हो कि तमन्ना वर्मा बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी में पिछले दो सालों से अभ्यास कर रही है। झारखंड टीम में तमन्ना वर्मा के साथ झारखंड की बेटी पदम श्री अवॉर्ड से सम्मानित दीपिका कुमारी, ओलंपियन अंकिता भगत, वर्ल्ड चैंपियन कोमोलिका बारी शामिल हैं। इधर अपनी पुत्री की कामयाबी से गदगद माता रूबी वर्मा और पिता शेखर वर्मा ने कहा कि बच्चों की कामयाबी ही माता-पिता के लिए सबसे बड़ा उपहार होता है। हमें पूरा विश्वास है कि तमन्ना अपने सपने को जरूर पूरा करेगी। उसकी कामयाबी के लिए हर संभव और सार्थक कदम उठाते रहेंगे, उसकी कामयाबी में किसी चीज को बाधा नही बनने देंगे। वहीं तमन्ना 2028 के ओलंपिक में जाने का ख्वाब संजाये हुए है। इसके लिए वो दिन-रात पसीना बहा रही है। फाइनल में प्रवेश के बाद तमन्ना वर्मा को बिरसा मुंडा एकादमी के प्रेसिडेंट नेहा महतो, सुदेश महतो, विधायक रोशनलाल चौधरी ने टीम को बधाई देते फाइनल में जीत की उम्मीद जतायी है।

### कुजू के शिक्षण संस्थानों में सरस्वती की पूजा संपन्न



**कुजू।** कुजू के शिक्षण संस्थानों में सोमवार को मां सरस्वती की पूजा हुई। विद्यालय प्रबंधन व छात्र-छात्राओं द्वारा मिलकर विद्यालय मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गयी। इसके बाद विधिवत पूजा अर्चना किया गया। क्षेत्र के परवरिश एजुकेयर स्कूल कुंदरिया बांध, डटमा मोड़ स्थित सर्वोदय निकेतन, बालिका उच्च विद्यालय मुरपा, आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय कुजू चौक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरपा आदि विद्यालयों में मां सरस्वती की धूम रही। पूजा को लेकर परवरिश एजुकेयर स्कूल के निर्देशक शैलेंद्र सिंह ने बसंत पंचमी के अवसर पर सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि आज के दिन ज्ञान, बुद्धि, विवेक और संगीत की देवी माता सरस्वती की पूजा-अराधना हर जगह की जा रही है, परंतु स्कूल में पूजा का खास महत्व हैं, सरस्वती पूजा का त्योहार अब सभी जाती धर्म के लोग एक साथ मिलकर करते हैं। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह और कन्वेनर प्रकाश रंजन ने विद्यालय को सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं दी।

## सभी की मनोकामना पूर्ण करते हैं भगवान चित्रगुप्त : ममता देवी

- श्री श्री चित्रगुप्त सह महादेवी दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्व संपन्न
- भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु



**रामगढ़।** बिजुलिया तालाब रोड स्थित श्री श्री चित्रगुप्त मंदिर के वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी एवं विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यख अरूण कुमार सिन्हा उपस्थित थे। ममता देवी ने भगवान चित्रगुप्त का आशीर्वाद लिया और उनसे क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। विधायक ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त अपने श्रद्धालुओं के प्रति काफी दयालु हैं और सभी की मनोकामना पूर्ण करते हैं।मंदिर प्रबंधन समिति ने विधायक से मंदिर के समीप सामुदायिक भवन और आने जाने के लिए सड़क और नाली का निर्माण करवाये जाने की मांग की। जिसपर विधायक ने कहा कि प्रबंधन समिति की मांग पर शीघ्र कार्य किया जाएगा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के आगमन पर प्रबंधन समिति ने माल्यार्पण कर व चुनरी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि यहां पर स्थापित भगवान चित्रगुप्त का मंदिर काफी पुराना है। कहा कि अब यह स्थान काफी ख्याति अर्जित कर चुका है और चित्रगुप्त नगर के रूप में जाना जाता है। दुर्गा एवं भगवान चित्रगुप्त का पूजन, रूद्राभिषेक सहित कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किये गये। अनुष्ठान पुजारी सनोज पांडे ने यजमान आशुतोष सिन्हा सप्तनीक के हाथों संपन्न करवाया। सभी धार्मिक अनुष्ठान पंडित सनोज पांडे ने यजमान आशुतोष सिन्हा के हाथों संपन्न करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्रगुप्त महापरिवार के अध्यक्ष दीपक सिन्हा एवं संचालन राजेश कुमार ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन विनोद श्रीवास्तव ने किया। 3:30 बजे से मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचे। मौके पर विनोद श्रीवास्तव, राजेश कुमार, दीपक सिन्हा, रोहित वर्मा, संजय लाला संजय सिन्हा, नितिन सिन्हा, मुकेश यादव, विजय कुमार , विवेक सिन्हा, उमेश सिन्हा,निखिल श्रीवास्तव, विक्की सिन्हा, गुड्डू श्रीवास्तव, राजेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव, रवि शंकर प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, मिथिलेश सिन्हा ,अमित सिन्हा, रोहित गुप्ता, शैलेंद्र ठाकुर , मुकेश कुमार , राजेंद्र सिन्हा, डॉ उदय श्रीवास्तव, प्रियदर्शी सुमन, प्रभाकर कुमार, नितेश सिन्हा, अधिवक्ता सत्य प्रकाश सिन्हा सहित चित्रांश महिला -पुरुष मौजूद थे।

## एक नजर में

### हजारीबाग रजिस्ट्री ऑफिस में प्रचार बोर्ड गिरने से महिला गंभीर रूप से घायल



**हजारीबाग।** जमीन रजिस्ट्री कराने आई एक महिला के लिए यह दिन किसी बड़े हादसे से कम नहीं रहा। रजिस्ट्री ऑफिस के पास प्रचार के लिए लगाया गया एक बोर्ड अचानक गिर पड़ा, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रचार बोर्ड लोहे के एंगल से जुड़ा हुआ था, लेकिन उसकी स्थिति बेहद जर्जर थी। हवा चलने से अचानक बोर्ड का संतुलन बिगड़ा और लोहे का एंगल सीधे महिला के सिर पर गिर गया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस हादसे के बाद रजिस्ट्री ऑफिस की लापरवाही पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब बोर्ड की स्थिति खराब थी तो रोज वहां आने-जाने वाले अधिकारियों की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ी? आखिर इतनी बड़ी लापरवाही क्यों बरती गई? घटना के बाद लोगों में आक्रोश है। वे प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन इस गंभीर हादसे को लेकर कोई क्या ठोस कदम उठाएगा।

### टाटीझरिया : मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन



टाटीझरिया। प्रखंड क्षेत्र के झरपो, भराजो, खैरा, डूमर, टाटीझरिया, डहरभंगा, धरमपुर, बेडम समेत आठों पंचायतों में इस वर्ष भी मां सरस्वती की पूजा हर्षोल्लास और भक्ति भाव से संपन्न हुई। पूरे क्षेत्र में विभिन्न विद्यालयों, कॉलेजों और सांस्कृतिक संस्थानों में वैदिक मंत्रोच्चारण और विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ विद्या की देवी का आह्वान किया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल, एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया, अरुण मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल झरपो, रामानुजम डिग्री कॉलेज, झरपो मध्य विद्यालय, उचित नारायण उच्च विद्यालय, झंकार क्लब, पंचायत, ट्विंकल स्टार झरपो, उत्क्रमित विद्यालय मोहलनीया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय लोधी, राजकीय उत्क्रमित विद्यालय भुइंया टोला झरपो, वर्तिका बाल वाटिका प्ले स्कूल झरपो समेत कई शिक्षण संस्थानों में प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और छात्रों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मां सरस्वती की आराधना की। पूजा-अर्चना के उपरांत भक्तजनों ने माता से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और सद्बुद्धि का आशीर्वाद मांगा।

### दारू में धूमधाम से सरस्वती पूजा संपन्न



**दारू।** बसंत पंचमी के अवसर पर दारू प्रखंड सहित आसपास के गांवों और शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की भव्य पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव और उल्लास के साथ माता को विदाई दी। मंगलवार को हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने विसर्जन यात्रा निकाली, जिसमें ढोल-नगाड़ों, फूलों और रंग-बिरंगी झांकियों के साथ मां सरस्वती की प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। दारू पुराना दुर्गा मंडप, झुमरा, जिनगा, खरिका, दारू, पेटो, हरली, जोनिया, महेशरा, मेडकुरी, पुनाई, कबीलाशी सहित विभिन्न गांवों और अल्फा कॉर्नर, जे आर बी मेमोरियल स्कूल, सनराइज पब्लिक प्लस 2 हाई स्कूल, छत्रपति पब्लिक प्लस 2 हाई स्कूल, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, बिरसा मेमोरियल स्कूल, ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, किड्स गार्डन जैसे सरकारी और निजी स्कूलों में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। विसर्जन के दौरान युवाओं और विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। वे मां सरस्वती से विद्या और ज्ञान का आशीर्वाद मांगते हुए ₹मां सरस्वती की जय₹ के जयकारे लगाते रहे। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।

### संगठनात्मक चुनाव को लेकर कार्यशाला



रामगढ़। संगठनात्मक चुनाव को लेकर भाजपा जिला कार्यालय हाथमरा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला चुनाव अधिकारी व प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह, चंद्रशेखर चौधरी विशेष रूप से उपस्थित थे। संगठनात्मक चुनाव प्रवेक्षक पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने उपस्थित कार्यकताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि संगठन महापर्व में हमें प्रदेश द्वारा दिए कार्य को पूरा करना है। आनेवाले समय में हमें क्या क्या कार्य करना है उस पर ध्यान दिलाया। उन्होंने चुनाव अधिकारी और सहयोगी के कार्य के सम्बन्ध में क्या करना है बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार भाजपा संगठनात्मक चुनाव को सम्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से हमें पूरा भरोसा था कि झारखण्ड में हमारी सरकार बनेगी किन्तु निराशा हुई है। चुनाव में हार जीत लगा रहता है। निरन्तर जनसंघ काल से भाजपा के स्थापना के साथ निरन्तर कार्य करते हुए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी के नेतृत्व में 2 सीट आने पर आज आपके मनोबल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक ऊंचाई पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा है बुथ से लेकर जिला तक संगठनात्मक चुनाव को सर्वसहमति से करना है। सरोज सिंह ने कहा कि जिस बुथ में 50- 50 प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं उस बुथ समिति का चुनाव संपन्न करवाना है। उन्होंने मण्डल अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के चुनावी प्रक्रिया को समझाया।

### एनएमएल पकरी बरवाडीह ने कोयला उत्पादन में रचा इतिहास, प्रदूषण घटाने का किया वादा




**हजारीबाग।** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने सीकरी कार्यालय परिसर में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया, जिसमें परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब और विभागीय प्रमुखों ने मीडिया से संवाद किया। प्रोजेक्ट प्रमुख ने बताया कि 31 जनवरी 2025 तक परियोजना ने 14.48 मिलियन मीट्रिक टन कोयला उत्पादन हासिल कर लिया, जो वित्तीय वर्ष के लक्ष्य का 85.15 मैट्रिक टन है। डिस्पैच भी 3,854 रैक के साथ 85.02मैट्रिक टनलक्ष्य तक पहुंच चुका है। जनवरी 2025 में परियोजना के इतिहास में सबसे अधिक कोयला उत्पादन (1.64 एमएमटी) और ओवरबर्डन रीमूवल (7.46 एमसीएम) हुआ, जो एक नया रिकॉर्ड है। प्रेस वार्ता में परियोजना प्रमुख ने घोषणा की कि एक अप्रैल 2025 से केवल कोयले का ही सड़क मार्ग से परिवहन किया जाएगा, जबकि शेष उत्पादन को पूरी तरह कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से ले जाया जाएगा। इस पहल से आसपास के क्षेत्रों में सड़क प्रदूषण में भारी कमी आएगी और स्थानीय लोगों को बेहतर पर्यावरण मिलेगा। तैय्यब ने मीडिया की भूमिका की सराहना की और क्षेत्रीय विकास में योगदान देने का संकल्प दोहराया। उन्होंने पत्रकारों को क्रैश हेलमेट और मिठाई के पैकेट भेंट कर आभार व्यक्त किया।

# पृथ्वी पर मानवता का अद्वितीय समागम है महाकुंभ

## भारतीय समाज की विविधता और एकता को दशार्ता महाकुंभ प्रयाग राज में बना विश्व कीर्तिमान

शिवानन्द उपाध्याय



प्रयागराज महाकुंभ में अब तक 35 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके है और मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ और कुछेक आगजनी की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को छोड़कर कुलमिलाकर मेला शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है, जो प्रशासन की तैयारियों और सुरक्षा उपायों का अच्छा संकेत है। मौनी अमावस्या की रात को हुई दुखद घटना निश्चित रूप से सभी के लिए एक गहरी पीड़ा का कारण बनी लेकिन ऐसे समय में श्रद्धालुओं की भक्ति और अध्यात्मिक शक्ति किसी भी विपरीत परिस्थिति से उबरने में मदद करती है। इस त्रासदी से उबरकर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ अपने धार्मिक और अध्यात्मिक अनुष्ठानों को पूरा किया ` जिस तरह से संतों, श्रद्धालुओं, प्रशासन और राज्य सरकार ने मिलकर स्थिति को संभाला, वह काबिलेतारीफ है। अखाड़ों ने अपने धार्मिक अनुष्ठान की प्राथमिकता को दरकिनार कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि मानते हुए स्थिति सामान्य होने तक अमृत स्नान करने से इनकार कर दिया था` यह हमारी महान संत परंपरा की मानवीयता, संवेदनशीलता और सहनशीलता का उदाहरण है` यह कदम न सिर्फ एक परंपरा के प्रति सम्मान को दिखाता है, बल्कि समाज के प्रति उनकी ज़िम्मेदारी को भी उजागर करता है। संतों का धैर्य और संयम, श्रद्धालुओं द्वारा सहनशीलता, और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तत्परता दिखाना एक आदर्श उदाहरण है कि कठिन परिस्थितियों में भी एकजुटता और समर्पण से समाधान निकाला जा सकता है। राज्य सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएँ, जैसे चिकित्सा सेवाएँ, सुरक्षा प्रबंध और यातायात सुविधाएँ, वास्तव में लोगों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण थीं।

प्रयागराज में महाकुंभ का अयोजन पृथ्वी पर मानवता का सबसे बड़ा और अद्वितीय समागम है, जिसका न केवल धार्मिक महत्व है, बल्कि यह विज्ञान, ज्योतिष, और आध्यात्मिकता का एक दुर्लभ संगम है। यह हमारे समाज की अस्मिता, संस्कृति और सनातन धर्म का भी महाकुंभ है। यह केवल नदियों का समागम नहीं, यह विविध संस्कृतियों, संस्कारों, विभिन्न आश्रमों, और अखाड़ों का समागम है, यह धर्म, अर्थ और मोक्ष का समागम है, देश और विदेश का समागम है। यह हमारे सांस्कृतिक धरोहर की गहरी जड़ों से जुड़ा हुआ है, जो सदियों से हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। कुम्भ मेला उस महान परंपरा का प्रतीक है, जिसमें हम अपने जीवन के उच्चतम आदर्शों, आध्यात्मिक जागरण और सामाजिक सद्भावना को अपनाते हैं।

महाकुंभ धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक चेतना की यात्रा से लेकर यह ब्रह्मांडीय ऊर्जा से जुड़ा एक विराट आयोजन है। यह तीर्थयात्रा नहीं, बल्कि आत्मयात्रा है। यह याद दिलाता है कि हम केवल शरीर नहीं, बल्कि अनंत चेतना हैं। जो इस सत्य को समझ लेता है, वही सच्चे अर्थों में महाकुंभ के उद्देश्य को पूर्ण करता है। यहां साधु-संत, विद्वान और भक्त आत्मबोध, विचार-विमर्श और सत्संग के मंथन के लिए जुटते हैं। इस मंथन से जो भी निकले, वह सबके लिए होता है।

यह आयोजन एक समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है, जो भारतीय समाज की विविधता और एकता को दशार्ता है। लाखों लोग अपनी सारी असुविधाओं, कष्टों और थकान के बावजूद केवल एक लक्ष्य को लेकर आते हैं–अपनी आस्था और विश्वास को जीवित रखना। हर किसी की यात्रा, उसकी आस्था और उसके संघर्ष में कुछ ऐसा होता है जो भारत के धर्मनिष्ठा के असली रूप को बयान करता है। यह वो भारतीय धर्म है जो मौन रूप से, बिना किसी दिखावे के, बिना किसी भव्यता के, निःस्वार्थ भाव से अपनी श्रद्धा व्यक्त करता है। महाकुंभ बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक यात्रा है। यदि व्यक्ति श्रद्धा और भक्ति के साथ यहां आता है, तो यह एक यात्रा नहीं, बल्कि जीवन को बदलने वाली यात्रा हो सकती है।

इस कुम्भ में किसी भी तरह की ऊंच-नीच या भेदभाव से परे संतों और श्रद्धालुओं का जो सैलाब उमड़ पड़ा, वह सनातन का ऐसा महासागर है जो उनलोगों समाजद्रोहियों, जो जाति-जाति से लेकर जातिगत जनगणना तक गलाफाड़ रोदन करते है, के लिए एक मुखर संदेश है कि हमें अपनी पहचान को किसी संकीर्ण दायरे में नहीं बांधना चाहिए। कोई किसी से यह नहीं पूछता कि कौन किस प्रदेश या जाति से है। इस महाकुंभ में समूचे भारत की रीति-रिवाज, खानपान, रहन-सहन और वेशभूषा मिलकर भारतीय संस्कृति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं। महंगाई और आवागमन की चुनौतियों के बावजूद, श्रद्धालुओं का उत्साह बिल्कुल भी कम नहीं हुआ है।

यह किसी एक जगह पर भारत की संपूर्णता का प्रतिनिधित्व करता है। महाकुंभ एक ऐसा अवसर है, जहां दुनियावी वैभव और आत्मिक वैराग्य दोनों का मिलन होता है। वैभव के साथ वैराग्य का यह संगम न केवल भारतीय संस्कृति की विशेषता है, बल्कि यह बताता है कि किसी भी जीवन में शांति और संतुलन को बनाए रखना जरूरी है। एक ओर जहां हमारे पास सांसारिक संपत्ति और सुख-सुविधाएं हो सकती हैं, वहीं दूसरी ओर हमें आत्मिक शांति और संतुलन की ओर भी ध्यान देना चाहिए। यह मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन के गहरे अर्थ और उद्देश्य को खोजने की यात्रा भी है। यहां तक कि विदेशी लोग भी इस महान आयोजन का हिस्सा बनते हैं और भारतीय संस्कृति का अनुभव करते हैं।

यद्यपि उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ मेले के आयोजन के लिए तमाम सुविधाजनक प्रबंधों और डिजिटल तैयारियों करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ के अनुभव को यादगार बनाने की पुरजोर कोशिश की है` फिर भी जब किसी बड़े आयोजन में कोई त्रासदी होती है, तो यह केवल एक घटना नहीं होती, बल्कि पूरे आयोजन के दौरान की गई व्यवस्थाओं और निर्णयों की भी परख होती है और यह समझा जाए कि किस स्तर पर चूक हुई। महाकुंभ की सफलता या विफलता न केवल श्रद्धालुओं के अनुभव पर, बल्कि आयोजकों की योजना, प्रबंधन, और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी निर्भर करती है। महाकुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में, जहां लाखों लोग आते हैं, वहां वीआईपी कल्चर एक बड़ी विसंगति बन जाती है। यह वीआईपी कल्चर आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन जाता है ` आम श्रद्धालुओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, क्योंकि वे ही आयोजन की असल ताकत होते हैं। संत-महंतों और अखाड़ों के महत्व को समझते हुए, आम श्रद्धालुओं के लिए भी सुलभता और सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए।

तमाम किन्तु-परन्तु के बावजूद यह महाकुंभ एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत करता है जिसके तहत धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को आर्थिक वृद्धि से जोड़कर समग्र विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है। महाकुंभ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन ने न केवल सनातन की जड़ों को मजबूत किया है, बल्कि यह एक शक्तिशाली आर्थिक इंजन बनकर पर्यटन, होटल व्यवसाय, परिवहन, स्थानीय विपणन, और कृषि जैसे क्षेत्रों में भी अर्थव्यवस्था को गति प्रदान किया है साथ ही वैश्विक स्तर पर हमारे देश की साख और पहचान को भी बढ़ा रहा है।

### 26 या 27 फरवरी कब है महाशिवरात्रि, जानिए तिथि, रात्रि चार प्रहर की पूजा का शुभ मुहूर्त और महत्व

इस साल महाशिवरात्रि का व्रत 26 फरवरी को रखा जाएगा। मान्यता है कि इस दिन महाकुंभ स्नान का अंतिम विशेष स्नान की तिथि भी होगी।

शास्त्रों में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व बताया गया है- हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। शास्त्रों के मुताबिक इस दिन भोलेनाथ का प्राकट्य हुआ था। साथ ही भगवान शिव का विवाह भी इस दिन माना जाता है। मान्यता है जो व्यक्ति इस दिन व्रत रखकर भोलेनाथ की आराधना करता है भगवान शिव उसके सभी मनोरथ पूर्ण करते हैं। आपको बता दें कि इस साल महाशिवरात्रि का त्योहार 26 फरवरी को मनाया जाएगा। आइए जानते हैं चार पहर की पूजा का समय और तिथिङ्क

वैदिक पंचांग के अनुसार फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 8 मिनट से शुरू होगी और इसका अंत 27 फरवरी को सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर है। महाशिवरात्रि की पूजा में रात्रि के प्रहर की पूजा का महत?व खास माना जाता है इसलिए महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मानी जाएगी।

राजयोग बनने से व्यक्ति बनता है अकूत धन- संपत्ति का मालिक, करियर और कारोबार में मिलती है तरक्की, देखें- कहीं आपकी कुंडली में तो नहीं बन रहा ये योग

जलाभिषेक करने का शुभ समय

वैदिक पंचांग के अनुसार शिवलिंग पर जलाभिषेक का शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 47 मिनट से 9 बजकर 42 तक है। उसके बाद 11 बजकर 6 मिनट से 12 बजकर 35 मिनट तक जलाभिषेक होगा। वहीं उसके बाद शाम को जलाभिषेक का मुहूर्त रहेगा, जो 3 बजकर 25 मिनट से 6 बजकर 8 मिनट तक। साथ ही अगर रात्रि जलाभिषेक के मुहूर्ति की बात करें तो रात्रि में 8 बजकर 54 मिनट से 12 बजकर 1 मिनट तक पूजा का शुभ समय रहेगा।

रात्रि 4 प्रहर की पूजा के शुभ मुहूर्त

महाशिवरात्रि के दिन चार पहर की पूजा करने का विशेष महत्व है। पहला प्रहर शाम को 6 बजकर 18 मिनट से रात को 9 बजकर 25 मिनट तक होगा। वहीं दूसरा प्रहर रात को 9 बजकर 26 मिनट से शुरू होगा जो 27 फरवरी सुबह 12 बजकर 35 मिनट तक रहेगा। साथ ही तीसरा प्रहर 27 फरवरी को रात 12 बजकर 35 मिनट से 3 बजकर 42 मिनट तक रहेगा। वहीं चौथा और आखिरी प्रहर 27 फरवरी को सुबह 3 बजकर 41 मिनट से आरंभ होगा और 6 बजकर 4 7मिनट तक रहेगा।

## महाकुंभ से विदा लेने लगे संत महात्मा और नागा त्रिशूल, चिमटा समेटने लगे नागा संन्यासी

बीएन पाण्डेय

**हरिद्वार कुंभ में मिलने का वादा...अब कढ़ी पकौड़ी का इंतजार**

सोमवार को तीसरे स्नान के बाद से नागा संन्यासियों ने अपना समान एकत्र करना शुरू कर दिया। निरंजनी, महानिवार्णी एवं जूना अखाड़े के बाहरी पटरी पर पिछले 22 दिनों से धूनी रमाए नागा संन्यासी अपना सामान समेटने लगे।

अंतिम अमृत स्नान पूरा होने के साथ ही अखाड़ों में अब विदाई का दौर आरंभ हो गया। छावनी में कढ़ी पकौड़ी की परंपरागत पंगत के बाद सभी साधु-महात्मा एक दूसरे से विदा लेकर काशी रवाना हो जाएंगे। अचला सप्तमी के बाद अलग-अलग अखाड़ों में कढ़ी पकौड़ी होगी। सबसे पहले शैव अखाड़े के संन्यासी विदाई लेंगे। उसके बाद अनी एवं उदासीन अखाड़ों के साधु-संत विदा होंगे। हालांकि, अखाड़ों की धर्मध्वजा महाशिवरात्रि के बाद ही छावनी से उतारी जाएगी। अब सभी अखाड़ों की अगली मुलाकात दो साल बाद हरिद्वार अर्द्धकुंभ में होगी।

**धूनी के साथ जमीन पर गड़ा चिमटा उखाड़ा**

सोमवार को तीसरे स्नान के बाद से नागा संन्यासियों ने अपना समान एकत्र करना शुरू कर दिया। निरंजनी, महानिवार्णी एवं जूना अखाड़े के बाहरी पटरी पर पिछले 22 दिनों से धूनी रमाए नागा संन्यासी अपना सामान समेटने लगे। धूनी के साथ जमीन पर गड़ा चिमटा उखाड़कर उसे कपड़े से बांध लिया। त्रिशूल एवं तलवार भी बक्से में रख ली।

**कढ़ी-पकौड़ी के बाद धूनी भी कर देंगे ठंडी**

निरंजनी अखाड़ा के नागा संन्यासी महेंद्र पुरी के मुताबिक, कढ़ी-पकौड़ी के बाद धूनी भी ठंडी कर देंगे। पिछले करीब एक माह से श्रद्धालुओं को आशीष बांट रहे नागा संन्यासी अब यहां से जाने के लिए ट्रक, ट्रैक्टर एवं वाहनों के बंदोबस्त में लगे हैं। उनका कहना है कि अचला सप्तमी तक अधिकांश संन्यासी यहां से चले जाएंगे। अनी अखाड़े के संन्यासी धूना तपस्या पूरी करके के साथ ही त्रिजटा स्नान को यहां ठहरेंगे।




इसके बाद वह भी यहां से रवाना हो जाएंगे।

**नए बने नागाओं को काशी में मिलेगा प्रमाण पत्र**

जिन नागाओं की दीक्षा कुंभ नगरी में हुई है, उनको अखाड़ों का प्रमाण पत्र काशी से मिलेगा। इसके साथ ही नए बने महामंडलेश्वर, महंत समेत रमता पंच के सदस्यों को भी मोहर छाप काशी से ही नई बनवानी पड़ेगी।। महाकुंभ के साथ ही उनके पुराने सभी प्रमाण पत्र भी रद हो जाते हैं। अब इनको नए सिरे से बनवाया जाएगा।

**वैष्णव संत करेंगे त्रिजटा स्नान**

वैष्णव परंपरा के संत यहां त्रिजटा स्नान तक ठहरेंगे। फाल्गुन मास की तृतीया तिथि पर त्रिजटा स्नान का मुहूर्त माना जाता है। तमाम वैष्णव संत भी इस स्नान के लिए खास तौर से प्रयाग आते हैं। इस वर्ष महाकुंभ होने की वजह से वह यहां रहकर ही त्रिजटा स्नान करेंगे। इसके बाद ही उनकी यहां से रवानगी होगी हालांकि मेले का औपचारिक समापन शिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व के बाद होगा।

# अखाड़ों का अनूठा संसार, संतों-साधकों और जिज्ञासु श्रद्धालुओं का विराटतम समागम

कौशल सिखौला

### प्रयाग में आयोजित महाकुंभ मेले में शामिल नागा साधु





हर बारह साल आने वाला महाकुंभ विराटतम मेला है संतों-साधकों और आध्यात्मिक विभूतियों का। श्रद्धालु यहां स्नान व ज्ञान के साथ ही दिव्यता की अनुभूति करने आते हैं। संतों के कुल तेरह अखाड़े आज भी आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार पीठों के अनुशासन के अधीन कुंभ में वास-तप करते हैं। दशनामी संन्यासियों, बैरागियों, उदासियों के लाखों साधु यहां आये हैं। वहीं देशी-विदेशी श्रद्धालु यहां देखने आये हैं- नागा, अघोरी व किन्नर साधुओं का अद्भुत संसार।

प्रयागराज में कुंभ महापर्व के अवसर पर संतों का अद्भुत संसार सजा हुआ है। शंकराचार्य सहित अखाड़े, मठ, आश्रम सभी के आचार्य धर्मनगरी में विराजमान हैं। महाकुंभ में जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वारा स्थापित अखाड़ों का वैभव देखते ही बनता है। दशनामी संन्यासियों, बैरागियों, उदासियों और निर्मलों के लाखों साधु-संत कुंभ की शोभा बने हुए हैं।

प्रयागराज महाकुंभ मेले की रौनक के साथ ही विभिन्न अखाड़े धार्मिक रीति-रिवाजों और रोचक परंपराओं के लिये सुर्खियों में हैं। संगम में डुबकी लगाने वाले हर श्रद्धालु के मन में जिज्ञासा होती है विभिन्न अखाड़ों की गतिविधियों व तौर-तरीकों को जानने की। दरअसल, आदि शंकराचार्य के महामठामनाय में निर्धारित हैं जगद्गुरुओं और अखाड़ों के नियम-उपनियम। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि अखाड़ों में कोई पद उत्तराधिकार से नहीं मिलता।

### चार पीठें और 13 अखाड़े

उल्लेखनीय है कि देश में चार पीठों के अलावा और कोई मठ नहीं है। अखाड़ों की संख्या अभी भी तेरह ही है। जिस किन्नर अखाड़े की आजकल खूब चर्चा हो रही है, वह जूना अखाड़े का हिस्सा भर है। तेरह अखाड़ों के साथ-साथ जूना अखाड़े से जुड़े किन्नर अखाड़े, गूदड़ अखाड़े और साध्वियों के माइवाड़े की दैनंदिन गतिविधियां विदेशी श्रद्धालुओं को बहुत आकर्षित कर रही हैं। बैरागी आणि अखाड़ों के निमोर्ही, दिगम्बर और निवार्णी वैष्णव संत अपने तंबुओं में भक्तिधारा बहा रहे हैं।

### नागाओं और अघोरियों का अद्भुत संसार

इन्हीं संतों, अखाड़ों व आश्रमों के साथ अपने चारों ओर आग जलाकर साधना करते बाबाओं, नागा संन्यासियों, हठयोगियों और अघोरियों का अद्भुत संसार भी देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का मुख्य आकर्षण बना हुआ है। वर्ष 2021 के हरिद्वार कुंभ के दौरान किन्नर अखाड़ा बनाकर जूना अखाड़े ने थर्ड जेंडर का जिस तरह सम्मान बढ़ाया, वह सनातन संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। नागा संन्यासियों के सात अखाड़े हैं। इनके नाम हैं जूना, अग्नि, आवाहन, निरंजनी, आनंद, महानिवार्णी और अटल। सभी तरह के अखाड़ों के स्नान का क्रम भी निर्धारित है। हर महाकुंभ के अवसर पर इनका पालन किया जाता है। प्रशासन इस बात को लेकर खासा सतर्क रहता है कि इस क्रम में किसी तरह का व्यवधान न हो, जिससे किसी अनावश्यक टकराव को टाला जा सके।

### शंकराचार्य ने किया था संतई का नियमन

आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य ने केरल के काल्डी ग्राम से निकलकर देश में संतई के नियमन हेतु चार पीठों की स्थापना की थी। इन पीठों पर आसीन होने वाले दसनाम संन्यासियों के लिए नियमों-उपनियमों तथा अधिकार क्षेत्रों का निर्धारण किया था। किसी शंकराचार्य के निधन के उपरांत काशी विद्वत परिषद को दायित्व सौंपा गया था कि वे गिरी, पुरी, भारती, तीर्थ, आश्रम आदि उपनामों वाले दसनामियों के बीच शास्त्रार्थ कराकर नए शंकराचार्य का अभिषेक करें।

### कुछ बदला मगर मूल वही

तथापि जैसे-जैसे अखाड़ों और आश्रमधारी बाबाओं का जोर बढ़ता गया , समय के साथ तमाम मयार्दाएं बदलती चली गई। शंकराचार्य जैसे सनातन जगत के सर्वोच्च पद की रिक्ति पूर्ति अब मृत शंकराचार्य की इच्छा या वसीयत के आधार पर होने लगी है। आदि जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित मान्यताएं और शंकर महामठामनाय लिखित मयार्दाएं अब बिखर रही हैं। पिछले वर्ष ज्योतिर्पीठ और शारदापीठ के दोनों पदों पर आसीन शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती के ब्रह्मलीन होने के बाद इन दोनों पीठों पर जिस प्रकार उत्तराधिकार के आधार पर जगद्गुरु विराजमान हुए, वह प्रकरण आज भी न्यायालयों में विचाराधीन है।

### धार्मिक विवादों पर निर्णय का अधिकार मठों को

आदि शंकराचार्य ने उत्तर के बद्रीनाथ में ज्योतिर पीठ, दक्षिण के श्रंगेरी में श्रंगेरी पीठ, पूर्व की जगन्नाथ पुरी में गोवर्धन पीठ और पश्चिम की द्वारिका में शारदा पीठ की स्थापना की थी। सनातन धर्म से संबंधित सभी निर्णयों और विवादों के निर्धारण का अधिकार उत्तर, दक्षिण, पूरब और पश्चिम स्थित इन्हीं चार मठों को दिया गया था। दसनाम संन्यासियों के निरंजनी, आनंद, महानिवार्णी, अटल, जूना, अग्नि और आवाहन अखाड़ों का संचालन इन्हीं शंकराचार्य पीठों के अधीन था। सनातन हिन्दू धर्म के तमाम अधिकार इन्हीं चार मठों के हवाले थे और किसी भी विवाद का अंतिम निस्तारण शंकराचार्य करते थे। कालांतर में शंकराचार्यों का महत्व घटता चला गया और अखाड़ा परिषद, आश्रम परिषद, षड्दर्शन साधु समाज, संत समिति, आचार्य महामंडलेश्वर, महामंडलेश्वर, श्रीमहंत आदि प्रभावशाली होते चले गए। आद्य शंकराचार्य द्वारा स्थापित मान्यताओं को भुलाकर शंकराचार्यों की दर्जन भर नई पीठ संन्यासियों द्वारा बना ली गई। एक-एक पीठ पर कई-कई शंकराचार्य हो गए। शंकराचार्य पद शास्त्रार्थ के बजाय प्रभाव से मिलने लगे।

### रामानंद महाराज की वैष्णव परंपरा

यही स्थिति वीतराग स्वामी रामानंद महाराज द्वारा स्थापित जगद्गुरु रामानंदाचार्य पीठों की भी हुई। रामानुजाचार्य पीठ और बैरागियों के अखाड़े भी इसी तरह प्रभावित हुए। अनेक धाराएं अलग होती गई, अनेक तंत्र हावी होते रहे। वास्तव में शंकराचार्य जैसे वरिष्ठ पदों पर विद्वान संत आने चाहिए। चयन भी शंकर अनुशासन ग्रंथ के आधार पर होता रहा है। शंकराचार्य जैसे वरिष्ठतम धार्मिक पद पर आसीन होने वालों का चयन शास्त्रार्थ के माध्यम से होना चाहिए ताकि सर्वोच्च स्थान पर सर्वमान्य संत आसीन हो। विद्वत परिषद के पदों पर भी योग्य विद्वानों का आना जरूरी है। यह तभी संभव है कि देश की आध्यात्मिक जनता को सही दिशा मिल पाए।

### उदासीन और निर्मल पंथ

गुरुनानक देव तथा तीजी पातशाही से से संबद्ध उदासी अखाड़ों की संख्या अब दो है। इस परम्परा में लाखों साधु-संत हैं तथा चारों कुंभ नगरों सहित उदासीनों के अनेक आश्रम हैं। अंतिम अखाड़ा सिख संतों से जुड़ा है जो निर्मल पंथ का अनुसरण करता है। बहरहाल सत्य सनातन सभ्यता का मूर्तरूप एक बार फिर से कुंभ के रूप में जीवंत हो उठा है। प्रयागराज में विभिन्न संप्रदायों, पंथों, खुलासों, अनियों एवं मढ़ियों की सांस्कृतिक परंपराएं साकार हो गई हैं।

# शिक्षा हासिल कर देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभायें महिला विवि की छात्राएं : राज्यपाल

- महिला विवि के द्वितीय दीक्षांत समारोह को राज्यपाल ने किया संबोधित
- दीक्षांत समारोह में कुल 872 छात्राओं को डिग्री प्रदान कर किया सम्मानित
- राज्यपाल के हाथों कुल 32 टॉपर छात्राओं को मिला स्वर्ण पदक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह 4 फरवरी को सिदगोड़ा परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सह कुलाधिपति महोदय माननीय श्री संतोष कुमार गंगवार ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को शोभान्वित किया। राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार जी का पारंपरिक नृत्य एवं एन एस एस क्लैप द्वारा स्वागत किया। विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य के रूप में संथाली नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। तत्पश्चात राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार के हाथों सिदगोड़ा स्थित फूलो झानो महिला छात्रावास का उद्घाटन किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा कुलपति के निर्देशन में अकादमिक परेड संचालित किया गया। अकादमिक परेड के साथ ही महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने भी मंच पर आसान ग्रहण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार को उत्तरीय, रुद्राक्ष पौधा एवं वासुकीनाथ मंदिर का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुई। साथ ही विश्वविद्यालय कुलगीत डॉ सनातन दीप एवं संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कुलसचिव राजेंद्र जायसवाल के आग्रह पर कुलपति प्रो. (डॉ) अंजिला गुप्ता ने दीक्षांत समारोह के शुरूआत की घोषणा की अनुमति राज्यपाल सह कुलाधिपति सन्तोष कुमार गंगवार से प्राप्त की। मौके पर दीक्षांत समारोह से संबंधित स्मारिका का विमोचन किया गया। कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया और विवि का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता ने महामहिम का स्वागत करते हुए सहर्ष विवि की विभिन्न उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की छात्राएं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रही हैं। यहां की छात्राएं प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजपथ के कर्त्तव्य पथ की परेड में शामिल होती हैं। साथ ही भविष्य में विश्वविद्यालय को उन्नत करने की प्रस्तावित योजनाओं का भी उल्लेख किया। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सभी क्षेत्रों में छात्राओं ने विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया है। सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्राओं के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार एवं कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता।

राज्यपाल सह कुलाधिपति सन्तोष कुमार गंगवार ने अपने दीक्षांत संबोधन में पूरे विश्वविद्यालय परिवार, डिग्री प्रापकों के साथ उनके अभिभावकों व शिक्षकों को भी बधाई प्रेषित की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह दीक्षांत समारोह छात्राओं के संघर्ष, ज्ञान, प्रतिबद्धता एवं उत्तरदायित्व का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को शिक्षा प्राप्त कर न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास और कल्याण में भी अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी चाहिए। कुलाधिपति ने दिवंगत उद्योगपति एवं सामाजिक कार्यकर्ता रतन टाटा के आर्थिक जगत में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण के युग में छात्राएं यथासंभव शिक्षा प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध रहें। उन्होंने यह भी बताया कि इस दिशा में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय एक आदर्श केंद्र के रूप में कार्यरत है। उन्होंने उपदेश दिया कि छात्राएं चुनौतियों को अवसर के रूप में स्वीकार करें। छात्राओं की असीमित क्षमताओं को देखते हुए उन्हें प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसरित रहने की शुभकामना भी दी। नेल्सन मंडेला के कथन शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है को छात्राओं की प्रेरणा का बीज वाक्य बताते हुए उन्हें राष्ट्र विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।



छात्राओं को संबोधित करते राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार और छात्राओं को संबोधित करती कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता।

### राज्यपाल ने किया फूलो-झानो छात्रावास व दामोदर सिनेट हॉल का उद्घाटन

दीक्षांत समारोह के पूर्व राज्यपाल सह कुलाधिपति सन्तोष कुमार गंगवार ने कुलपति प्रो डा. अंजिला गुप्ता एवं प्रध्यापकों की उपस्थिति में विवि के सिदगोड़ा परिसर स्थित 500 बेड वाले फूलो-झानो महिला छात्रावास व दामोदर सीनेट हॉल का उद्घाटन किया। छात्रावास के आरंभ होने से दूर दराज की छात्राओं को यहां रह कर शिक्षा ग्रहण करने में आसानी होगी। छात्रावास का शुभारंभ होने से विवि की छात्राओं में हर्ष व्याप्त है।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद :** मौके पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ किश्वर आरा, कुलसचिव राजेंद्र जायसवाल, मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ सुधीर साहू, वित्त पदाधिकारी डॉ जावेद अहमद, परीक्षा नियंत्रक डॉ रमा सुब्रह्मण्यम, डीन डॉ दीपा शरण, वाणिज्य विकास पदाधिकारी डॉ सलोमी कुजूर, सीवी सी डॉ अन्नपूर्णा झा, डॉ रिजवाना परवीन, डॉ कामिनी कुमारी, डॉ रत्ना मित्रा, डॉ पुष्पा कुमारी, डॉ ग्लोरिया पुर्ति, डॉ रूपाली पात्रा, डॉ अनामिका, अनीता शुक्ला, डॉ सोनाली सिंह, रिंकूसेन, जया लक्ष्मी, सभी संकायाध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्ष, सभी शिक्षक, विभिन्न संस्थानों से आये अतिथि, मीडिया कर्मी, शिक्षकेतर कर्मी, विवि के सुरक्षा कर्मी एवं छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाया। मंच संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ नूपुर अन्विता मिंज ने किया।

### मुस्कान महतो ओवर ऑल बेस्ट ग्रेजुएट और शॉमिनी दास को डा रेखा झा एक्सीलेंस अवार्ड



मुस्कान महतो अपनी मां नमिता और पिता कृष्णचंद्र महतो और शॉमिनी दास अपनी मां तृष्णा और पिता तुषार दास के साथ।

**जमशेदपुर।** दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने ओवरऑल बेस्ट ग्रेजुएट की डिग्री सह गोल्ड मेडल गणित विभाग की मुस्कान महतो को प्रदान किया जबकि प्रथम डॉ रेखा झा एक्सेलेंस अवार्ड फॉर इकोनॉमिक्स से इस वर्ष शौमिनी दास को सम्मानित किया गया जिसके तहत उन्हें प्रमाण पत्र और एक लाख की धनराशि सम्मान के रूप में दी गयी। डॉ रेखा झा के पति वरुण झा ने दिवंगत पत्नी की स्मृति में प्रतिवर्ष अर्थशास्त्र विषय की स्नातकोत्तर टॉपर को स्वर्ण पदक एवं एक लाख की राशि देने का प्रावधान किया है। बालिका शिक्षा हेतु उनके द्वारा किये गये प्रयास के लिए विश्वविद्यालय परिवार आभारी है।

# जनता दरबार में आया पंजी-2 में छेड़छाड़ का मामला, उपायुक्त ने दिये एफआइआर का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जनता दरबार में पंजी-2 में रैयत का नाम पूर्व रैयत के नाम को मिटाकर अंकित करने की शिकायत पर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने फौरन कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिये। जनता दरबार में ठाकुर जयेन्द्रनाथ शाहदेव द्वारा बड़गाई अंचल में फर्जीवाड़ा कर रैयत का नाम अंकित करने की शिकायत की गयी थी, अंचल अधिकारी की जांच रिपोर्ट को देखते ही जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने एफआईआर करने के आदेश दिये। मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में मंजूनाथ भजन्त्री कार्यालय कक्ष में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए उनके द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को फोन पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। खलारी अंचल के विश्रामपुर क्षेत्र से जमीन अधिग्रहण के बाद वर्तमान को छोड़ पूर्व के रैयतों द्वारा सीसीएल से नौकरी प्राप्त करने की शिकायत जनता दरबार में आयी। मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा फोन पर अंचल अधिकारी से बात कर पूरे मामले की विस्तार से जानकारी ली गयी, उन्होंने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश सीओ को दिये। लोन की किस्त समय पर नहीं चुकाने पर बैंक द्वारा घर पर कब्जा किये जाने का नोटिस महिला को आया। महिला द्वारा मंजूनाथ भजन्त्री को बताया गया कि वो किस्त चुकाने के लिए और समय चाहती हैं। भजन्त्री द्वारा मामले में जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी और प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। मोहन राम ने बताया कि चार साल तीन महीना से उन्होंने पंजी-2 में सुधार के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अब तक अंचल अधिकारी द्वारा मामले का समाधान नहीं किया गया। उपायुक्त भजन्त्री ने आवेदक के दस्तावेज और आवेदन की पूरी जानकारी राजस्व कर्मी से प्राप्त की। आवेदक को बताया गया कि मामले का निष्पादन जिला स्तर से नहीं बल्कि राज्य स्तर से होगा। आवेदन को आवश्यक प्रक्रिया अपनाने की जानकारी श्री भजन्त्री द्वारा दी गयी।



### अबुआ साथी 9430328080 पर दें जानकारी

जनता दरबार में आनेवाले लोगों को जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अबुआ साथी की जानकारी दी गयी। उन्होंने सभी को बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत के लिए व्हाट्सएप नंबर 9430328080 जारी किया गया। जिस पर आम जन शिकायत कर सकते हैं, अबुआ साथी की चौबीस घंट सतत निगरानी की जाती है। भजन्त्री ने कहा कि स्कूल में शिक्षक नहीं आते, प्रखण्ड-अंचल कार्यालय से संबंधित कार्य में किसी तरह की परेशानी है आदि की जानकारी अबुआ साथी पर दें, जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

# झारखंड में भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा : बाबूलाल मरांडी

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 1.36 लाख करोड़ बकाए पर ब्रेकअप दे राज्य सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा है। श्री मरांडी ने कहा कि 1.36लाख करोड़ पर झामुमो केवल राजनीति कर रहा है। झामुमो को इस संबंध जनता को विस्तृत रूप से बताना चाहिये कि आखिर कब का, किस किस मद में कितना बकाया है। उन्होंने कहा कि सामान्य व्यक्ति भी किसी से बकाया मांगता है तो देनदार व्यक्ति इससे उसका डिटेल मांगता है। ऐसे ही कुछ बोल देने से कुछ नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि सरकार बजट पेश करती है तो बताती है कि किस मद में कितना राशि आवंटित की गई है। सरकार पर कितना उधार है।सरकार खर्च केलिए पैसे कहां से लायेगी। कितना केंद्रीय अनुदान मिलेगा। उन्होंने कहा कि 1.36लाख करोड़ के विषय में भी यही बात होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार रोज योजनाओं के प्रचार प्रसार केलिए विज्ञापन देती रहती है। एक दिन 1.36लाख करोड़ बकाये राशि के संबंध में भी विज्ञापन देकर जनता को विस्तार से बताये। उन्होंने



मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार से आम आदमी प्रभावित हो रहा है। सही काम कराने केलिए भी पैसे देने पड़ रहे है। अपनी पुश्तैनी जमीन केलिये भी पदाधिकारियों को पैसे देने पड़ रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय बजट में झारखंड की रेल परियोजनाओं के लिये 7 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड में रेल सेवा को सुगम बनाने और यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिये निरंतर प्रयासरत है।

## स्पीड न्यूज

### धातकीडीह में फ्लैट में शॉर्ट सर्किट से आग



**जमशेदपुर।** धातकीडीह स्थित एक फ्लैट में आज रात आग लग गयी। शॉट सर्किट से आग लगते ही घर पर मौजूद मो अज्जुददीन की बुढ़ी मां, पत्नी और बेटी बाहर आ गई और पड़ोसियों को शोर कर आवाज लगायी। लोगों ने तुरंत टाटा स्टील दमकल को फोन कर बुलाया और आग पर काबू पा लिया गया। बता दें कि मकान मालिक मो. अज्जु शहर से बाहर रहते हैं।

### कर्मचारी संघ ने माइंस मैंनेजर से की भेंट

**जादूगोड़ा।** यूसिल अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ बागजाता माइंस के नवनिर्वाचित सह सचिव शंखो मुर्मू की अगुवाई में कार्यकारणी सदस्यों ने मंगलवार को बागजाता यूनिट के खान प्रबंधक रोहित कुमार से की मुलाकात।इस दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने संघ की समस्याओं का रखा व उसके समाधान को लेकर चर्चा हुई। जवाब में खान प्रबंधन रोहित कुमार ने भी प्रतिनिधिमंडल को संघ की समस्याओं पर गौर करने का आश्वासन दिया ताकि प्रबंधन व संघ के बीच विश्वास बना रहे तभी जाकर कंपनी के विकास की गति देने में मदद मिलेगी।

### काव्यप्सा ग्लोबल स्कूल में हुई सरस्वती पूजा

**जमशेदपुर।** काव्यप्सा ग्लोबल स्कूल में श्रद्धा और उत्साह के साथ सरस्वती पूजा मनाई गई। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने एकजुट होकर ज्ञान, शिक्षा और कला की देवी सरस्वती की पूजा अर्चना की और उनके आशीर्वाद के लिए प्रार्थना की। समारोह की शुरुआत मूर्ति की पारंपरिक प्राण प्रतिष्ठा से हुई। जिसके बाद हवन और वेद मंत्रोच्चारण किया गया।

# एक्शन में रेगुलेटरी कमीशन: बिजली वितरण निगम से मांगा ऑडिटेड रेवेन्यू मॉडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नए टैरिफ पीटिशन की सुनवाई से पहले झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग (झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन) ने बिजली वितरण निगम से वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2025-26 का ऑडिटेड रेव्न्यू मॉडल के साथ बिजली खरीद का मॉडल मांगा है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अंतर राज्य ट्रांसमिशन स्तर पर मासिक खर्च और ऊर्जा की निकासी का भी विवरण मांगा है। विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की बिक्री में कमी होने का कारण भी पूछा है। बताते चलें कि वितरण निगम को वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 317.83 मिलियन यूनिट बिजली बेचने की स्वीकृति दी गई थी। इसके एवज में औद्योगिक एलटी-एलटीआईएस के लिए सिर्फ 270.12 मिलियन यूनिट ही बिजली बेची गई।

### पूंजीगत खर्च में 740 करोड़ की वृद्धि का पूछा कारण

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पूंजीगत व्यय में वृद्धि 740 .04 करोड़ रुपये है। इस संबंध में वितरण निगम को लेकर योजनावार पूंजीगत व्यय विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की उत्पादन इकाइयों पर 5% की यूनिट वृद्धि पर विचार करके बिजली खरीद का अनुमान है और महंगे संयंत्रों पर निर्भरता कम करने के उपायों की भी पुष्टि की है। इसपर आयोग ने वितरण निगम को इस तरह की वृद्धि के लिए आधार प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

**बिजली-खरीद और बिक्री का मांगा दस्तावेज :** रेगुलेटरी कमीशन ने बिजली वितरण निगम से पावर कंपनियों से खरीदी गई बिजली बिक्री और खरीद का भी दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है। साथ ही दैनिक आधार पर प्रत्येक स्रोत से बिजली के शेड्यूल का आधार मांगा है। पूछा है कि पावर शेड्यूल करते समय मेरिट ऑर्डर डिस्पैच का पालन किया गया है या नहीं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बिजनेस प्लान में स्वीकृत 2.23% के मुकाबले ट्रांसमिशन हानि 6.41% होने का दावा किया है। इसमें भी पर्याप्त साक्ष्य मांगे गए हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वास्तविक वितरण हानि 31.26% है, जबकि बितरण निगम ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वास्तविक वितरण हानि 30.28% बताया था। अब वितरण निगम को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वितरण हानि में कमी के बजाय 31.26% की वृद्धि का विस्तृत कारण बताने को कहा गया है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकृत 294.93 करोड़ रुपये के मुकाबले मरम्मत और रखरखाव खर्च 343.30 करोड़ रुपये होने का दावा किया है। इस संबंध में भी विवरण मांगा गया है।

# नगर निगम का घर खाली करने का नोटिस, लोगों में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नगर निगम ने पिस्का मोड़ स्थित रुगड़ी गड़ा में बीते 10 साल से रह रहे लोगों को नोटिस जारी कर घर खाली करने का निर्देश दिया है। एक फरवरी को यह नोटिस 6 फ्लैटों में चिपकाया गया है, जिसमें सभी को 5-6 फरवरी तक घर खाली करने को कहा गया है। इसको लेकर लोगों में काफी आक्रोश है। मंगलवार को इन फ्लैटों में रहने वाले लोग नगर निगम कार्यालय पहुंचे और जमकर हंगामा किया। लोगों का कहना है कि उनके पास रहने के लिए कोई जगह नहीं है। अगर घर खाली करा देंगे, तो वे बेघर हो जायेंगे।

**2006 में लोगों को रुगड़ी गड़ा से हटाया गया था**

स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले उन्हें पहले रुगड़ी गड़ा में झोपड़ियों में रखा गया था। लेकिन 2006 में उन्हें वहां से हटा दिया गया था। इसके बाद सभी लोग अलग-अलग स्थानों पर किराये पर रहने लगे। बताया कि अस्लम बस्ती के लोगों को 2011 में 22 फ्लैट आवंटित किये गये थे, जिनमें से 5 फ्लैटों में लगभग 30-40 लोग रहते हैं। बनस तालाब के किनारे रहने वाले लोगों को 7 फ्लैटों में जगह दी गयी थी। लगभग 4 फ्लैटों में बाहरी लोग रह रहे हैं, जबकि बाकी 6 फ्लैटों में स्थानीय आदिवासी लोगों का कब्जा है। इन फ्लैटों में सैकड़ों परिवार पिछले 10 साल से रह रहे थे। लेकिन अचानक नगर निगम ने इन फ्लैटों को खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है। इससे वो सड़क पर आ गये हैं।

**फ्लैट आवंटित करने को लेकर निगम ने मांगे हैं आवेदन**

नगर निगम के सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार और सिटी प्रबंधक अफताब आलम ने कहा कि मधुकम में अस्लम बस्तियों के रहने वालों के लिए 336 फ्लैट बनाये गये हैं, जिनमें से 140 फ्लैट खाली हैं। वहीं रुगड़ी गड़ा में 352 फ्लाइट बनाये गये हैं, जिनमें से 92 फ्लैट खाली हैं। फ्लैट आवंटित करने को लेकर लोगों से आवेदन मांगे गये हैं। आवेदन मिलने के बाद इस पर निर्णय लिया जायेगा।

### अफीम की अवैध खेती के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान वाहन रवाना



**रांची।** डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक- बी परिसर से अफीम की अवैध खेती के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान वाहन को हरी झंडी लगा कर रवाना किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची सुमित कुमार अग्रवाल, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था रांची राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस उपाधीक्षक हेडक्वार्टर -1, अमर कुमार पांडेय, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, उर्वशी पांडेय उपस्थित थे। जन जागरूकता अभियान वाहन गांवों कस्बों टोलो में घूम-घूम कर जन जागरूकता चलाते हुए लोगों को जागरूक करते हुए अफीम की खेती ना करने तथा ऐसा करने वालें लोग को कानून के तहत मिलने वालें दंड के बारे में विस्तार से बता कर जागरूक करेगा।

### तेजी से बढ़ रहा झारखंड का तापमान, 34 डिग्री सेल्सियस के पार हुआ पारा

**रांची।** झारखंड में तापमान का पारा तेजी से बढ़ रहा है। पारा 34 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। मौसम केंद्र रांची के मुताबिक, अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस का इजाफा हो सकता है। इसके बाद के तीन दिनों के दौरान न्यूनतम पारा में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है।

**अगले पांच दिनों तक आसमान रहेगा साफ :** मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच दिनों तक सुबह में कोहरा और धुंध के बाद आसमान साफ रहेगा। इस बीच कभी-कभार आंशिक बादल भी देखने को मिल सकते हैं। तेज पछुआ हवा चलने के कारण मौसम शुष्क हो गया है।

**तापमान में वृद्धि :** पिछले 24 घंटे में सरायकेला के अलावा कई जिलों का अधिकतम पारा 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ है। सिमडेगा में 31.3 डिग्री सेल्सियस, खूंटी में 32 डिग्री सेल्सियस, पाकुड़ में 30.9 डिग्री सेल्सियस, बहरागोड़ा में 30.6 डिग्री सेल्सियस और जगन्नाथपुर में 30.5 डिग्री तक पारा पहुंच गया है।

### एमएस आइटीआई में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

जमशेदपुर। मंगलवार को एमएस आइटीआईजमशेदपुर में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया, छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच कैंसर से बचाव के उपाय और जानकारी दी गई। निदेशक खालिद इकबाल ने अपने भाषण में कहा कि आज कैंसर इतनी आम बीमारी हो गई है कि इससे बचने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। अनावश्यक रूप से गर्म चीजों का सेवन, प्लास्टिक पैकेजिंग और अन्य कई चीजें कैंसर के लिए खतरनाक हैं बातें और दूसरों को जागरूकता के रूप में बतायें, कोई भी लाइलाज बीमारी नहीं है।

# दामोदर से चिटाहीधाम तक जय श्री राम की गूंज, राम महायज्ञ शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** ऊंट, घोड़ा व वाद्य यंत्रों की धुन पर नाचते गाते प्रभु श्रीराम के भक्तगण रथों पर देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां, माथे पर कलश लिए महिलाएं व युवतियां, कला का प्रदर्शन करते देश के कई राज्य के कलाकार। दामोदर नदी के तेलमच्चो घाट से बाघमारा के चिटाही धाम तक सड़क पर भगवा ध्वज लिये हजारों राम भक्त। श्रीराम की भक्ति भावना से ओतप्रोत यह नजारा धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो व बाघमारा विधायक के गांव चिटाही स्थित रामराज मंदिर से निकली कलश यात्रा का था। मंदिर के वार्षिक महोत्सव व श्रीराम महायज्ञ के निमित्त मंगलवार को कलश यात्रा की भव्यता का वर्णन करने को शब्द कम पड़ गए। शोभा ऐसी कि पलक भी ना झपके। सुबह होते ही रामभक्त दामोदर नदी के तट पर पहुंचने लगे। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, नदी पर भीड़ बढ़ती गई। 7 बजे तक 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके थे। नदी के तट पर वैदिक मंत्रोच्चार से इलाका गुंजायमान हो रहा था। मुख्य यजमान सांसद ढुल्लू महतो और उनकी धर्मपत्नी सावित्री देवी, सांसद के बड़े भाई व विधायक शत्रुघ्न महतो और उनकी धर्मपत्नी डोली देवी को पंडितों ने मंत्रोच्चार के बीच कलश में जलभरण कराया। लोग कलश लेकर रामराज मंदिर के लिए रवाना हुए। पहले तो टुकड़ियों में महिलाएं कलश लिए नदी तट से मंदिर की ओर रवाना हुईं। बाद में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा में रामनाम की पताका लिये महिलाएं व पुरुषों की टोली थी। कुंआरी कन्याएं व महिलाएं माथे पर कलश लिये चल रहीं थीं। बैंड-बाजा की धुन पर नाचते-गाते भक्त थिरक रहे थे। छऊ नृत्य के कलाकार कला का प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहे थे। जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा इलाका गूंजता रहा। दामोदर नदी से चिटाही धाम तक राम भक्तों का तांता लगा हुआ था।



### अयोध्या जैसा दिखा नजारा

**बाघमारा।** अद्भुत, विहंगम, अविस्मरणीय। भक्तों की आस्था का ऐसा समंदर जय श्री राम के उद्घोष से हिलोरें मार रहा था जैसे पूरी अयोध्या नगरी ही यहां उतर आई हो। बाघमारा के चिटाही धाम स्थित रामराज मंदिर में श्री राम महायज्ञ के शुभारंभ की बेला में ढोल नगाड़ों की गूंज, घोड़ों व ऊंट के कदमों की थाप के बीच भव्य कलश यात्रा निकाली गई। तेलमच्चो दामोदर नदी घाट से चिटाही धाम तक यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।

### खिचड़ी का भोग ग्रहण कर मिटाई थकान

छह घंटे की कलश यात्रा तय कर रामराज मंदिर पहुंचे भक्तों ने खिचड़ी का भोग लगाकर अपनी भूख व थकान मिटाई। मंदिर के समीप भोजन के लिए विशाल पंडाल लगाया गया है। पचास से अधिक स्टॉल में श्रद्धालुओं को पत्तल में खिचड़ी परोसी जा रही थी। लोग अपना नंबर आने का इंतजार अनुशासित ढंग से कर रहे थे। खिचड़ी पाकर उनके चेहरे पर से थकान ओझल हो गई।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# वरुण चक्रवर्ती की वनडे टीम में एंट्री

एजेंसी

**नागपुर।** पांच टी20 मैचों की सीरीज के बाद भारत और इंग्लैंड के बीच 6 फरवरी से वनडे मैचों का घमासान शुरू हो रहा है। दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। सीरीज का पहला मुकाबला नागपुर में खेला जाएगा, लेकिन मैच से ठीक पहले टीम इंडिया में एक बड़ा बदलाव किया गया है। मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को स्क्वाड में शामिल किया गया है। वरुण चक्रवर्ती इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम इंडिया के हिस्सा थे और उन्होंने कमाल की गेंदबाजी की थी। दरअसल वरुण चक्रवर्ती को नागपुर में टीम इंडिया के साथ नेट्स में मंगलवार को प्रैक्टिस करते हुए देखा गया। हालांकि, सोमवार को जब टीम इंडिया नागपुर पहुंची थी तो वरुण चक्रवर्ती खिलाड़ियों के साथ दिखाई नहीं दिए थे। इससे पहले भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन ने भी इशारों में यह बता दिया था कि वरुण चक्रवर्ती को चैंपियंस ट्रॉफी के टीम में शामिल किया जा सकता है। ऐसे में नेट्स में उनकी प्रैक्टिस से इसकी संभावना काफी बढ़ गई है। हालांकि, वनडे सीरीज के लिए जब वनडे टीम की घोषणा हुई थी तो स्क्वाड में उनका नाम नहीं था। चक्रवर्ती को मंगलवार को भारतीय टीम के नेट सत्र के दौरान ट्रेनिंग और गेंदबाजी करते देखा गया। भारतीय उप कप्तान शुभमन गिल ने टीम के ट्रेनिंग सत्र के बाद कहा, हां, वरूण चक्रवर्ती भारतीय दल का हिस्सा है। ऐसा माना जा रहा है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर चाहते हैं कि चक्रवर्ती लय में रहें और विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों को गेंदबाजी करें। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में बदलाव की समय सीमा 12 फरवरी तक है और ऐसे में वह चयन के लिए मजबूत दावेदार बने हुए हैं। हालांकि यह संभावना नहीं है कि उन्हें एक भी एकदिवसीय मैच खेले बिना चैंपियन्स ट्रॉफी की टीम में शामिल किया जाएगा। ऑपरेशन के बाद वापसी करने वाले कुलदीप यादव टीम में एकमात्र कलाई के स्पिनर हैं।



**नागपुर वनडे में डेब्यू कर सकते हैं वरुण चक्रवर्ती :** वरुण चक्रवर्ती ने भारत के लिए अब तक वनडे क्रिकेट में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू नहीं किया है। हालांकि, घरेलू क्रिकेट में खेले 23 लिस्ट ए मैचों में उन्होंने 4.28 की इकोनॉमी से 59 विकेट चटकाए हैं। हाल ही में उन्होंने राजकोट में खेले गए तीसरे टी20 मैच में उन्होंने पांच विकेट हॉल लेकर अपना ध्यान आकर्षित किया था। आगामी वनडे सीरीज के लिए चुने गए स्क्वॉड में बीसीसीआइ ने पांच स्पिनरों को मौका दिया है।

## एक श्रृंखला पूरी टीम की लय को परिभाषित नहीं करती : गिल

**नागपुर।** भारतीय एकदिवसीय टीम के उपकप्तान शुभमन गिल ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में हार को लेकर टीम के प्रदर्शन का बचाव करते हुए कहा कि एक खराब श्रृंखला टीम को परिभाषित नहीं करती है और लंबे अंतराल के बाद इस तरह के खराब प्रदर्शन के बाद किसी टीम की आलोचना करना अनुचित है। टीम का इस परिणाम से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में एक दशक पुराना दबदबा खत्म हो गया। गिल ने यहां पत्रकारों से



कहा, एक श्रृंखला पूरी टीम की लय को परिभाषित नहीं करती है। ऐसे कई खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अतीत में कई श्रृंखलाओं और टूनामेंटों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। इसमें कोई शक नहीं कि हम आस्ट्रेलिया में अपनी उम्मीदों के मुताबिक खेलने में विफल रहे। हमने हालांकि कुछ अच्छा क्रिकेट भी खेला। टीम को उस दौरे के आखिरी दिन किस्मत का साथ नहीं मिला क्योंकि (जसप्रीत) बुमराह चोटिल थे। हम अगर वह मैच जीतते तो श्रृंखला बराबरी पर छूटती और हम ट्रॉफी को अपने पास बरकरार रखते। ऐसे में अभी इस तरह की बातें नहीं हो रही होती।

## पीटरसन का दावा- वनडे फार्मेट में खूब पिटेंगे वरुण

**मुंबई।** पूर्व दिग्गज खिलाड़ी केविन पीटरसन ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में वरुण चक्रवर्ती को शामिल किए जाने को शानदार फैसला करार दिया लेकिन साथ ही कहा कि मेहमान टीम लंबे प्रारूप में दाएं हाथ के स्पिनर के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करेगी। पीटरसन ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाज एकदिवसीय में उनके चक्रवर्ती के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करेंगे क्योंकि वे क्रीज पर अधिक समय बिता सकते हैं। यह लंबा प्रारूप है, हर गेंद पर शॉट खेलना जरूरी नहीं है। लेकिन मुझे लगता है कि यह (चक्रवर्ती को शामिल करना) एक बेहतरीन फैसला है। पीटरसन ने



टी20 में इंग्लैंड की हार को विपदा करार दिया लेकिन कहा कि अगर शिवम दुबे के स्थान पर तेज गेंदबाज हर्षित राणा की जगह पर समान कनकशन (सिर में चोट लगने से बेहोशी जैसी स्थिति) सब्सटीट्यूट का इस्तेमाल किया जाता तो पुणे में श्रृंखला बराबर हो जाती।

## 94 रन और... विराट कोहली तोड़ देंगे सचिन का बड़ा रिकॉर्ड



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ भारत की तीन मैचों की श्रृंखला के लिए तैयार विराट कोहली वनडे में एक बड़ा रिकॉर्ड हासिल करने की कगार पर हैं। 36 वर्षीय दिग्गज बल्लेबाज इस प्रारूप में सबसे तेज 14,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के करीब हैं। यह रिकॉर्ड वर्तमान में सचिन तेंदुलकर के नाम है, जिन्होंने फरवरी 2006 में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी 350वीं एकदिवसीय पारी में यह उपलब्धि हासिल की थी। तेंदुलकर ने पेशावर में अपनी 100 रन की पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। यह मुकाबला भारत ने 7 रन से गंवा दिया था। वर्तमान में विराट कोहली ने 283 एकदिवसीय पारियों में 58.18 की शानदार औसत और 93.54 की स्ट्राइक रेट से 13,906 रन बनाये हैं। उन्होंने 50 शतक और 72 अर्धशतक लगाये हैं। यदि वह आगामी श्रृंखला में 94 रन और बनाने में सफल हो जाते हैं, तो वह काफी कम पारियों में तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगे। सचिन के बाद श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगकारा का नाम है जिन्होंने मार्च 2015 में सिडनी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी 378 पारी में यह मुकाम हासिल किया था। अपने शानदार रिकॉर्ड के बावजूद, कोहली फॉर्म में गिरावट से जूझ रहे हैं। पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में, वह तीन मैचों में 19.33 के मामूली औसत से 24, 14 और 20 के स्कोर के साथ केवल 58 रन बना सके। 19 नवंबर को आस्ट्रेलिया से विश्व कप फाइनल में हार के बाद, कोहली ने केवल तीन वनडे खेले हैं।

# आक्रामक बल्लेबाजी करने वाला पंत आक्रामक कप्तानी भी करेंगे: जहीर

एजेंसी

**लखनऊ।** आइपीएल टीम लखनऊ सुपरजाइंट्स के मेंटोर जहीर खान ने मंगलवार को अटल बिहारी बाजपेई इकाना स्टेडियम में अपनी टीम के कंडीशनिंग कैंप की शुरूआत के मौके पर पत्रकारों से बातचीत की। उनके साथ इस बातचीत में टीम के हेड कोच पूर्व आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जस्टिन लैंगर भी शामिल रहे। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने अपनी टीम के नवनियुक्त कप्तान ऋषभ पंत को लेकर कहा कि जिस तरह से आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं और पहली गेंद पर ही छक्का मारने से गुरेज नहीं करते उम्मीद करते हैं कि कुछ इसी अंदाज में वे कप्तानी भी करेंगे। जहीर खान ने ये भी कहा कि लखनऊ सुपरजाइंट्स एक नई टीम है और अब तक उनका प्रदर्शन अच्छा ही रहा है। जो कमियां रही है उनको भुलाते हुए



हम अब आगे इस संस्करण में सबसे अच्छा खेलने का प्रयास करेंगे। यही हमारा ध्येय वाक्य होगा। जहीर खान ने ऋषभ पंत को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि निश्चित तौर पर खेल के दौरान उनके दो व्यक्तित्व नजर आते हैं। वह एक गंभीर खिलाड़ी के साथ-साथ आक्रामक बल्लेबाज दिखते हैं। उम्मीद करते हैं कि जिस तरह की आक्रामक बल्लेबाजी में करते हैं ऐसी ही आक्रामक कप्तानी भी करते हुए नजर आये।

### मयंक यादव हमारे लिए मैच विनर साबित हो सकते हैं

तेज गेंदबाज मयंक यादव की फिटनेस को लेकर उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि वह ज्यादा से ज्यादा मैच लखनऊ के लिए खेलें। पिछले सीजन में उन्होंने जो भी मैच खेले और उसमें जो रफ्तार दिखाई है वह हमारे लिए मैच विनर साबित हो सकते हैं और तुरप का इक्का के तौर पर हम उनका इस्तेमाल करेंगे।

## वार्नर शतक लगाने से चूके, टीम जीती

**दुबई।** इंटरनेशनल टी20 लीग में दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले डेविड वार्नर अपने ट्वंटी 20 क्रिकेट के 9वें शतक से चूक गए लेकिन उन्होंने अपनी टीम दुबई कैपिटल्स को प्लेऑफ में स्थान दिला दिया। इसके साथ ही अबू धाबी नाइट राइडर्स की प्लेऑफ की उम्मीदें धराशायी हो गईं। यदि दुबई कैपिटल्स अपना अगला गेम जीतता है तो वे अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच सकते हैं और क्वालीफायर 1 के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं। दुबई कैपिटल्स के कप्तान सैम बिलिंग्स ने मैच जीतने के बाद कहा कि यह क्लिनिकल जीत थी। हमने यही तो मांगा था। इससे सचमुच प्रसन्न हूं। रिस्टस्पिन एक तरह का चीट कोड है, यह बहुत महत्वपूर्ण है। शारजाह में यह स्पिनरों के लिए एक कब्रिस्तान हो सकता है। लेकिन हम उनके साथ जाएंगे और जिससे हमें फायदा होता है। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी डेविड वार्नर ने कहा कि हम जानते हैं कि यह विकेट काफी कठिन हो सकता है।

# छोटे शहरों के सपने भी दुनिया जीत सकते हैं : धोनी

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने एलन करियर इंस्टीट्यूट के राष्ट्रव्यापी छात्र सम्मेलन 'संगम' में 3.5 लाख से अधिक छात्रों के रिकॉर्ड-तोड़ दर्शकों को संबोधित किया। मुंबई के एसवीपी स्टेडियम डोम में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत का अब तक का सबसे बड़ा छात्र सम्मेलन हुआ। जिसमें 5,000 छात्र व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए और कोटा सहित 11 शहरों से हजारों छात्र वर्चुअल रूप से शामिल हुए। इस मौके पर धोनी ने एक छोटे शहर से वैश्विक मंच तक के अपने सफर को साझा किया और छात्रों को दबाव को संभालने के तरीके के बारे में सलाह दी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, छोटे शहर के सपने दुनिया को जीत सकते हैं, सफलता अब किसी पिन कोड की मोहताज नहीं है, अगर रांची का कोई लड़का इसे हासिल कर सकता है, तो सही मार्गदर्शन, समर्पण और मानसिकता के साथ कोई भी इसे हासिल कर सकता है,'



### दबाव पर नहीं, प्रक्रिया पर ध्यान दें: धोनी

धोनी ने छात्रों के दबाव से निपटने और परिणामों के बजाए प्रक्रिया पर जोर देने के बारे में भी बताया। धोनी ने कहा, दबाव से निपटने की कुंजी तैयारी है, पर्दे के पीछे होने वाली तैयारी पर ध्यान दें, यही वह चीज है जो बड़े मंच पर धैर्य और उसके बाद आने वाले परिणामों की ओर ले जाती है। वर्तमान में जिएं और हर पल का आनंद लें- मैंने कभी भारत के लिए खेलने के बारे में नहीं सोचा था, मैंने बड़े होते हुए हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान केंद्रित किया।

### असफलताओं से सीखें और आगे बढ़ें: धोनी

धोनी ने छात्रों को अपनी असफलताओं से सीखने और आगे बढ़ते रहने की भी सलाह दी। धोनी ने कहा, सफलता और असफलता जीवन का हिस्सा हैं। असफलताओं से सीखना और आगे बढ़ते रहना ही कामयाबी की कुंजी है। नेताओं का सम्मान, चुनौतियों को स्वीकार करना और कड़ी मेहनत ऐसे मंत्र हैं जो सफलता को परिभाषित करते हैं। कार्यक्रम में यह भी घोषणा की गई कि एलन भारत भर के सभी परीक्षार्थियों के लिए एलन ऐप पर निःशुल्क संशोधन उपकरण प्रदान कर रहा है, जिसका उद्देश्य छात्रों को उनकी बोर्ड परीक्षाओं, आइआइटी जेईई और एनईईटी आदि की तैयारी में मदद करना है। धोनी ने एलन ऐप का एक शो-रील लॉन्च किया, जिसमें वीडियो लेक्चर, रिवीजन नोट्स, फ्लैशकार्ड, मॉक टेस्ट और एक विस्तृत प्रश्न बैंक जैसे संसाधनों पर प्रकाश डाला गया।

### धोनी को 6 फुट का क्रिकेट बैट भेंट किया गया

इस कार्यक्रम में धोनी और छात्रों के बीच व्यक्तिगत बातचीत हुई, जिसमें एक सम्मान समारोह भी शामिल था। धोनी ने आइआइटी-जेईई और एनईईटी टॉपर्स को 11 एलन चैंपियन को हस्ताक्षरित एलन जर्सी भेंट की। इसके अलावा धोनी के सम्मान में, एलन के निदेशक डॉ. गोविंद माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, डॉ. नवीन माहेश्वरी और डॉ. ब्रजेश माहेश्वरी ने उन्हें सैकड़ों एलन छात्रों द्वारा हस्ताक्षरित 6 फुट का क्रिकेट बैट भेंट किया।

## लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार की घोषणा 21 अप्रैल होगी

**मैड्रिड।** खेल जगत के सबसे प्रतिष्ठित लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा 21 अप्रैल को स्पेन की राजधानी मैड्रिड में की जाएगी। वर्ष 2000 में मोनाको में शुरू हुये लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार के 25 साल पूरा होने पर खेलों के सबसे बड़े शो का यह विशेष वर्षगांठ संस्करण लॉरियस के एक अद्वितीय खेल आंदोलन के रूप में विकास का जश्न मनाएगा।

## माया और अंकिता रैना ने जीत दर्ज की

**मुंबई।** भारत की उभरती हुई टेनिस स्टार माया और अंकिता रैना ने मंगलवार को एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। मंगलवार को क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में चल रही स्पर्धा में माया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेलारूस की इरीना श्यामनोविच को 6-4, 6-1 से हराकर टूनामेंट के अंतिम-16 दौर में प्रवेश किया। माया ने परिपक्वता का प्रदर्शन करते हुए, सटीकता और संयम के साथ अपने से अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को मात दी।

## पंजाब ने जिंक फुटबॉल अकादमी को हराया

**नयी दिल्ली।** पंजाब एफसी ने मंगलवार को ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में करीबी मुकाबले में जिंक फुटबॉल अकादमी को एक गोल के अंतर से हराया। मंगलवार को दिल्ली के फ्रंटियर फुटबॉल क्लब में खेले गये ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के रीजनल राउंड के दिल्ली लेग के समापन वाले मैच में पंजाब एफसी ने जिंक फुटबॉल अकादमी को 1-0 से हराया।

# एम्बाप्पे को नहीं पता स्ट्राइकर की जगह कैसे खेला जाता है रोनाल्डो ने क्यों उठाया सबसे युवा वर्ल्ड चैंपियन पर सवाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिग्गज फुटबॉलर कीलियन एम्बाप्पे बीते साल रियल मैड्रिड का हिस्सा बने थे। एम्बाप्पे इससे पहले पीएसजी में शामिल थे। एम्बाप्पे के लिए सफर आसान नहीं रहा है और अब दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो उनके समर्थन में उतरे हैं। उन्होंने फैंस से इस युवा का समर्थन करने को लेकिन साथ ही यह भी कहा कि एम्बाप्पे को स्ट्राइकर के तौर पर खेलना नहीं आता है। रोनाल्डो ने एल चिरिंगिट के इंटरव्यू में कहा कि एम्बाप्पे को स्ट्राइकर की जगह खेलना नहीं आता है। उन्होंने कहा, मैं



उनसे बहुत प्यार करता हूं, और केवल उस कहानी के कारण नहीं जो उनके पास एक युवा व्यक्ति के रूप में थी कि वह क्रिस्टियानो रोनाल्डो से बहुत प्यार करते थे और वह उनके आदर्श थे। उन्होंने कहा कि एम्बाप्पे एक नेचुरल स्ट्राइकर नहीं है। उन्हें इस नंबर पर खेलना नहीं आता। रोनाल्डो ने कहा, स्ट्राइकर की स्थिति एम्बाप्पे के लिए थोड़ी मुश्किल बना देती है, क्योंकि मेरी राय में वह नहीं जानता कि स्ट्राइकर के रूप में कैसे खेलना है। ऐसा नहीं है कि वह नहीं जानता, यह उसकी पॉजिशन नहीं है। अपनी बात जारी रखते हुए उन्होंने कहा, अगर मैं रियल मैड्रिड में होता तो मैं उसे नंबर 9 के रूप में खेलना सिखाता।

## कबड्डी खिलाड़ियों का धर्मशाला पंहुचने पर जोरदार स्वागत

एजेंसी

**धर्मशाला।** 38वीं राष्ट्रीय खेलों में कबड्डी का खिताब तीसरी बार अपने नाम करने वाली हिमाचल की लड़कियों का मंगलवार को धर्मशाला पंहुचने पर जोरदार स्वागत सत्कार हुआ। गौरतलब है कि हिमाचल के नाम राष्ट्रीय खेलों में कबड्डी में लगातार तीन बार जीत का परचम लहराने का रिकार्ड दर्ज हो गया है। इससे पहले किसी भी गेम्स में अन्य राज्य यह कारनामा नहीं कर पाया है। खेल नगरी धर्मशाला स्थित स्पोटर्स अथॉरिटी आफ इंडिया के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) धर्मशाला की खिलाड़ियों ने विजयश्री की परंपरा को जारी रखा है। धर्मशाला में पहुंचने पर टीम के खिलाड़ियों का उपायुक्त कांगड़ा ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले हनुमान मंदिर में खिलाड़ियों ने माथा टेका और स्वागत रैली में ढोल की थाप पर खिलाड़ी झूम उठे। हिमाचल टीम की कमान संभालते हुए व मुख्य भूमिका निभाते हुए एनसीओई धर्मशाला के महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने लगातार तीन बार स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय खेलों में अपना दबदबा बरकरार रखा है। देश में किसी भी राज्य ने अब तक नेशनल गेम्स में तीन बार विजय हांसिल नहीं की है, ऐसे में हिमाचल ने बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। एनसीओई धर्मशाला की पांच कबड्डी खिलाड़ियों में पुष्पा राणा कप्तान, ज्योति, अंशुल, चंपा और भावना, जो हिमाचल प्रदेश महिला कबड्डी टीम की सदस्य थीं, ने हरिद्वार उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता। एनसीओई धर्मशाला की कबड्डी खिलाड़ी पूजा चौधरी, जो राजस्थान महिला कबड्डी टीम की सदस्य थीं, ने हरिद्वार उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक जीता।

# फीडे और कार्लसन के 'फ्रीस्टाइल शतरंज टूर' के बीच विवाद गहराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फीडे) और फ्रीस्टाइल चेस टूर के आयोजकों के बीच विश्व चैंपियनशिप के दर्जे को लेकर विवाद गहरा गया है। हाल के दिनों में दोनों पक्षों के बीच इस टूनामेंट को मान्यता देने को लेकर कई दौर की चर्चायें हुयीं। लेकिन कोई ठोस समझौता नहीं हो सका। फीडे ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने सहयोग की पूरी कोशिश की, जिसमें 2025 में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को विशेष छूट देने जैसी पेशकश शामिल थी। इसके बावजूद, फ्रीस्टाइल चैस टूर ने फीडे की विश्व चैंपियनशिप के अधिकार को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और इसे एक निजी आयोजन के रूप में जारी रखने का फैसला किया, जिसमें केवल आमंत्रित शीर्ष खिलाड़ियों को ही मौका मिलेगा। कुछ दिन पहले ही पांच बार के विश्व चैंपियन भारत के विश्वनाथन आनंद नें इस टूर से अपना नाम वापस ले लिया था। जो खुद फीडे के उपाध्यक्ष है। फीडे का कहना है कि एक सच्ची विश्व चैंपियनशिप में समावेशिता और पारदर्शिता होनी चाहिए, जहां सभी खिलाड़ियों को योग्यता के आधार पर अवसर मिले, जैसा कि फीडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप साइकिल में होता है। फीडे ने इस टूनामेंट के नाम में वर्ल्ड चैंपियनशिप शब्द के प्रयोग पर भी आपत्ति जताई है।

### कार्लसन नें मांगा फीडे अध्यक्ष का इस्तीफा

इस विवाद के बीच, विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ फीडे के अध्यक्ष



अकार्दी द्वोर्कोविच से इस्तीफे की मांग की है। कार्लसन ने उन पर खिलाड़ियों पर दबाव बनाने, शक्ति के दुरुपयोग और वादों को तोड़ने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि कार्लसन ने इस टूनार्मेंट की शुरूआत जर्मन उद्यमी जान हेनरिक ब्युटनर के साथ मिलकर की थी। इस विवाद का मुख्य कारण वर्ल्ड चैंपियनशिप शब्द का प्रयोग है। फिडे ने इस टूर के आयोजनों में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों से आधिकारिक विश्व चैंपियनशिप चक्र के लिए पात्र बने रहने के लिए हस्ताक्षर करने के लिए भी कहा था। फ्रीस्टाइल टूर ने फिडे की प्रतिक्रिया की आलोचना की लेकिन इस साल अपने ग्रैंड फिनाले के लिए विश्व चैंपियनशिप शब्द के उपयोग को स्थगित करने पर सहमति व्यक्त की। इसके मायने यह है कि खिलाड़ियों को अब फिडे से छूट लेने के लिए हस्ताक्षर करने की आवश्यकता नहीं होगी। कार्लसन ने ड्वोरकोविच के कुछ व्यक्तिगत संदेशों को साझा करते हुए कहा कि रूस के इस पूर्व खिलाड़ी ने पिछले महीने न्यूयॉर्क में विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप से पहले उनके पिता को भेजे एक संदेश में खिलाड़ियों को इससे बाहर रखने का वादा किया था। कार्लसन ने कहा, मुझे न्यूयॉर्क में रैपिड और ब्लिट्ज स्पर्धा खेलने के लिए मनाने के लिए आपने (ड्वोरकोविच) 19 दिसंबर को मुझे लिखा था। इसमें मेरे पिता को भेजे संदेश में कहा गया था, बस आपको और मैग्नस को एक संदेश देना चाहता हूं कि मान्यता के मामले में फिडे और फ्रीस्टाइल के बीच जो भी हो, इससे खिलाड़ी प्रभावित नहीं होगें। खिलाडी अपना फैसला लेने के लिए स्वतंत्र होंगे और उनके खिलाफ कोई नकारात्मक कार्रवाई नहीं होगी। उन्होंने कहा, आपने उस दिन बाद में यह भी कहा था, अगर (फिडे) परिषद में मेरी बात को महत्व नहीं मिलेगा तो तो मैं पद छोड़ दूंगा। खिलाड़ियों को अस्वीकार्य छूट पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर करके आप अपने वादे से मुकर गए हैं। क्या आप इस्तीफा देंगे? कार्लसन के बयान पर अभी तक फिडे या ड्वोरकोविच से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पायी है। क्लासिक बाजियों वाले पांच दौर के फ्रीस्टाइल टूर का पहला चरण छह फरवरी से जर्मनी में शुरू होगा। इसके बाद पेरिस (अप्रैल), न्यूयॉर्क (जुलाई), नयी दिल्ली (सितंबर) और केप टाउन (दिसंबर) में टूनामेंट की योजना बनायी गयी है।

## करुणारत्ने 100वां टेस्ट मैच खेलने के बाद टेस्ट क्रिकेट से लेंगे संन्यास

**गाले।** श्रीलंकाई बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने इस सप्ताह आस्ट्रेलिया के खिलाफ गाले में अपना 100वां मैच खेलने के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे। करूणारत्ने का आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। 36 वर्षीय करुणारत्ने ने पिछले 14 महीनों में रन बनाने के लिए संघर्ष करते देखे गये है। वर्ष 2024 की शुरूआत से उनका औसत 27.05 रहा है। श्रीलंका आस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों में 0-1 से पीछे है। वह 100वां टेस्ट खेलने के साथ ही सनथ जयसूर्या, मुथैया मुरलीधरन, चमिंडा वास, महेला जयवर्धने, कुमार संगकारा और एंजेलो मैथ्यूज के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले सातवें श्रीलंकाई क्रिकेटर भी बन जाएंगे।

# वेदांता ईएसएल द्वारा आयोजित कुष्ठ-रोग निरोधक दिवस पर हुई मरीजों की जांच, दी गयी दवाइयां



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल लिमिटेड ने अपनी आरोग्य परियोजना के तहत निर्मल ग्राम अस्पताल परिसर में कुष्ठ रोग निरोधक दिवस का आयोजन किया। सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक समावेश के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मोबाइल हेल्थ वैन ने 50 कुष्ठ रोगियों की स्क्रीनिंग की और उनके उपचार और सुधार में मदद के लिए आवश्यक दवाइयां प्रदान कीं। मरीजों को पोषण किट के साथ-साथ स्वच्छता और हाइजीन किट भी दी गईं।

एक जानकारीपूर्ण सत्र मे कुष्ठ रोग अस्पताल के प्रभारी बसंत कुमार और समन्वयक एंथनी ने कुष्ठ रोग प्रबंधन पुनर्वास और सामाजिक कलंक को कम करने के तरीकों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। मौके पर ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि कुष्ठ रोग भारत में एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है।

वेदांता ईएसएल में हम एक स्वस्थ और समावेशी समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुष्ठ रोग के खिलाफ लड़ाई में एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें जागरूकता सामाजिक समावेश और स्वास्थ्य संवर्धन पर ध्यान केंद्रित किया जाए। समुदाय को प्रारंभिक पहचान उपचार और रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूक करना इस रोग के उन्मूलन और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के लिए सहानुभूति और समाज में उनके समावेश को बढ़ावा देने व भेदभाव और कलंक को समाप्त करने के लिए आवश्यक है।

# तिलकोत्सव पर बाबा भोलेनाथ को मिली अंगूठी व बर्तन





**अब शिवरात्रि की पूर्व संध्या तक माता पार्वती को नहीं चढ़ेगा सिंदूर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासुकीनाथ।** फौजदारी दरबार बाबा बासुकीनाथ के दरबार में बसंत पंचमी शुभअवसर पर सोमवार की देर रात्रि बाबा भोलेनाथ का तिलकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें बतौर यजमान मंदिर के सचिव सह एसडीओ कौशल कुमार, मंदिर प्रभारी सह जरमुंडी बीडीओ कुंदन भगत ने भाग लिया। सरकारी पुजारी डब्लू बाबा की अगुवाई में पुरोहित प्रेमशंकर झा ने तिलकोत्सव किया। वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुसार बाबा को सोने की अंगूठी, चांदी का बाजूबंद, पीताम्बरी वस्त्र, अंगोछा, कांसा एवं पीतल के बर्तन, विभिन्न प्रकार के फल, मिष्ठान, नेवैद्य समेत अन्य सामग्री चढ़ाई गई। वहीं माता पार्वती की भी भव्यतापूर्वक पूजा की गयी। इस मौके पर पुजारी डब्लू बाबा, सहायक पुजारी गणेश झा उर्फ बोंगा बाबा, सहायक प्रबंधक सुभाष राव, पुरोहित प्रेमशंकर झा, मोहित झा, सारंग बाबा, कुंदन झा, उज्ज्वल झा, आशीष बाबा, मन्दिरकर्मी शुभाष राव, मदन झा, ब्रजेश झा, रविन्द्र मोदी, मंदिर के विधिकर फुलेश्वर कुंवर, ज्योतिष कुंवर, फुलधरिया पिंकू राव, केशव राव, नरेश राव, मुन्ना राव समेत मंदिर के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## सालों पुरानी है बाबा के तिलकोत्सव की परंपरा

बासुकीनाथ मंदिर के पुजारी सदाशिव पंडा, डब्लू बाबा एवं पुरोहित प्रेमशंकर झा ने बताया कि बाबा बासुकीनाथ का तिलकोत्सव करने की परंपरा सैंकड़ों वर्षो से अनवरत चली आ रही है। पूर्व में जब मंदिर का संचालन हंडवा स्टेट द्वारा होता था, उस समय से ही इस परंपरा का अनवरत निर्वहन होता था। तिलकोत्सव से विवाहोत्सव उपरांत घूंघट की रस्म अदायगी तक के कार्यों में सबों की भूमिका तय

# हजारीबाग विवि की तर्ज पर हो मांगे पूरी, वापस लेंगे आंदोलन : महासंघ

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विवि मुख्यालय एवं अंगीभूत कॉलेज कर्मियों का 26 नवंबर से जारी हड़ताल जारी है। विवि प्रशासन एवं कर्मियों के बीच गतिरोध कायम है। इस बावत महासंघ ने कुलसचिव को आवेदन सर्मपित किया है। जिसमें महासंघ के महासचिव नेतलाल मिर्धा ने बताया कि सातवें वेतनमान एवं एसीपी-एमसीपी लागू करने को उच्च शिक्षा निदेशालय में पदस्थापित पदाधिकारियों की मंशा सवालिया निशान में है। उन्होंने हाल में बिनोवा भावे विवि के तर्ज पर आंतरिक श्रोत से एसीपी-एमसीपी का लाभ देने की विश्वविद्यालय प्रशासन की पहल पर आंदोलन समाप्त कर सकते है। इस बावत महासंघ ने एक बैठक भी आहूत की। जिसमें आंदोलन समाप्त करने की पहल करते हुए एक बंधय पत्र भी देने को लेकर सहमति बनी। उन्होंने बताया कि लगातार आंदोलरत होने एवं विवि प्रशासन की अनदेखी से कर्मी तीन माह के वेतन भुगतान नहीं होने से आर्थिक संकट झेलने को विवश है।

# बोकारो चैंबर ने साइबर जागरुकता अभियान को लेकर बनाई कार्य-योजना

>> गुरू गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस के निदेशक डॉ जरुहार ने साइबर जागरूकता अभियान में उसके उपयोग को रेखांकित किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा साइबर पुलिस बोकारो बैंकिंग संस्थान एवं डॉ राधाकृष्णन सहोदया काम्प्लेक्स के सहयोग से चलाये जाने वाले साइबर जागरूकता अभियान के आगे की कार्य-योजना के निमित्त गुरू गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस के निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरूहार की अध्यक्षता में कॉलेज कैंपस में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में निदेशक डॉ जरुहार ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए चैंबर के प्रयास एवं साइबर पुलिस के सहयोग की सराहना करते हुए साइबर क्राइम जैसे ज्वलंत विषय अपना एवं अपने संस्थान के भरपुर सहयोग की बात कही।

उन्होंने अपने कॉलेज कैंपस में साइबर क्राइम विषय पर हुए अखिल भारतीय विशेषज्ञ की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम के अनुभव को साझा करते हुए आगामी होने वाले साइबर जागरूकता अभियान में उसके उपयोग को रेखांकित किया। अभियान के संयोजक द्वय राजकुमार प्रिय एवं प्रशांत कुमार के द्वारा आगामी अभियान के रूपरेखा पर चर्चा की गई जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने अपने सुझाव दिए। तत्पश्चात निदेशक ने गुरू गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस के डॉ एपी वर्णवाल डॉ आरपी वर्मा रोहित प्रसाद वर्मा प्रमोद कुमार अपूर्वा सिन्हा एवं विधि सलाहकार पल्लवी प्रसाद विशेषज्ञ के रूप में तथा कॉलेज के अन्य तकनीकी विद्यार्थियों को भी इस अभियान के तहत जोड़ते हुए अभियान की सफलता की कामना की। बैठक में साईबर थाना- बोकारो के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार अवर निरीक्षक कृष्ण कुमार कुशवाहा की महत्वपूर्ण उपस्थिति के साथ साथ पीयूष जैन रौशनी ठाकुर अनिल कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### एएन कॉलेज प्रबंधन ने स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



**दुमका।** आदित्य नारायण कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई-4 के स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रमोद झा ने आयोजित विशेष शिविर एवं नियमित क्रियाकलापों में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ रवि उल इस्लाम, शिक्षकेतर कर्मी संगीता सोरेन, मुंशी हांसदा आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ झा ने बताया इस तरह के कार्यक्रम कॉलेज में आयोजित किए जाते हैं। जिसमें नियमित भाग लेने वाले छात्र-छात्रा हैं। उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाता है। जिसके आधार पर उन छात्र-छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिए या नियोजन में प्राथमिकता मिलती है। इससे छात्रों में अनुशासन, देशभक्ति की भावना जागृत होती है। एनएसएस में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को अनेक तरह के अवसर आते हैं। जिनके माध्यम से विश्वविद्यालय, राज्य स्तर से लेकर केंद्रीय स्तर तक के कार्यक्रमों एवं पुरस्कार जीतने एवं प्रमाण पत्र व प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार जीतने का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्राओं में रूबी कुमारी, मेरीनीला हांसदा, मंजु हांसदा, अस्मा प्रवीण, राजनंदनी, प्रियंका कुमारी, मेधा कुमारी, जुली कुमारी, आदिति प्रियदर्शनी, सोनम कुमारी, सोनामुनी मुर्मू, तरन्नुम बेगम, श्वेता कुमारी आदि उपस्थित थीं।

### फुसरो के गिफ्ट सेन्टर के मालिक का निधन



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पटेल नगर निवासी सह मेघदूत मार्केट स्थित गिफ्ट सेंटर के प्रोपराइटर 41 वर्षीय जिनेश टोलिया का हार्ट अटैक होने से निधन हो गया। लोगो ने केन्द्रीय अस्पताल ढ़ोरी लाया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। वे व्यवहार कुशल और मृदुभाषी थे। उक्त जानकारी हरिश दोशी ने दी। व्यवसाई जिनेश टोलिया के निधन पर16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय,बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश व कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह, सहित जीएसटी मनोज कुमार सिंह, फुसरो बाजार के व्यवसाई दिनेश कुमार सिंह, कृष्ण कुमार चांडक, मंजूर हुसैन उर्फ जिया, इलियास हुसैन, जावेद खान, मोहम्मद रियाज अंसारी, मोहम्मद रईस आलम, सुशांत राईका, अभय सिंह, भोला दिगार आदि ने शोक व्यक्त किया।

# गोड्डा : संगठन चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** भाजपा कार्यालय गोड्डा में मंगलवार को चुनाव पर्यवेक्षक पूर्व सांसद बृजमोहन राम, जिला चुनाव प्रभारी अभय कुमार सिंह और जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा के नेतृत्व भाजपा के संगठन पर्व के चुनाव के निमित कार्यशाला सम्पन्न हुई। सभी बूथ पंचायत और मंडल स्तर पर मंडल चुनाव अधिकारी और सह चुनाव अधिकारी का चयन किया गया। जिसमें चुनाव पारदर्शी तरीके से करवाने हेतु मंडल का चुनाव अधिकारी बनाया गया। प्रत्येक बूथों पर चुनाव कराया जाएगा जिसमें 11 सदस्यों की कमिटी होगी जिसमें 4 महिला सदस्य होगी इसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव कराया जाएगा और उसके बाद जिला अध्यक्ष के लिए चुनाव होगा जिसमें जिला कमिटी का गठन किया जाएगा। जो बाद में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में भागीदारी निभाने का कार्य करेगी। कार्यशाला में जिला सह चुनाव अधिकारी अजय साह अनीता सोरेन, जिला महामंत्री मुरारी चौबे, राजेश टेकरीवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश झा, दिलीप सिंह, उपाध्यक्ष लिलसी हेम्ब्रम, मंत्री डोली गुप्ता, सह मिडिया प्रभारी प्रितम गाडिया, श्रीकांत शाह,एवं सभी मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# बेरमो : कैंसर के प्रति जागरूकता को लेकर रैली का आयोजन

## कैंसर का जोखिम महिलाओं में अधिक होता है: डॉ सेलीना




खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। मंगलवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जनजागरूकता हेतु बोकारो जिला अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में रैली, स्क्रीनिंग कैम्प, समूह बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में डॉ सेलीना टूडू की अध्यक्षता में जागरूकता रैली सदर अस्पताल से गर्गा पुल तक के लिये रवाना किया गया। डॉ सेलीना टूडू द्वारा बताया गया कि कैंसर तेजी से बढती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। कैंसर के बढते खतरों को लेकर लोगों को जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। एनसीडी कोषांग द्वारा सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मुख कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाईकल कैंसर की जांच की जाती है। डॉ टूडू द्वारा बताया गया कि भारत ही नही दुनियाभर में महिलाये ब्रेस्ट और सर्वाईकल यानी बच्चेदानी के कैंसर का सामना कर रही हैं। मुहं का कैंसर महिला और पुरूष दोनों में होता है। इससे स्पष्ट है कि कैंसर का जोखिम महिलाओं में अधिक है इस लिये उन्हें अधिक सावधान रहना चाहिए। सरकार तीनों कैंसर के स्क्रीनिंग पर जोर दे रही हैं और इसकी सुविधा सभी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है। डॉ निकेत चौधरी एवं डॉ विकास कुमार दन्त चिकित्सक सदर अस्पताल बोकारो के द्वारा बताया गया कि सदर अस्पताल बोकारो में मुहं के कैंसर की स्क्रीनिंग सुविधा उपलब्ध है साथ ही सामुदाय स्तर पर कैंसर की जांच सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर की जा रही है साथ ही साथ तम्बाकू छोडने हेतु परामर्शी सेवा उपलब्ध कराई जा रही है अगर कोई व्यक्ति तम्बाकू छोडना चाहता है तो उसे छोडने हेतु दवा की उपलब्धता भी कराई जाती है। जांच के दौरान यदि कोई व्यक्ति सम्भावित कैंसर का मरीज मिलता है तो उसे उच्च स्वास्थ्य संस्थान में रेफर किया जाता है। साथ ही सभी आमजनमानस को अवगत कराया जा रहा है कि सदर अस्पताल में धुम्रपान/तम्बाकू की लत छुडवाने हेतु निकोटीन पैच की भी सुविधा उपलब्ध है आप सभी इसका सुविधा का लाभ अवश्य लें। कार्यक्रम में डॉ सेलिना टूडू जिला आरसीएच पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम समन्वयक एनएचएम, जिला कार्यक्रम कार्यक्रम सहायक आरती कुमारी मिश्रा एवं जिला परामर्शी मो असलम के साथ अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# वकीलों ने की मुख्यमंत्री से चंद्रपुरा, दुगदा जरीडीह को बोकारो कोर्ट से जोड़ने की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि के नेतृत्व में मुलाकात कर सर्वप्रथम उन्हें अधिवक्ता हित में लिए गए मेडिकल इंश्योरेंस और पेंशन स्कीम लागू करने के धन्यवाद दिया।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने आए दिन अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले से बचाव के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट विधानसभा से पास करवाने की मांग की तथा जनहित में चंद्रपुरा- दुगदा- जरीडीह को बोकारो कोर्ट के क्षेत्राधिकार में जोड़ने की मांग की।

मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को विधानसभा के पटल पर रखेंगे और जल्द लागू करवाने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक गांडेय विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन जेएमएम के बोकारो जिलाध्यक्ष हीरा लाल मांझी मंटू यादव मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता अतुल कुमार विनोद कुमार सिंह अमरदेव सिंह आदि शामिल थे।

# निर्माणाधीन पुल का पिलर धंसा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बन रहे पुल का स्तंभ ढलाई के तीन दिन के बाद ही धस जाने के मामले पर मंत्री योगेंद्र महतो ने जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने कहा कि बंदोंटांड़ गांव साढ़े तीन करोड़ की लागत से बन रहे पुल में उजागर होने के साथ ही मामले पर संज्ञान लेते हुए जांच की बात कही है। बताते चले की पुल के टूटने के साथ पुल के ढलाई के बाद इसका पुन निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कर रहे ठेका कंपनी के कर्मचारी का कहना है कि पुल का पाया धस गया था जिसके तोड़कर फिर से निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पुल के निर्माण होने से कई गांवों के लोगो को फायदा होगा जिसमे कसमार प्रखंड के फुटलाही, हसलता और आस पास के क्षेत्र के रहनेवाले लोगो को इसका फायदा होगा। जहां पहले नदी होकर पार होना पड़ता था। यह पुल मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत स्वीकृत है।

## एक नजर में

### दुमका : खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश

दुमका। समाहरणालय सभागार में खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे किया। बैठक में डीसी दोड्डे ने खाद्यान्न आपूर्ति, पीडीएस दुकानों से राशन वितरण, धान अधिप्राप्ति समेत अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। जिला आपूर्ति पदाधिकारी व संबंधित पदाधिकारी से लेते हुए निर्देश दिया कि पीडीएस दुकानों से लाभुकों को समय पर राशन वितरण सुनिश्चित करें। डीसी ने धान अधिप्राप्ति केंद्रों में धान की खरीद व किसानों के निबंधन से संबंधित कार्यों की बिंदुवार जानकारी लिया। उन्होंने धान अधिप्राप्ति लक्ष्य के अनुरूप त्वरित गति से संपन्न कराए जाने के लिए आपूर्ति पदाधिकारी को सतत निगरानी व अनुश्रवण करने निर्देश दिया। साथ ही जिले में संचालित सभी लैंप्स के कर्मी को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के निबंधित किसानों से संपर्क कर जागरुकता अभियान चलायें। उन्हें लैंप्स में ही धान आपूर्ति कराने के लिए प्रेरित करें। डीसी ने निर्देश दिया कि अपने विभाग से संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए प्रतिदिन लैंप्स में धान अधिप्राप्ति की न्यूनतम मात्रा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में एसी, डीएसओ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बेरमो : आरकेएमयू यूनियन का पीओ के साथ परिचयात्मक बैठक

बेरमो/कथारा। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों का सोमवार को कथारा वासरी के परियोजना पदाधिकारी के साथ परिचयात्मक बैठक किया गया। इस अवसर पर यूनियन के पदाधिकारीयो ने परियोजना पदाधिकारी वी मोहन बाबू का फूलों का गुलदस्ता दे कर स्वागत किया साथ ही यूनियन से संबंधित कई मुद्दों को रखा। परियोजना पदाधिकारी ने यूनियन को सकारात्मक निदान का आश्वासन दिया। वहीं यूनियन द्वारा उत्पादन व उत्पादकता में पोओ को सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी के अलावे राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, रंजय कुमार सिंह, दयाल वेदव्यास चौबे, कमलकांत सिंह, सुजीत मिश्रा, मनस कुमार सिन्हा, संजय सिंह, मो महमूद, संभु प्रसाद यादव, जगजीवन राम, बिनोद कुमार, राजू चौहान, नसीम अहमद, सुरेश महतो, पिंटू रॉय, धनंजय सिंह, उदय कुमार नाग, छत्रपाल प्रजापति, कुलदीप, उमेश कुमार सिंह सहित दर्जनों यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कसमार से 43 यात्रियों का जत्था महाकुंभ स्नान के लिये प्रयागराज रवाना

बोकारो। जिले के कसमार के बाजारटांड़ से 43 यात्रियों का जत्था महाकुंभ एवं निकटवर्ती तीर्थस्थलों के लिए रवाना हुआ। बस में सवार इन यात्रियों को शुभकामनाओं के साथ स्थानीय समाजसेवियों ने विदा किया। मौके पर समाजसेवी प्रकाश कुमार महतो ने कहा कि महाकुंभ का विशेष धार्मिक महत्व है। इस बार तीर्थराज प्रयागराज में लगा महाकुंभ अपने-आप में सनातन का महासमागम और आस्था का महोत्सव है। इसमें भाग लेना और संगम स्नान करना अत्यंत पुण्यदायक माना गया है। उन्होंने बताया कि कसमार से निकले उक्त सभी यात्री प्रयागराज के बाद बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी उसके उपरांत विंध्याचल तथा भगवान श्री राम की धरती अयोध्या होते हुए वापस बोकारो लौटेंगे। मौके पर प्रकाश के अलावा शेखर शरदेंदु सुजीत कुमार प्रजापति निरंजन ज्योति लाल महतो शीला देवी मीणा देवी भवानी शंकर महतो आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### बेरमो : मां सरस्वती की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

बेरमो/फुसरो। फुसरो शहर में मां शारदे की पूजा-अर्चना शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होने के बाद मंगलवार को कई सरकारी, गैरसरकारी विद्यालय, कोचिंग सेंटर व चौक-चौराहों में स्थापित प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विद्यालय के बच्चों और युवकों ने धूमधाम के साथ शोभा यात्रा निकाल कर स्थानीय दामोदर नदी और तालाबों में प्रतिमा का विसर्जन किया। इस दौरान युवकों ने मां सरस्वती के जयकारे लगा रहे थे। साथ ही विसर्जन के दौरान अबीर व गुलाल लगाकर विद्यालय के बच्चो ने होली भी खेली।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वसंत पंचमी के दिन अक्षरारंभ संस्कार संपन्न

बोकारो। स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9/डी में विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर विद्यालय एवं यहां के छात्रों के उत्तरोत्तर विकास हेतु कामना की। इस अवसर पर कल 51 बालकों का अक्षरारंभ संस्कार भी किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने बताया कि विद्या भारती योजना के तहत झारखंड के प्रत्येक विद्यालयों में आज के दिन माता सरस्वती के पूजन के उपरांत अक्षरारंभ संस्कार का आयोजन होता है जिसके तहत अपने विद्यालय में भी इस प्रकार का आयोजन किया गया। अक्षरारंभ की सारी व्यवस्था विद्यालय द्वारा नि:शुल्क की जाती है। उपस्थित अभिभावकों ने कहा कि आज के परिपेक्ष में इस प्रकार का आयोजन विलुप्ति के कगार पर है। विद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करना प्रशंसनीय है। कुल 51 बालकों को स्लेट और लेखनी देखकर ओम अक्षर एवं ईश्वर नाम को लिखाकर अक्षरारंभ संस्कार कराया गया। इस अवसर पर प्रांतीय प्रतिनिधि सिद्धेश नारायण दास संकुल संयोजक मार्कण्डेय पाण्डेय विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक आरएन बैठा उपाध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह कृष्णा राय कोषाध्यक्ष अजय कुमार तिवारी समिति सदस्य डॉक्टर रामनारायण सिंह सहित सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं अभिभावक वृंद उपस्थित रहे।

### चेक बाउंस के मामले के निपटारे के लिए विशेष मध्यस्थता केंद्र का आयोजन

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति स्वयं मध्यस्थता केंद्र पहुंचकर दो पक्षों के बीच स्पेशल चेक बाउंस से संबंधित लोक अदालत को लेकर समझौता कराने का कोशिश करते नजर आए। बताते चले की माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर मुकदमों का निष्पादन को लकर दोनों पक्षों के बीच में समझौता कराकर मामला का निष्पादन करने का प्रयास किया जाता है। जिसे लेकर न्यायालय से मुकदमा को मध्यस्थता केंद्र भेजा जाता है। जहां पर मध्यस्थ अधिवक्ता दोनो पक्ष को लेकर समझौता करने को लेकर दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास करते हैं और दोनों पक्षों के अधिवक्ता भी मौजूद रहते हैं। जिसे लेकर एक मामला जो समझौता के लिए मध्यस्थता केंद्र में है। उस मामले में मध्यस्थ अधिवक्ता के साथ एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति स्वयं मध्यस्थता केंद्र पर पहुंचे और मध्यस्थ अधिवक्ता विश्वनाथ के साथ वे भी समझाने का प्रयास किया। जिसमें सफलता मिली और आने वाले समय में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो जाएगा। इस अवसर पर मध्यस्थ अधिवक्ता तपन कुमार दे और सुभाष कटरियार, अधिवक्ता मो शबीर, मुरली मनोहर वर्धन, दीपक कुमार गुप्ता, कृष्णा रजक, उपासी कुमारी, वीणा देवी, अतिशय कुमार आदि उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### महाकुंभ का वैभव देख भूटान नरेश अभिभूत

सीएम योगी आदित्यनाथ और भूटान के राजा जिम्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने गंगा की जलधारा पर कलरव कर रहे साइबेरिया पक्षियों को अपने हाथों में पीले रंग की बास्केट में दाना रखकर चुगाया। संगम में स्नान-ध्यान के दोनों अक्षयवट का दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान मंदिर के नजदीक बने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र पहुंचकर महाकुम्भ के दिव्य-भव्य और डिजिटल स्वरूप का भी अवलोकन किया। भूटान नरेश का यह दौरा भारत-भूटान मित्रता एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यात्रा के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' और विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ के महंत जगद्गुरू संतोष दास (सतुआ बाबा) सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। भूटान नरेश सोमवार को ही लखनऊ पहुंचे थे। मंगलवार को उनके साथ सीएम योगी भी प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगायी।

### झारखंड की फल व सब्जियां अब जायेंगी विदेश

निसा के निदेशक के मानना है कि राज्य में किसान बड़ी मात्रा में सब्जी और फल का उत्पादन करते हैं, लेकिन उन्हें अपनी मेहनत का ज्यादा लाभ नहीं मिल पाता है। अगर हम झारखंड की सब्जियों और फलों का 10% भी निर्यात करने में सक्षम हो जायें, तो राज्य के सब्जी और फल उत्पादकों की आय दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी।

### तुष्टीकरण खत्म कर संतुष्टीकरण नीति बनायी

उन्होंने कहा कि संविधान की भावना है कि सबको बेहतर स्वास्थ्य मिले, स्वास्थ्य को लेकर दुनिया में चर्चा भी हो रही है। कुछ लोग अपने राजनीतिक लाभ के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में अडंगा डाल रहे। कुछ राजनीतिक दलों ने गरीबों के लिए अस्पताल के दरवाजे बंद कर रखे हैं इसका नुकसान कैंसर के मरीजों को उठाना पड़ रहा है। इस बजट में भी हमने कैंसर की दवाईयों को सस्ता करने का प्रावधान है। दो सौ डे केयर सेंटर बनाने का निर्णय लिया गया है जिसका मरीज के साथ साथ उनकी देखभाल करने वाले को भी लाभ मिलेगा।

स्पीड न्यूज

## ‘हेरी फेरी-3’ कास्ट मेरे बिना रहेगी अधूरी : तब्बू



**नयी दिल्ली।** फिल्म निर्माता एवं निर्देशक प्रियदर्शन की सुपरहिट हास्य फिल्म हेरा फेरी में अभिनय करने वाले मूल कलाकारों में शामिल अभिनेत्री तब्बू ने फिल्म के तीसरे संस्करण को लेकर सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों से कहा है कि उनके बिना हेरी फेरी-3 की कास्ट अधूरी रहेगी।
हेरा फेरी में तब्बू के सह-कलाकार अक्षय कुमार ने हाल में इंस्टाग्राम पर प्रियदर्शन को जन्मदिन की बधाई दी थी जिसके जवाब में फिल्म निर्माता ने कहा था कि वह हेरा फेरी 3 बनाने के लिए तैयार हैं। तब्बू ने इंस्टाग्राम पर कुमार के पोस्ट को सोमवार की रात फिर से साझा करते हुए लिखा कि बेशक, कास्ट मेरे बिना पूरी नहीं होगी।

## मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने सात संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किये हैं।
पुलिस ने मंगलवार को बताया कि कल मंत्रिपुखरी ठाकुरबारी, हीनगांग थाना के अतंर्गत पांच सक्रिय उग्रवादी संगठन के सदस्य गिरफ्तार किए गये तथा उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। एक और अन्य घटना में, थौबल जिले के यरीपोक थाना के अतंर्गत एक सक्रिय उग्रवादी संगठन के कैडर को गिरफ्तार किया गया।

## छत्तीसगढ़ के डीजीपी बने अरुण देव गौतम

**रायपुर।** अरुण देव गौतम छत्तीसगढ़ के नए डीजीपी बनाए गए हैं। मंगलवार को छत्तीसगढ़ गृह विभाग के जारी आदेश के मुताबिक विष्णुदेव सरकार में उन्हें छत्तीसगढ़ पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अधिकारियों के नाम दिल्ली यूपीएससी को भेजे गए थे। जिसके बाद उनके नाम का ऐलान किया गया है। छत्तीसगढ़ में वे 6 जिलों के एसपी और दो रेंज के आईजी भी रह चुके हैं। आईपीएस अरुण देव गौतम गृह सचिव के रूप में भी काम कर चुके हैं।

## कपड़ा मंत्रालय ने चार स्टार्ट-अप को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कपड़ा सचिव नीलम शमी राव ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत 10वीं अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति (ईपीसी) की बैठक में चार स्टार्ट-अप को मंजूरी दे दी। मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि स्वीकृत मेडिकल टेक्सटाइल्स, औद्योगिक टेक्सटाइल्स और सुरक्षात्मक टेक्सटाइल्स के प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। मंत्रालय ने बताया कि समिति ने सामान्य दिशा-निर्देशों के तहत तकनीकी वस्त्रों में पाठ्यक्रम आरंभ करने के लिए तीन शैक्षणिक संस्थानों को लगभग 6.5 करोड़ रुपये के अनुदान की भी मंजूरी दी।

## मनमोहन सिंह के स्मृति स्थल को प्लॉट आवंटित

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक स्थल बनाए जाने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के स्मृति स्थल के साथ लगते प्लॉट को आवंटित किया है। सूत्रों के मुताबिक इस संबंध में सरकार पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के जवाब का इंतजार कर रही है। सरकार ने स्मृति स्थल के लिए 25 लाख रुपये भी आवंटन किये हैं। आवास मंत्रालय ने मनमोहन सिंह के परिवार को इस निर्णय से अवगत कराया और उनसे अनुरोध किया कि वह एक ट्रस्ट तैयार करें।

# दिल्ली में विधानसभा चुनाव आज, तैयारी पूरी

### 70 सीटों पर सुबह सात बजे से शुरू होगा मतदान

एजेंसी





**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की 70 सीटों पर बुधवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो जाएगा। मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से बनाए रखने के सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं और आज दोपहर से सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के कर्मचारी ड्यूटी के लिए रवाना हो चुके हैं। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी मतदाता सूचना पर्ची सौंपी। श्री वाज के साथ नयी दिल्ली जिला निर्वाचन अधिकारी सनी कुमार सिंह और बूथ लेवल अधिकारी सुरेश गिरी थे। उन्होंने राष्ट्रपति को चुनाव आयोग के मतदाता जागरूकता और सुविधा प्रयासों के बारे में जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। आयोग ने विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से मतदान केंद्रों तक पहुंचने की अपील की है।

दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटों पर कल सुबह से मतदान शुरू होगा और चुनाव नतीजे आठ फरवरी को घोषित किये जायेंगे। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर 699 प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यतः तीन प्रमुख दलों- सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप), विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पार्टी ने एक दूसरे के खिलाफ तीखे हमले किए। तीनों पार्टियों के बीच दिल्ली के मतदाताओं को लुभाने के लिए लोक-लुभावन चुनावी वायदे करने की होड़ देखी गयी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, कल सुबह सात बजे से राष्ट्रीय राजधानी के सभी 70 सीटों पर मतदान के लिए कुल 1.56 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 83,76,173 पुरुष, 72,36,560 महिला और 1,267 उभयलिंगी मतदाता शामिल हैं। इस बार लिंग अनुपात 864 और ईपी रेशिया (इलेक्टर टू पॉपुलेशन रेशियो) 71.86 दर्ज किया गया है, जिससे स्पष्ट है कि महिलाओं की भागीदारी भी मजबूत होगी।

इस बार युवा और वरिष्ठ नागरिकों की अच्छी-खासी भागीदारी देखी जा रही है। कल के मतदान में 18-19 वर्ष के 2,39,905 युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे, जो कि युवाओं की लोकतंत्र में बढ़ती रुचि को दशार्ता है। वहीं 85 वर्ष से अधिक उम्र के 1,09,368 वरिष्ठ नागरिक और 100 वर्ष से अधिक उम्र के 783 मतदाता भी लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएंगे। इसके अतिरिक्त 79,885 दिव्यांग मतदाता और 12,736 सेवा मतदाता भी सूची में शामिल हैं। दिल्ली में इस बार कुल 13,766 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पूरी दिल्ली में 2,696 मतदान स्थल तय किए गए हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कुल 97,955 कर्मचारी और 8,715 स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। मतदान के दिन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 220 कंपनियां, होमगार्ड के 19,000 जवान और दिल्ली पुलिस के 35,626 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, ताकि मतदान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में हो सके।

# ट्रंप ने टैरिफ को 30 दिनों के लिए टाला

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** मैक्सिको के बाद अमेरिका ने कनाडा पर भी टैरिफ लगाने के फैसले को 30 दिनों के लिए टाल दिया है। यह निर्णय तब लिया गया जब दोनों देशों ने सीमा सुरक्षा को और मजबूत करने पर सहमति जताई। ट्रंप ने दो दिनों पहले मैक्सिको और कनाडा पर 25-25 फीसदी और चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इस फैसले के करीब 24 घंटे बाद ही ट्रम्प ने मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम से बातचीत के बाद टैरिफ को एक महीने के लिए टालने पर सहमति जता दी। चीन से आयात पर लगाए गए टैरिफ फिलहाल जारी रहेंगे। ट्रंप ने कहा है कि कनाडा सीमा के जरिये अमेरिका में आने वाली फेंटानिल जैसी अवैध ड्रग्स रोकने के लिए कदम उठाने के बाद टैरिफ 30 दिनों तक रोकने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने ट्रम्प से फोन पर बातचीत के दौरान फेंटेनाइल की तस्करी रोकने के लिए विशेष जांच दल नियुक्त करने का वादा किया।

# गुजरात में भी लागू होगा यूसीसी : पटेल

एजेंसी

**गांधीनगर।** उत्तराखंड के बाद गुजरात में भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। इस समिति को 45 दिनों में अपनी रिपोर्ट सरकार को पेश करनी होगी। उत्तराखंड के बाद गुजरात समान नागरिक संहिता लागू करने की पहल करने वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में रहने वाले सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और विशेषाधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। गुजरात में समान नागरिक संहिता की आवश्यकता की जांच करने और कानून का मसौदा तैयार करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति के

**▶▶ सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित**



सदस्यों में वरिष्ठ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सी.एल. मीना, एडवोकेट आर.सी. कोडेकर, पूर्व कुलपति दक्षेस ठाकर, सामाजिक कार्यकर्ता गीताबेन श्रॉफ को रखा गया है। राज्य में समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने की योजना के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है, ऐसे में प्रधानमंत्री ने देशभर में समान नागरिक संहिता लागू करने का निर्णय लिया है। देश के सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करना है।

# शेयर बाजार में तूफानी तेजी

## सेंसेक्स 1397 अंक उछलकर 78,583 पर पहुंचा

### निवेशकों ने 5.45 लाख करोड़ कमाया

**▶▶ निफ्टी 378 अंक तेजी के साथ 23739 पर हुआ बंद**

एजेंसी



**मुंबई।** अमरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ लगाने के लिर्णय को अगले तीस दिनों तक टालने के निर्णय से एशियाई बाजारों में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंलगवार को शेयर बाजार करीब दो प्रतिशत तक उछल गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1397.07 अंक अर्थात 1.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब चार सप्ताह बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78,583.81 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 378.20 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,739.25 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आई मजबूती से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने छह लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 425.24 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 419.54 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.70 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.35 प्रतिशत उछलकर 43,075.22 अंक और स्मॉलकैप 1.20 प्रतिशत मजबूत होकर 49,801.07 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4073 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2509 में लिवाली जबकि 1410 में बिकवाली हुई वहीं 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2899 कंपनियों के शेयरों में से 1951 में तेजी जबकि 863 में गिरावट रही वहीं 85 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में एफएमसीजी की 0.13 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 में तेजी रही।

इससे कैपिटल गुड्स 3.42, कमोडिटीज 1.63, सीडी 0.37, ऊर्जा 2.50, वित्तीय सेवाएं 2.00, हेल्थकेयर 1.59, इंडस्ट्रियल्स 2.59, आईटी 1.36, दूरसंचार 0.88, यूटिलिटीज 1.95, ऑटो 0.97, बैंकिंग 2.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.94, धातु 1.63, तेल एवं गैस 2.40, पावर 2.31, रियल्टी 0.35, टेक 1.29, सर्विसेज 1.11 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.34 प्रतिशत चढ़ गए। विदेशी बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.72 और हांगकांग का हैंगसेंग 2.83 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं ब्रिटेन का एफटीएसई 0.21, जर्मनी का डैक्स 0.10 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.06 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स 501 अंक की तेजी के साथ 77,687.60 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 77,402.37 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। लिवाली से कारोबार के अंतिम चरण में 78,658.59 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 77,186.74 अंक के मुकाबले 1.81 प्रतिशत की तेजी लेकर 78,583.81 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी भी अंत में 23,361.05 अंक की तुलना में 1.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,739.25 अंक पर बंद हुआ।



नयी दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलते रॉयल भूटान आर्मी के लेफ्टिनेंट जनरल बाटू शेरिंग।

## निशिकांत दुबे ने राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का दिया नोटिस

**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के सोमवार को दिए बयान पर विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। निशिकांत दुबे ने पत्र में दावा किया है कि राहुल गांधी ने बिना प्रमाण दिए गंभीर आरोप लगाए हैं। दुबे ने कहा कि राहुल ने देश में मोबाइल निर्माण की स्थिति और चीन के भारतीय सीमा को कब्जाने जैसी गलत बयानी की है। उनका बयान न केवल ऐतिहासिक तौर पर तथ्यों को विकृत करता है बल्कि देश का उपहास करने और लोकतंत्र की प्रतिष्ठा कम करने वाला है।

## गुजरात में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट आइपीएस चुडासमा ने दिया इस्तीफा

**गांधीनगर।** गुजरात पुलिस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के तौर पर मशहूर अभय चूडासमा ने अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। वर्तमान में गुजरात पुलिस में अतिरिक्त डीजीपी के पद पर कार्यरत हैं। वेइसी वर्ष अक्टूबर में सेवानिवृत्त होने वाले थे। आईपीएस चुडासमा मूलरूप से भावनगर, गुजरात के रहने वाले हैं। उन्होंने 3 जनवरी को सुबह 10 बजे पुलिस प्रमुख को अपना इस्तीफा सौंप दिया। वह वर्तमान में गुजरात पुलिस में अतिरिक्त डीजीपी के पद पर कार्यरत हैं। अभय चुडासमा को गुजरात पुलिस का सुपर कॉप कहा



जाता है और वे गुजरात पुलिस के कई महत्वपूर्ण मामलों में शामिल रहे हैं। उन्होंने अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस सहित कई अन्य महत्वपूर्ण मामले सुलझाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। वह काफी समय से साइट पोस्टिंग पर कार्यरत थे। उनके अचानक इस्तीफे ने सभी अटकलों पर विराम लग गया है।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना अनुभव के लिए : सीतामरण

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि पिछले साल घोषित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजनाका उद्देश्य नौकरियां प्रदान करना नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं को नौकरी के लिए तैयार करने और उन्हें कौशल प्रदान करना था।उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप या एक्सपोजर प्राप्त करने की अनुमति देना चाहती है। इसके बाद वे नौकरी की तलाश में बेहतर स्थिति में होंगे। वित्त मंत्री ने राज्य सभा में बताया कि पिछले साल शुरू हुई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट के तहत उद्योगों ने 1.27 लाख अवसर प्रदान किए हैं।

# प्रगति यात्रा के 20 हजार करोड़ की योजनाओं को मंजूरी

## सरकारी दफ्तरों में बड़े पैमाने पर होगी बहाली : नीतीश

**▶▶ बिहार : कैबिनट की बैठक में 136 प्रस्तावों को मंजूरी**
**▶▶ सोनपुर हरिहरनाथ मंदिर में काशी विश्वनाथ की तर्ज पर बनेगा कॉरिडोर**

पटना। मुंगेर के लिए प्रस्तावित प्रगति यात्रा पर निकलने से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक हुई। जिसमें 136 प्रस्तावों पर मुहर लगी। जिसमें दूसरे और तीसरे चरण की प्रगति यात्रा के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने जो घोषणाएं की थी, उनको स्वीकृति दी गई है। जिनका बजट 20 हजार करोड़ का है। इससे पहले 10 जनवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में 55 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई थी। इसमें 21 प्रस्ताव केवल सीएम नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा से संबंधित थे। जो करीब तीन हजार करोड़ रुपये के थे। हरिहरनाथ मंदिर कॉरिडोर बनाया जाएगा। राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल निदेशालय का गठन होगा। साथ ही बिहार में सीपेक टाकरा विश्व कप (किक वॉलीबॉल) के आयोजन को भी मंजूरी दी गई है।कैबिनेट की बैठक में प्रगति यात्रा से जुड़ी 20 हजार करोड़ की 82 योजनाओं को मंजूरी दी गई है। जिसमें पथ निर्माण विभाग के 41 और जल संसाधन विभाग के 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। दरभंगा और पूर्णिया बस स्टैंड के निर्माण को मंजूरी मिली है। मधेपुरा के सिंघेश्वर स्थान मंदिर के विकास पर 90 करोड़ 27 लाख रुपये खर्च किए जाने और कुशेश्वर स्थान के विकास के लिए 44 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। काशी विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर हरिहरनाथ मंदिर के विकास को भी मंजूरी मिली है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि सरकारी दफ्तरों में बड़े पैमाने पर बहाली की तैयारी चल रही है। विभागों में रिक्त पड़े पदों को चिह्नित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद कक्ष में 6837 नवनियुक्त कनीय अभियंताओं और अनुदेशकों के नियुक्ति पत्र वितरण





6341 कनीय अभियंताओं व 496 अनुदेशकों की नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

समारोह में उन्होंने यह बात कही। कुल 6341 कनीय अभियंताओ तथा श्रम संसाधन विभाग के अधीन 496 अनुदेशकों की नियुक्ति हुई है। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 10 नवनियुक्त कनीय अभियंताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि वह सभी नवनियुक्त लोगों से यही अपेक्षा करेंगे कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पुनः बिहार के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं। वहां कि समस्याओं और जरूरतों से अवगत हो रहे। जिन समस्याओं और जरूरतों की जानकारी मिल रही उनका यथाशीघ्र निराकरण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 के पहले बिहार की स्थिति काफी दयनीय थी। इससे सभी भली-भांति अवगत हैं। हमलोग आरंभ से बिहार को आगे बढ़ाने में लगे हैं। केंद्र सरकार का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।